e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 131

सुविचार
बीते हुए कल की बातें याद करके, आज का दिन बर्बाद न करें।

# प्रभात मंत्र

मंगलवार
14.05.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

## क्विक न्यूज

### आंधी-तूफान के साथ बारिश बनी आफत, 3 लोगों की मौत

**मुंबई :** मौसम विभाग की तरफ से मुंबई में आज आंधी-तूफान और बारिश का अलर्ट जारी किया गया था. ताजा अपडेट के अनुसार, होर्डिंग के नीचे दबने से 3 लोगों की मौत हो गई है और 59 लोग घायल हो गए हैं.मुंबई पुलिस ने बताया कि अचानक आई इस आंधी की वजह से मेटल का बोर्ड घाटकोपर की समता कॉलोनी के रेलवे पेट्रोल पंप पर आकर गिर गया, जिसके नीचे दबकर पहले 37 लोगों के घायल होने की जानकारी मिली थी. लेकिन ताजा अपडेट के अनुसार, इस होर्डिंग के नीचे दबकर घायल होने वालों की संख्या बढ़कर 59 हो गई है. और 3 लोगों की मौत हो गई है. मुंबई फायर ब्रिगेड की तरफ से फंसे हुए लोगों को बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है.

### चलती हुई बुलेट का फ्यूल टैंक फटा, हैदराबाद में 10 लोग जख्मी

**हैदराबाद:** तेलंगाना के हैदराबाद में एक चलती बुलट में विस्फोट होने से बड़ा हादसा हो गया. घटना में कई लोगों के घायल होने की खबर है. हैदराबाद भवानीनगर पुलिस स्टेशन इलाके में वोल्टा होटल के पास एक चलती हुई बुलेट बाइक में विस्फोट हो गया, जिसके बाद बड़ा हादसा हो गया. अकबर फंक्शन हॉल के पास बुलेट बाइक का ईंधन टैंक फटने के बाद विस्फोट हो गया और इस दौरान कथित तौर पर दस लोग झुलस गए. हादसे में घायल लोगों को इलाज के लिए प्रिंसेस एसरा हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया. रोड पर बाइक में विस्फोट के बाद हुए हादसे की जानकारी जैसे ही पुलिस को मिली, मौके पर पुलिसकर्मी पहुंचे. इसके अलावा दमकल गाड़ियां भी हादसे की जगह पहुंचीं और ऑपरेशन शुरू किया गया.

### पीएम मोदी का नामांकन आज, कई राज्यों के सीएम होंगे शामिल

**वाराणसी :** पीएम मोदी वाराणसी लोकसभा सीट से मंगलवार को नामांकन दाखिल करेंगे। इससे पहले मंगलवार की सुबह को वह काशी के कोतवाल काल भैरव से अनुमति लेंगे।प्रधानमंत्री के नामांकन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत भाजपा शासित और गठबंधन वाले 12 राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। इसके अलावा अन्य केंद्रीय मंत्री और भाजपा के पदाधिकारियों की भी मौजूदगी रहेगी। नामांकन के पहले सुबह करीब 9 बजे पीएम मोदी दशाश्वमेध घाट पर मां गंगा को नमन कर सकते हैं। उनका क्रूज से नमो घाट तक जाना भी प्रस्तावित है। यहां से प्रधानमंत्री काल भैरव मंदिर जाएंगे और फिर वहां से नामांकन करने कलेक्ट्रेट जाएंगे। नामांकन के बाद रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में पीएम मोदी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक भी करेंगे। पीएम पुष्य नक्षत्र में करेंगे नामांकन। इससे पहले सोमवार को पीएम मोदी का वाराणसी में रोड शो किया।

### पलामू के छतरपुर में भिड़े राजद और भाजपा कार्यकर्ता

**मेदिनीनगर :** जिला में छतरपुर थाना क्षेत्र के मुनकेरी के रामसुदवा मतदान केंद्र पर झड़प हुई. यहां पर भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए. दोनों तरफ से काफी देर तक हंगामा हुआ और पत्थरबाजी हुई. इस हंगामे की जानकारी मिलने के बाद छतरपुर थाना की क्यूआरटी टीम मौके पर पहुंची और मामले को शांत करवाया. पोलिंग बूथ पर हंगामा शांत होने के बाद शांतिपूर्ण तरीके से मतदान का कार्य शुरू किया गया. इस घटना के बाद पुलिस की टीम मौके पर कैंप करती रही और मतदान की प्रक्रिया पर नजर रखी.

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 34° |
| न्युनतम | 22° |

लातेहार : कांग्रेस-जेएमएम के दिग्गजों ने चतरा से त्रिपाठी को विजयी बनाने के लिए भरी हुंकार

# मोदी ने एक भी वादा पूरा नहीं किया : खड़गे

**संजय प्रजापति@प्रभात मंत्र**

**लातेहार :** लातेहार के ग्राम कुंदरी में सोमवार को महागठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी को भारी मतों से विजयी बनाने को लेकर जनसभा आयोजित की गई। श्री त्रिपाठी के पक्ष में वोट मांगने के लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राज्य के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने लातेहार के कुंदरी में सभा को संबोधित किया और महागठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में वोट करने की अपील की। इस अवसर पर श्री खड़गे ने भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश में जिस तरीके से बेरोजगारी और महंगाई बढ़ रहा है उससे आम जनता को काफी परेशान हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लोगों से कहा कि हम 20 करोड़ लोगों को नौकरियां देंगे लेकिन अब उसके बारे में वह कुछ नहीं बोलते।

महंगाई की बात करें तो उस पर भी पीएम मोदी चुप रहते हैं। जो उन्होंने जनता से 10 साल में वादे किए थे वह आज तक पूरा नहीं हुआ। आज देश के किसानों से लेकर युवाओं और महिला तक सब परेशान हैं। अब प्रधानमंत्री मोदी चुनाव में परेशान हो रहे हैं। वह अपनी दस साल के सरकार के उपलब्धियों के बारे में नहीं बता रहे हैं। केवल हिंदू मुस्लिम करके वोट बटोरना चाहते हैं।



### एनडीए गठबंधन का झारखंड में खाता तक नहीं खुलेगा : कल्पना

सभा को संबोधित करते हुए राज्य के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सरकार में रहते हुए विपक्ष को परेशान करने का कार्य किया है और कुछ नहीं किए हैं। वे केन्द्रीय जांच एजेंसियों का इस्तेमाल करके विपक्ष के नेताओं को परेशान करते रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की जनता से विकास के नाम पर वोट नहीं मांग रहे हैं। उन्होंने 10 साल के कार्यकाल में क्या किया है। उन्हें जनता को बतानी चाहिए। आगे कल्पना सोरेने ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी कॉन्ट्रैक्ट पर नौकरियां देकर देश के युवाओं से काम कराना चाहते हैं। यह केवल बड़े लोगों को खुश करने में लगे हैं। लेकिन उन्होंने युवाओं और महिलाओं के लिए कुछ भी नहीं किया। कहा कि चतरा की जनता से अपील करना चाहती हूं की इंडिया गठबंधन एक साथ चुनाव लड़ रहा है। जनता हमारे साथ है और पूरे देश में हम लोग एक साथ लड़ रहे हैं। एनडीए गठबंधन को झारखंड में एक भी सीट नहीं यानी खाता भी नहीं खुलेगा।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

मौके पर महागठबंधन प्रत्याशी केएन त्रिपाठी, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व मंत्री बंधू तिर्की, स्थानीय विधायक बैधनाथ राम, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुनेश्वर उरांव ,झामुमो जिलाध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ,राजद जिलाध्यक्ष राम प्रवेश यादव, आफताब आलम, कांग्रेस मीडिया प्रभारी सह प्रदेश प्रतिनिधि पंकज तिवारी, युवा नेता अंकित पाण्डेय समेत इंडिया गठबंधन के पदाधिकारी कार्यकर्ता समेत भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## सीबीएसई बोर्ड के नतीजों में त्रिवेंद्रम सबसे आगे

**नई दिल्ली :** सीबीएसई बोर्ड ने बहुप्रतीक्षित कक्षा 10वीं और 12वीं के नतीजे घोषित कर दिए। इस बार कक्षा 12वीं में 87.98त्न बच्चे पास हुए हैं। 12वीं में लड़कों के मुकाबले 6.40 फीसदी ज्यादा लड़कियां पास हुई हैं। देश भर में त्रिवेंद्रम सबसे आगे है। सीबीएसई बोर्ड कक्षा 12वीं की अंतिम परीक्षा में 1,16,145 छात्रों ने 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक हासिल किए हैं, जो उत्तीर्ण हुए कुल छात्रों का 7.16 प्रतिशत है। प्रधानमंत्री मोदी ने सीबीएसई बोर्ड कक्षा 12वीं के उत्तीर्ण छात्रों को बधाई दी है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, ÷प्रिय एग्जाम वॉरियर्स आप सभी को बधाई, जिन्होंने सीबीएसई बारहवीं कक्षा की परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की है! मुझे आपकी उपलब्धि और आपके अथक समर्पण पर बेहद गर्व है। मैं आपके समर्थक परिवारों और समर्पित शिक्षकों के प्रयासों को भी स्वीकार करता हूं, जिनका अटूट समर्थन इस सफलता के लिए महत्वपूर्ण रहा है। आगे के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।सीबीएसई 10वीं बोर्ड की परीक्षा में 93.60 फीसदी छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए हैं। परीक्षा में 93.60 फीसदी छात्र और 94.75 फीसदी छात्राएं उत्तीर्ण हुई है। छात्रों की तुलना में 2.04 फीसदी अधिक छात्राएं उत्तीर्ण हुई हैं।सीबीएसई 10वीं कक्षा का परिणाम साल 2023 के मुकाबले 0.48 फीसदी बेहतर रहा है। पिछले साल 10वीं बोर्ड का पास प्रतिशत 93.12 फीसदी रहा था, जो इस साल बढ़कर 93.60 फीसदी रहा है। इस साल सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षाओं में 39 लाख छात्रों ने भाग लिया है।

# सिंहभूम में सबसे ज्यादा 66 प्रतिशत हुआ मतदान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि झारखंड में चौथे चरण के लिए हुए चार संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान शांतिपूर्ण रहा। इस दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के 6 मामले दर्ज हुए।

वहीं मामूली झड़प के दो मामले भी दर्ज हुए हैं। वहीं पूरे राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के 57 मामले दर्ज किये गये हैं।

उन्होंने बताया कि चार संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में शाम पांच बजे तक अनुमानित वोटर टर्नआउट 63.14 प्रतिशत रहा है। उसमें सिंहभूम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में वोटर टर्नआउट सर्वाधिक 66.11 रहा। वहीं खूंटी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 65.82 प्रतिशत, लोहरदगा में 62.60 और सबसे कम वोटर टर्नआउट पलामू में 59.99 प्रतिशत रहा।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि पांचवे चरण के चुनाव के लिए अब तक कुल 36 उम्मीदवारों ने नामांकन का पर्चा भरा है। उसमें राजमहल (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से सोमवार को 5 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इस निर्वाचन क्षेत्र से अब कुल 10 प्रत्याशी हो गये हैं। वहीं दुमका (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से सोमवार को 7 नये नामांकन हुए। यहां भी अब तक कुल 10 लोग नामांकन कर चुके हैं। जबकि, गोड्डा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से सोमवार को 6 लोगों ने नामांकन किया। यहां अब तक कुल 16 लोगों ने नामांकन का पर्चा दाखिल कर चुके हैं।

# हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी को सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती, 17 को सुनवाई



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। कोर्ट ने सोरेन की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए ईडी को नोटिस जारी किया है। जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने याचिका पर अगली सुनवाई 17 मई को करने का आदेश दिया। सुनवाई की शुरुआत में सुप्रीम कोर्ट ने 20 मई से शुरू होने वाले हफ्ते में आगे सुनवाई की बात कही लेकिन सोरेन की ओर से कपिल सिब्बल ने इसका पुरजोर विरोध किया। सिब्बल ने कहा कि अगर सुनवाई में देरी होती है तो तब तक चुनाव ही खत्म हो चुके होंगे। तब सुनवाई का कोई औचित्य नहीं बनता। केजरीवाल को मिली राहत यहां भी लागू होती है। सिब्बल के बार-बार अनुरोध पर कोर्ट ने सुनवाई की तारीख 17 मई तय कर दी। हेमंत सोरेन ने इस केस में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने के साथ-साथ लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम ज़मानत की मांग भी की है। फिलहाल सोरेन न्यायिक हिरासत में हैं। ईडी ने 31 जनवरी को भूमि घोटाला मामले में पूछताछ के बाद हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया था।

### रांची ईडी कोर्ट ने हेमंत सोरेन की जमानत याचिका खारिज की

**रांची :** ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन ने जमीन घोटाला मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका सोमवार को खारिज कर दी। इससे पहले चार मई को सुनवाई के दौरान हेमंत सोरेन और ईडी की ओर से लगभग एक घंटे से ज्यादा समय तक हुई बहस के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था।

बहस के दौरान बचाव पक्ष ने हेमंत सोरेन को जमानत देने के लिए दलीलें पेश की जबकि ईडी ने उनकी दलीलों का पुरजोर विरोध किया था। जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिवक्ता के माध्यम से 15 अप्रैल को जमानत याचिका दाखिल की थी।

# धर्म के आधार पर किसी को आरक्षण नहीं देने देंगे : पीएम मोदी

**एजेंसी**

**पटना :** पीएम मोदी ने बिहार के मुजफ्फरनगर में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बिहार में भी जंगलराज वाली पार्टी चारों खाने चित होने जा रही है। मैं देश में जहां-जहां गया, बिहार में गया, एक ही आवाज आ रही है, एक ही स्वर सुनाई दे रहा है, फिर एक बार मोदी सरकार। पीएम मोदी ने कहा,मोदी किसी को धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं देने देगा। ये मोदी की गारंटी है। कहा कि 10 साल पहले महंगाई की स्थिति क्या थी? तब एक ही गाना चलता था महंगाई डायन खाये जात है। तब महीने की 20 हजार रुपये की आमदनी पर कांग्रेस सरकार कहती थी, टैक्स दो। आज मोदी ने ऐसा सुधार किया है कि 50-60 हजार रुपये तक की आय पर आपको एक नया पैसा नहीं देना होगा। सारण में उन्होंने कहा कि यह चुनाव विकसित भारत के संकल्प का चुनाव है। आज दुनिया में भारत की साख भी है और धाक भी है।उन्होंने कहा,एनडीए को दिया आपका वोट केंद्र में मोदी की मजबूत सरकार बनाएगा. आरजेडी कांग्रेस या इंडी अलायंस को दिया गया वोट तो वैसे भी बेकार हो जाएगा. इसलिए अपना वोट सरकार बनाने के लिए दीजिए, देश बनाने के लिए दीजिए,आपके बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए दीजिए. पीएम मोदी ने कहा,मोदी ने आपका डबल मुनाफा करने वाली एक और योजना बनाई है. इस योजना से आपकी बिजली का बिल जीरो हो जाएगा. इस योजना का नाम है- पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना। इसके तहत छत पर सोलर पैनल लगाने के लिए सरकार आपको 75 हजार रुपया देगी, जितनी बिजली चाहिए,आप इस्तेमाल करो, बची हुई बिजली सरकार को बेच दो, यानी बिजली का बिल जीरो और साथ में आमदनी भी.

असर्फी हॉस्पीटल,धनबाद
हर साल सिर्फ एक बार जाँच । रोग नहीं, रोकथाम जरूरी।।
Basic Health Check-up ₹999 Onwards 33 Tests
Master Health Check-up ₹2999 Onwards 57 Tests
Cardiac Care Package ₹4999 Onwards 61 Tests
Full Body Health Check-up ₹9999 Onwards 84 Tests
78083 68888 | www.asarfihospital.com



संक्षिप्त खबरें

## हुसैनाबाद में कई बूथों पर मतदाता का सूची से नाम गायब

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** देश भर 18 वी लोकसभा चुनाव में पलामू जिला निर्वाचन अधिकारीयों का लापरवाही का मामला सामने आया है। हुसैनाबाद शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में दर्जनों बूथों पर मतदाता सूची में कई मतदाताओं का नाम ही गायब है, जिससे काफ़ी मात्रा में वोटर अपने मत का प्रयोग करने से बंचित रह गए और मायूस होकर लौट आये, हुसैनाबाद शहर के मतदान संख्या 136 118, 119, 125, 124, 123 208 सहित अन्य मतदान केंद्रों पर कई मतदाताओ सीओ सह निर्वाचन निबन्धन पदाधिकारी से इसकी शिकायत किया लेकिन बैकल्पिक व्यवस्था नही होने के कारण अन्ततः मतदाता को अपने मत का प्रयोग करने से बंचित होना पड़ा, दूसरे तरफ मतदाताओं का आरोप हैं कि निर्वाचन आयोग द्वारा विगत कई महीनों से मतदाता प्रविष्ट को सुधारने का कार्य किया गया।

# डीसी ने किया मतदान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू लोकसभा निर्वाचन के लिये सोमवार को मतदान जारी है।इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने अपनी धर्मपत्नी श्रेया श्रुति संग पलामू क्लब स्थित बूथ संख्या 205 पर मतदान किया।इसी क्रम में जिले के उप विकास आयुक्त रवि आनंद व मेदिनीनगर नगर निगम आयुक्त जावेद हुसैन ने बूथ संख्या 204 सामुदयिक भवन में जाकर अपना मतदान किया। इसी तरह बूथ नो-189 ब्राह्मण उच्च विद्यालय, मेदिनीनगर में सहायक समाहर्ता सह सहायक दंडाधिकारी रवि कुमार ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सभी पदाधिकारियों ने एक सुर में सभी से आज सब काम छोड़कर मतदान करने की अपील की।

## हुसैनाबाद चिलचिलाती धूप में खड़े रहे मतदाता टेंट की व्यवस्था नही होने से हुए नाराज



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** लोकसभा के चौथे चरण व झारखण्ड में प्रथम चरण के चुनावों ही जनता के लिए किए गए व्यवस्था की पोल खुलती हुई नजर आई, हुसैनाबाद शहर के कई बूथों पर तो विधिवत टेंट और छाया की व्यवस्था की गई थी लेकिन शहर मतदान केंद्र संख्या 124 निबंधन कार्यालय हुसैनाबाद के बूथों पर मतदाताओं को लाम्बी कतार दिखी लेकिन सबसे दिलचस्प नजारा यह था की इस चिलचिलाती धूप में मतदाताओं को घण्टो लाईन में खड़ा होना पड़ा लोग गमछा व अन्य अपने वस्त्र से छाया की व्यवस्था किया कई मरीज व बुजुर्ग व्यक्ति भी लाइन में घण्टो खड़ा रहे जनता की नाराजगी और हंगामा के नजाकत देखकर अंचलाधिकारी सह निबन्धन पदाधिकारी व अन्य अधिकारियों ने आनन फानन में टेंट के लिए सक्रिय हुए लेकिन महिलाओं में अधिकारियों के प्रति काफी नराजगी देखी गयी।लोगो का कहना था की एक तरफ जिला प्रशासन मतदाता जागरूकता अभियान चलाया और वोट प्रतिशत को बढ़ाने के लिए अभियान चलाया लेकिन मतदान केंद्रों पर व्यवस्था के नाम पर शून्य साबित हो रही हैं।

## बीएलओ की गलती से बुजुर्ग मतदान करने से हो गए वंचित



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर उंटारी प्रखंड के ग्राम बरडीहा, बूथ संख्या 219 के सदीक अंसारी मतदान करने से वंचित रह गए है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पंचायत चुनाव में इन्होंने अपना मतदान किया था। लेकिन लोकसभा चुनाव में मतदान से वंचित रह गए। इस संबंध में सादिक अंसारी ने बताया कि काफी उल्लास के साथ हम बूथ पर मतदान करने आए हुए थे। लेकिन मेरा नाम वोटर आईडी कैसे कट गया हमें खुद मालूम नहीं है। काफी मायूस होकर वे बिना मतदान किए हुए मतदान केंद्र से वापस लौट गए।

## भाजपा कार्यकारिणी सदस्य सह त्रिपुरा प्रदेश प्रभारी अशोक ने किया मतदान

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा निर्वाचन के लिये सोमवार को अपने पैतृक गांव लंगर कोट स्थित मतदान संख्या 208 पर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संह त्रिपुरा प्रदेश प्रभारी अशोक सिंह ने किया मतदान वहीं हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा विधायक कमलेश कुमार सिंह ने अपने धर्म पत्नी मधु सिंह न अपने पैतृक गांव कामगार पुर मतदान संख्या पर डाला वोट वहीं हुसैनाबाद पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने अपनी धर्म पत्नी अनिता देवी सहित समस्त परिवार के साथ अपने पैतृक गांव डेमा बूथ संख्या 318 पर डाला वोट भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बब्लू सिंह ने अपने पैतृक गांव विशुनु चकपर डाला वोट भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विनोद कुमार सिंह ने अपने पैतृक गांव बेनीखुर्द मतदान संख्या पर डाला वोट भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता ने अपनी धर्म पत्नी वार्ड पार्षद सुषमा गुप्ता ने मतदान संख्या 124 निबंध कार्यालय स्थित डाला वोट इन सभी मतदाताओं ने कहा कि सब काम छोड़कर मतदान करने की अपील की।

## भीषण गर्मी के बीच अव्यवस्थाओं ने बढ़ाई पोलिंग पार्टियों की मुसीबत, तेज धूप में पानी तक की कमी, मतदाता परेशान





प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** पलामू लोकसभा क्षेत्र के भवनाथपुर विधान सभा क्षेत्र में चौथे चरण का सोमवार को सम्पन्न हो गया है। चुनाव सुबह 7:00 से शाम 5:00 बजे तक चला। मतदान करने के लिए मतदाताओं में काफी उत्साहित देखा गया है। इसी बीच नगर ऊंटरी प्रखंड क्षेत्र के जंगीपुर में राजकीय मध्य विद्यालय में बनाए गए मतदान केंद्र संख्या 242,243 और 244 में भारी अवस्थाओं के गया। मतदाता सुबह 7:00 से चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी के बीच लाइन में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। यहां धूप से बचाव के लिए टेंट की व्यवस्था नहीं रहने के कारण मतदाताओं को चिलचिलाती धूप में खड़े रहकर अपना मताधिकार का प्रयोग करना पड़ रहा है। प्रचंड धूप और भीषण गर्मी के कारण मतदाता काफी परेशान दिख रहे हैं। महिला एवं बुजुर्ग मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग करने में काफी परेशानी हो रही है। वोट डालने आए लोगों ने बताया कि प्रशासन की ओर से ना तो यहां समियाना और ना ही पानी की व्यवस्था की गई है। भीषण गर्मी और चिल्लाती के धूप के बीच हम लोग अपना मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। प्रशासन द्वारा सभी बीएलओ को अपने-अपने बूथ पर चार-चार वोटेंटियर रखने को कहा गया है। बावजूद राजकीय मध्य विद्यालय जंगीपुर स्थित मतदान केंद्र पर बीएलओ के रखे वोटेंटियर नदारद है। जिसके कारण मतदाताओं की उमड़ी भीड़ में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि पुलिस चिलचिलाते धूप में खड़े होकर मतदाताओं को मतदान करने में सहयोग कर रही थे।

## पहली बार मतदान देने पहुंचे युवाओं में दिखा उत्साह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू लोकसभा चुनाव को लेकर शहरी क्षेत्र के बूथों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान सोमवार की सुबह 7 बजे से शुरू हुआ।शहर में पहली बार युवा मतदाताओं में उत्साह देखने को मिला। शहर के बीएन कॉलेज बूथ संख्या 152 और 153 पर पहली बार मतदाता विजया लक्ष्मी ने मतदान किया। उन्होंने कहा कि यह हमारा लोकतांत्रिक अधिकार है, और राष्ट्र के प्रति कर्तव्य भी। मतदान से सही सरकार चुनें और राष्ट्र के निर्माण में योगदान दें। इस लोक महोत्सव हमारी सक्रिय भूमिका होनी चाहिए। इसका निर्वाह मतदान से हो सकता है। वही बूथ संख्या 205,206और 207 पर पहली बार मतदान करने आई युवा मतदाता प्रियंका कुमारी ने कहा जो युवाओं के लिए रोज़गार देंगे मैं उसीको वोट करूंगी. श्वेता कुमारी ने कहा की हमने अपना पहला वोट स्वास्थ्य और निःशुल्क शिक्षा को लेकर दिया है। काजल कुमारी ने भी पहली वार अपने मताधिकार का प्रयोग किया। काजल कुमारी ने कहा की वोट हमारा अधिकार है और हर किसी को वोट अवश्य डालना चाहिए। अधिक से अधिक वोटिंग करके ही हम अपने पसंदीदा प्रत्याशी को जीत दिला पाएंगे। उनकी जीत से ही जिले का विकास संभव हो पाएगा। वही युवा मतदाता पंकज कुमार ने बताया की आज मैंने पहली बार वोट डाला है। सुबह आठ बजे ही मैं अपने परिजनों के साथ मतदान केंद्र पहुंचा क्योंकि मुझे पहले मतदान करना था। अन्य कामों को बाद में निपटाना था।वही धोबी मोहल्ला बूथ संख्या 178,179 पर मतदान करने पहुंचे छात्र रोहित कुमार ने कहा की वोट डालना हर व्यक्ति का फर्ज बनता है। हम अपनी मतदान के अधिकार से ही एक अच्छे लोकतंत्र का निर्माण कर सकते हैं। आज पहली बार वोट डालकर अच्छा महसूस हो रहा है।उसी बूथ पर मतदान करने पहुंचे प्रत्यूष कुमार ने कहा की पहली बार वोट डालने के बाद मैंने अन्य मित्रों व परिचितों को मतदान के प्रति जागरूक किया। क्योंकि हर व्यक्ति को मतदान का अधिकार मिला है तो उसका प्रयोग करना चाहिए।

## विस्फोट की घटना में अब तक पांच लोगों की मौत



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र में बीती रात हुई विस्फोट की घटना में चार मासूम बच्चे सहित एक व्यक्ति की मौत हो गई है।इनके मौत के बाद परिजनों में मातम का माहौल छाया हुआ है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।पलामू जिले की यह घटना पूरे झारखंड में चर्चा का विषय बना हुआ है।पलामू के इस घटना को लेकर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने भी संवेदना जताते हुए ट्वीटर हैंडल एक्स पर लिखा है। उन्होंने ट्वीट कर कहा है की पलामू जिला के मनातू थाना क्षेत्र के रहेया नौडीहा में विस्फोट की घटना में चार बच्चे समेत पांच लोगों की मृत्यु से मर्माहत हूँ। शोकाकुल परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं है। दुर्घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।वही पांचों व्यक्ति के मौत के बाद सोमवार की सुबह शहर थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंचकर पांचों शव का पंचनामा कर अपने देखरेख में सभी शव का सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप है। बताते चलें कि पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र के रहेया नौडीहा गांव में बीती रात कबाड़ी काटने के दौरान विस्फोट की घटना हुई थी।इस विस्फोट में तीन बच्चे समेत चार लोगों की मौत हो गई थी। वहीं इस हादसे में दो बच्चे गंभीर रूप से जख्मी हो गये थे। जिन्हें इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भर्ती कराया गया था। जहां चिकित्सको ने एक घायल बच्चा मजीद अंसारी की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया था। परिजनों के द्वारा रांची रिम्स ले जाने के क्रम में रास्ते में ही माजिद अंसारी की मौत हो गई।वही इस घटना के बाद से पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

## भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेई पहुंचे पांकी, कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

**पांकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह झारखंड के चुनाव प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई सोमवार की दोपहर चतरा लोक सभा क्षेत्र के पांकी प्रखंड पहुंचे, सर्वप्रथम उनके आगमन पर पांकी विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशी भूषण मेहता, भारतीय जनता पार्टी के पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी, भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष सहसंयोजक शंकर प्रसाद, भाजपा नेत्री लवली गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह के द्वारा भव्य स्वागत करते हुए उन्हें फूल माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया, सम्मान समारोह कार्यक्रम के पश्चात बैठक में उपस्थित पांकी विधानसभा क्षेत्र के के सभी प्रमुख एवं पन्ना प्रभारियों पंचायत संयोजक एवं सहसंयोजक को लोकसभा चुनाव को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। कार्यक्रम के संबोधन में विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशी भूषण मेहता ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना हम सभी के लिए बड़े ही सौभाग्य की बात है उन्होंने कहा कि चतरा लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार की जीत तो सुनिश्चित है लेकिन रिकॉर्ड मतों से विजई करवाना भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं की प्रमुख जिम्मेवारी है। उन्होंने कहा कि इस बार सिर्फ पांकी विधानसभा से 200000 पार का लक्ष्य है जिसे हम सभी मिलजुल कर पूरा करेंगे एवं मोदी जी के हाथों को मजबूत करने का कार्य करेंगे। कार्यक्रम के संबोधन में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने भाजपा कार्यकर्ताओं को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, श्याम नंदन ओझा, चुनमुन पांडे, कुंदन सिंह, अखिलेश ठाकुर , प्रो बच्चन ठाकुर भाजपा नेत्री मंजू लता, कार्तिक सिंह समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## मतदाताओं ने कड़ी धूप में किया मतदान, प्रत्याशियों में कड़ी टक्कर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरा, पलामू :** पिपरा प्रखंड क्षेत्र में लोकसभा के चौथे चरण के मतदान में लोगों ने कड़ी धूप होने के बावजूद बढ़ चढ़कर भाग लिया। पिपरा थाना प्रभारी बिमल कुमार के नेतृत्व में पुरे थाना क्षेत्र में सुरक्षाकर्मी अपने पैनी नजर बनाए हुए थे. सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई थी। दोपहर 3 तक 52 प्रतिशत मतदान हुआ था। मतदाता एवं कार्यकर्ता अपने-अपने प्रत्याशियों के पक्ष में वोट डलवाने का भरपूर प्रयास करते हुए दिखाई दे रहे थे। यह सब देखने के बाद प्रतीत होता है कि मुकाबले काफी कड़ा है वोटो की गिनती के बाद ही अब पता चलेगा कि मतदाता किसके सर पर पगड़ी बांधते हैं. नए एवं युवा वोटरो में काफी उत्साह देखा जा रहा था. सरजुन राम रंजीत कुमार सिंह रुंजय कुमार मोहम्मद मुख्तार आलम विकास सिंह बबलू यादव रंजीत यादव दीपेश सुरभि बाला अनिल यादव रामजी पासवान परमिंदर उरांव एसआई नकुल शर्मा कुशेश्वर महतो सहित अन्य प्रखंड एवं थाना कर्मी मतदान एवं व्यवस्था पे अपनी कड़ी नजर बनाए हुए थे इन सभी लोगों के संयुक्त प्रयास से प्रखंड क्षेत्र में शांतिपूर्वक मतदान संपन्न हुआ।

## चिलचीलाती धूप में मतदाताओं ने किया मतदान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के 18 वीं लोक सभा आम चुनाव 2024 आज शांति पूर्ण तरीका से संपन्न हुई। चौथे चरण की मतदान कड़ी धुप मे भी बढ़ चढकर भाग लिया। नौड़ीहा बाजार थाना प्रभारी श्री अमित कुमार द्विवेदी के नेतृत्व मे पूरे प्रखंड मे सुरक्षा कर्मी ने पैनी नजर बनाये हुई थी, सुरक्षा कर्मी की कड़ी व्यवस्था की गई थी। दोपहर 5 तक प्रखंड मे 55.76 प्रतिशत मत पडी। मतदाताओं एवं कार्यकर्ताओं ने अपने अपने पक्ष मे वोट दिलाने की प्रयास दिखाई दे रहे थे। यह सब दिखने के बाद प्रतीत होता है कि मुक़बाला कड़ी है। वोटो की गिनती के बाद पता चलेगा कि मतदाताओं ने किसी की सर पर पगड़ी बांधती है। नये व युवा वोटरों की बीच काफी उत्साह देखने के मिल रहा था। प्रखंड के अति सुदूरवर्ती इलाके मे मतदाताओं ने अपना कीमती वोट दिया। प्रखंड के सभी मतदान केंद्रों पर प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमति शुभम बेला टोपन सहित प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी के पुलिस प्रशासन अपने दल बल के साथ मुस्तैद रही।

## संत मरियम स्कूल में मातृ दिवस सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया गया आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** मां के लिए कोई विशेष दिन नहीं होता। मां तो सदैव पूजनीय, आदरणीय, सम्मानीय है। जब बच्चे घर से बाहर किसी छात्रावास में हो तो निश्चित रूप से ऐसे विशेष दिनों में वे अपनें अभिभावकों को याद करते है। परन्तु शहर एक ऐसा स्कूल जो बच्चों की मनःस्थिति को समझते हुए उनके साथ सदैव पर्व त्यौहार और विशेष मौके पर शामिल होता है और बच्चो को अपनत्व का अहसास देता है।इसी कड़ी में कल संत मरियम स्कूल आवासीय परिसर में मातृ दिवस सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शहर के प्रख्यात गायक श्याम किशोर पांडे, अली राजा पप्पू, राजा सिन्हा, रोहित कुमार सहित विभिन्न कलाकारों ने अपने सुरों के जलवे को बिखेरा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चें भी बड़े आनंद और उत्साह के साथ कार्यक्रम के हिस्सा बने रहें। विभिन्न लोगों के साथ बच्चों ने भी अपनी प्रस्तुति दिया। मौके पर स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा सृष्टि की आधार है मां । मां के बिना इस दुनिया की परिकल्पना संभव ही नहीं है। मां के लिए कोई विशेष दिन नहीं होता बल्कि प्रत्येक दिन ही मां से शुरू होता है।आप सभी बच्चे अपने कार्यों से अपनी मां को सदैव गौरवान्वित करने का प्रयास करें। माता-पिता के प्रति सदैव सकारात्मक और विनम्रता पूर्वक पेश आए। हम सभी पूरे जीवन कुर्बान कर देने के बाद भी अपनी मां का कर्ज नहीं उतार सकते।

## खरौंधी प्रखंड अंतर्गत मतदान करते मतदाता खुश नजर आए, तो कहीं आक्रोश दिखाई दिया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरौंधी :** प्रखंड अंतर्गत सभी बुथो पर राजी से लेकर कूपा तक मतदाताओं ने सुबह 7:00 से लेकर 3:00 बजे तक लाइन में लगकर ऐसी चिलचिलाती धूप एवं भीषण गर्मी में मतदान करते हुए दिखे। मतदाता मतदान करते हुए खुश नजर आए तो प्रखंड के भाग संख्या 28 एवं 29 में वोटर लिस्ट में नाम कट जाने के कारण कई मतदाता आक्रोशित नजर आए और निराश होकर बिना मतदान किए घर लौट गए । आखिर किस कारण से इनका नाम हटाया गया कुछ पता नहीं है जबकि यह मतदाता पूर्व में त्रिस्तरीय चुनाव में मत दिए थे पूर्व में भी यह मतदान करते आए हैं ऐसी कौन सी कारण हुई की उसे इस बार मतदाता सूची से बगैर सूचना के नाम हटाया गया यह काफी चिंता का विषय है बी एल ओ से पूछे संतोषजनक उतर नहीं दिया गया है कहीं ना कहीं इन्हीं के कमी के कारण वोटर लिस्ट से नाम गायब है। **क्या कहते हैं मुखिया-** मुखिया प्रमोद राम ने बताया कि वोटर लिस्ट से नाम गायब हुआ है तो इसका जिम्मेदार शत प्रतिशत बी एल ओ दोषी है ऐसे लोगों पर कार्रवाई होना चाहिए। **क्या कहते हैं जनप्रतिनिधि-** पूर्व प्रमुख सह ( जिला प्रवक्ता आजसू पार्टी) गोरखनाथ चौधरी ने कहा की मैं तत्काल बी एल ओ एवं इससे संलिप्त लोगों के के विरुद्ध जिला निर्वाचित पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग करूंगा। **क्या कहते हैं मतदाता--** मतदाता रुक्मिणी देवी, शिवपूजन गुप्ता, शिवकुमार चौधरी, चंद्रेश कुमार पटेल,सरिता देवी आदि अनेक मतदाता ने कहा कि हम लोग पिछले त्रिस्तरीय चुनाव में मतदान किए हैं इसके पूर्व भी हम लोग मतदान करते आए हैं लेकिन आज हम लोग बुथ से बिना मतदान किए हुए निराश जा रहे हैं यह बी एल ओ के लापरवाही के कारण हुआ है। इसके अलावा इस गांव में लोग 18 वर्ष एवं इससे ऊपर हो गए हैं लेकिन उन लोगों का नाम वोटर लिस्ट में दर्ज नहीं है। यहां के बी एल ओ केवल पैसा चाहिए और सरकारी पैसा लेकर हेरा फेरी करते रहते हैं मतदाता का काम नहीं करते हैं।

## भवनाथपुर विधान सभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से वोटिंग सम्पन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** भवनाथपुर विधान सभा क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में मतदाताओं ने अपना वोट किया। क्षेत्र में सुबह से ही पोलिंग बूथों पर भारी भीड़ देखी गई।प्रखंड स्तर पर जानकारी कलेक्टर संबंधित सूचना एकत्रित करने के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया था।पूरे नगर उंटारी प्रखंड 11 क्लस्टर बनाये गए थे।जहाँ से प्रत्येक 2 घंटे में सूचनाएं एकत्रित किया जा रहा था। जब कि विधान सभा की जानकारी इकट्ठा करने के लिए अनुमंडल कार्यालय में कंट्रोल रूप बनाया गया था। जहा सभी प्रखंडों से प्रत्येक 2 घंटे पर जानकारी एकत्रित किया जा रहा था। सुबह नौ बजे तक पूरे विधान सभा क्षेत्र में 13.62 प्रतिशत, 11बजे तक 29.35 प्रतिशत, दोपहर के एक बजे तक 45.54, 3 बजे तक 56.88 प्रतिशत वोटिंग किया जा चुका था। जहा खरौंधी प्रखंड में 9बजे तक 12.63 प्रतिशत, 11बजे तक 29.67 प्रतिशत,1 बजे तक 44.55 प्रतिशत, 3 बजे तक 55.77 प्रतिशत मत का प्रयोग मतदाता कर चुके थे। वही केतार प्रखंड में 9 बजे तक 15.38 प्रतिशत, 11 बजे तक 33.91 प्रतिशत, 1 बजे तक 50.07 प्रतिशत, 3 बजे तक 59.75 प्रतिशत, शाम 5 बजे तक 63.45 प्रतिशत मत का प्रयोग मतदाता कर चुके थे। जब कि कांडी प्रखंड में 9 बजे तक 12.47 प्रतिशत,11 बजे तक 29 प्रतिशत, 1 बजे तक 46.15 प्रतिशत, 3 बजे तक 59.35 प्रतिशत, शाम 5 बजे तक 55.46 प्रतिशत मत का प्रयोग मतदाता कर चुके थे। वही भवनाथपुर प्रखंड में 9 बजे तक 13.07 प्रतिशत,11बजे तक 30.85 प्रतिशत, 1बजे तक 46.15 प्रतिशत, 3 बजे तक 57.06 प्रतिशत, शाम 5 बजे तक 65.25 प्रतिशत मत का प्रयोग मतदाता कर चुके थे। जब कि नगर उंटारी प्रखंड में 9बजे तक 11.97प्रतिशत,11बजे तक 27.66प्रतिशत,1 बजे तक 42.80प्रतिशत, 3बजे तक 54.96प्रतिशत, शाम5 बजे तक 61व्र मत का प्रयोग मतदाता कर चुके थे। वही विशुनपुरा प्रखंड में 9बजे तक 13.03 प्रतिशत, 11बजे तक 29.58 प्रतिशत, 1बजे तक 47.63 प्रतिशत, 3 बजे तक 58.48 प्रतिशत, शाम5 बजे तक 62.9 प्रतिशत मत का प्रयोग मतदाता कर चुके थे। रमना प्रखंड में 9बजे तक 11 प्रतिशत,11बजे तक 27 प्रतिशत, 1 बजे तक 44 प्रतिशत, 3 बजे तक 55 प्रतिशत, शाम 5 बजे तक 63 प्रतिशत मत का प्रयोग मतदाता कर चुके थे। जब कि सगमा प्रखंड में 9बजे तक 16 प्रतिशत,11बजे तक 31.38 प्रतिशत, 1 बजे तक 48.33 प्रतिशत, 3 बजे तक 61.33 प्रतिशत मत का प्रयोग मतदाता कर चुके थे। वही धुरकी प्रखंड में 9बजे तक 16 प्रतिशत, 11 बजे तक 28.33 प्रतिशत,1 बजे तक 43.33 प्रतिशत, 3 बजे तक 55.59 प्रतिशत मत का प्रयोग मतदाता कर चुके थे।जब कि डंडई प्रखंड में 9बजे तक 14.66 प्रतिशत,11 बजे तक 26.39 प्रतिशत,1 बजे तक 47.20 प्रतिशत, 3 बजे तक 60.55 प्रतिशत मत का प्रयोग मतदाता कर चुके थे। समाचार लिखे जाने तक किसी किसी पोलिंग बूथ पर वोटिंग जारी था।

## संक्षिप्त खबरें

### पीएस संजीव और जहांगीर की रिमांड अवधि पांच दिन बढ़ी

**रांची।** करीब 35.23 करोड़ रुपए नकद बरामदगी मामले में राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव कुमार लाल और उनका नौकर जहांगीर आलम को 6 दिनों की पूछताछ के बाद ईडी ने सोमवार को अदालत में पेश किया। साथ ही ईडी ने अदालत से 8 दिनों की और पुलिस रिमांड बढ़ाने को लेकर अनुमति मांगी। इस दौरान सुनवाई पश्चात अदालत ने और 5 दिन की अनुमति प्रदान कर दी है। ईडी ने मंत्री के आप्त सचिव संजीव लाल के नौकर जहांगीर को कैश बरामदगी मामले में 7 मई को गिरफ्तार कर लिया गया था। जिसके बाद ईडी इन दोनों को छह दिनों की रिमांड में लेकर पूछताछ कर रही थी। जिसकी अवधि सोमवार को समाप्त हो गयी। इसके बाद ओएसडी संजीव कुमार लाल और उनका नौकर जहांगीर आलम को पीएमएलए कोर्ट में पेश किया गया। जहां कोर्ट ने इन दोनों के रिमांड अवधि को पांच दिनों तक के लिए बढ़ा दिया है। वहीं मंत्री आलमगीर आलम को भी ईडी ने पूछताछ के लिए समन भेजा है।

### फैशन पॉइंट्स वेडिंग डायरी एग्जिबिशन 19 और 20 को कैपिटल हिल में

**रांची :** फैशन पॉइंट्स वेडिंग डायरी एग्जिबिशन,19 और 20 मई को होटल कैपिटल हिल में लगाया जा रहा है। इस बार फैशन पॉइंट के इस अमेजिंग इवेंट में राँची वासियों के लिए बहुत कुछ नया होगा। बड़े डिजाइनर फैशन पॉइंट एग्जीबिशन में अपने नई कलेक्शन की लॉन्चिंग भी करेंगे। एग्जिबीशन में 19 को होगा मदर्स डे सेलिब्रेशन होगा। एग्जीबिशन में कोलकाता के मशहूर डिजाइनर एंडी मोहनी मोहन कांजीलाल अपने लेटेस्ट साड़ियों का कनेक्शन ले ककर आ रहें हैं, जहाँ आपको कांजीवरम, बनारसी और अन्य तरह की एक्सक्लूसिव साड़ियां देखने को मिलेंगे।

# रांची जोन के डीआईजी अनूप बिरथरे ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र का किया निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड के चार लोकसभा में पहले चरण का मतदान हुआ। सिंहभूम, पलामू, लोहरदगा, खूंटी शामिल हैं। खूंटी लोकसभा का एक विधानसभा रांची जिला अंतर्गत तमाड़ विधानसभा है वहीं लोहरदगा लोकसभा सभा का एक विधानसभा रांची जिला के मांडर विधानसभा है। इन दोनों विधानसभा में रांची एस एसपी की निगरानी है। तो वहीं रांची जोन के डीआईजी अनूप बिरथरे ने मतदान के दौरान नक्सल प्रभावित क्षेत्र पेशरार थाना क्षेत्र में बूथों का निरक्षण करने पहुंचे। यहां मतदान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का पूरा जायजा लिये । मौके पर डीआईजी ने लोहरदगा एसपी हरीश बिन जमां से भी पूरे क्षेत्र की जानकारी ली और दिशा निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस के अन्य अधिकारी और भारी संख्या में पुलिस जवान भी उपस्थित रहे। डीआईजी ने पत्रकारों से कहा कि लोहरदगा में शांतिपूर्ण मतदान चल हुआ। सुरक्षा व्यस्था को लेकर पुलिस की कड़ी नजर नक्सल प्रभावित क्षेत्र में बनी हुई थी। एसपी सहित अन्य पुलिस के जवान मोर्चा संभाले हुए थे। शहरी, ग्रामीण और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी पुलिस की बटालियन मौजूद थे।

### एसएसपी ने पहाड़ों से घिरे अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र के बूथों का भी किया निरीक्षण



खूंटी लोकसभा अंतर्गत रांची जिला का तमाड़ विधानसभा में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ। रांची एसएसपी चंदन सिन्हा ने सुबह ही तमाड़ विधानसभा क्षेत्र में हो रहे मतदान का निरीक्षण करने पहुंचे। एसएसपी ने पहाड़ों से घिरे अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र के बूथों का भी निरक्षण किये। उन्होंने आरगो बूथ संख्या 288 में का निरक्षण किया । इस इलाके में मोबाइल नेटवर्ट तक की सुविधा नहीं होने की वजह से यहां वायरस एंटिना लगाया गया था। ताकि मतदान में किसी तरह की समस्या न हो सके। वहीं स्थानीय ग्रामीणों से भी एसएसपी ने बातचीत किये। एसएसपी ने बताया कि यहां मतदाताओं में मतदान करने के प्रति काफी उत्सुकता थी। तेज धूप में भी मतदान करने के लिए लाइन में खड़े रहे और मतदान करने के बाद ही घर लौटे। वहीं बुंडू एसडीपीओ रति भान सिंह भी मोर्चा संभाले रहे।

### बुढ़ाडीह, बिजयगिरी, कोबासाल जैसे बूथों का निरीक्षण करने पहुंचे ग्रामीण एसपी



रांची । सुमित कुमार अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, राँची ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र खूंटी लोकसभा के तमाड़ विधानसभा के मरधान, बुढ़ाडीह, बिजयगिरी, कोबासाल , सुमानडीह एवम अन्य मतदान केन्द्र का निरक्षण किए तथा चुनाव ड्यूटी में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए, साथी ही आम जनों को शांतिपूर्ण मतदान करने की अपील की। ग्रामीण एसपी ने बताया कि तमाड़ विधानसभा रांची जिला में आता है। यहां नक्सल प्रभावित क्षेत्र है बावजूद मतदान करने वाले मतदाताओं में जो उत्साह देखने को मिली वह काबिले तारीफ है। जबकि तेज धूप में भी लोग लाइन लगाकर मतदान कर रहे थे।

## असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा 15 मई को झारखंड में

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिश्व सरमा 15 मई को हजारीबाग, कोडरमा और धनबाद लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करेंगे। डॉ सरमा रामगढ़ जिले के रजरप्पा डीएवी मैदान में 11ः00 से आयोजित जनसभा संबोधित करेंगे। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी शशि भूषण भगत, एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल, रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, हजारीबाग जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह भी मौजूद रहेंगे।

असम के सीएम गिरिडीह जिले के जमुआ विधानसभा के ब्लॉक मैदान-देवरी में 12ः30 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी विकास प्रीतम, एनडीए प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी, गिरिडीह जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, कोडरमा जिला अध्यक्ष अनूप जोशी, हजारीबाग जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह भी मौजूद रहेंगे। डॉ सरमा धनबाद जिले के निरसा के चिरकुंडा स्थित श्रम कल्याण केंद्र में 2.30 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी सुरेश साहू, एनडीए प्रत्याशी ढुल्लू महतो, धनबाद जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) घनश्याम ग्रोवर, धनबाद महानगर जिला अध्यक्ष श्रवण राय यादव, बोकारो जिला अध्यक्ष जयदेव राय भी मौजूद रहेंगे।

## अपनी मां का आशीर्वाद लिए बिना पहला चुनाव नामांकन दाखिल करेंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

परवेज़ कुरैशी@प्रभात मंत्र



**रांची।** देश में चुनावी माहौल बरकरार है । चौथे चरण का चुनाव संपन्न हो गया है। पांचवें चरण के चुनाव के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी सीट के लिए 14 मई को नामांकन करेंगे। ऐसा पहली बार होगा जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी माता श्री के आशीर्वाद लिए बगैर ही पहली बार नामांकन करने वाराणसी पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब 2001 से लेकर 14 तक गुजरात के मुख्यमंत्री थे या फिर कोई अन्य बड़े कार्यों की जब वे शुरुआत करते थे तो वे कहीं भी होते थे लेकिन गुजरात पहुंचकर अपनी माता श्री का आशीर्वाद जरूर लेते थे। देश में जब 2014 लोकसभा चुनाव हो रहा था तब भी वे अपनी मां का आशीर्वाद लिया और फिर नामांकन किया। इतना ही नहीं 2019 में भी वे वाराणसी सीट से नामांकन करने के पहले प्रधानमंत्री ने अपनी माता श्री से आशीर्वाद लिया और फिर नामांकन करने पहुंचे और प्रचंड बहुमत से विजयी हासिल की। ऐसा तीसरी बार 2024 में होगा कि वे नामांकन करने 14 मई को वाराणसी पहुंचेंगे । लेकिन इस बार बगैर माता श्री का आशीर्वाद लिए ही नामांकन करेंगे। बता दें कि 26 मई 2014 के प्रधानमंत्री पद के शपथ लिए थे। नरेंद्र मोदी के जन्म 17 सितंबर 1950 के गुजराती परिवार में हुआ। 2001 से 2014 तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहें।

आरएसएस कि विश्वसनीय पदाधिकारी और भाजपा का कर्मठ सिपाही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन मोदी का 100 साल की उम्र में तीस दिसंबर 2022 में निधन हो गया था।

## विकास आधारित राजनीति ही एनडीए की ताकत का आधार, रांची सीट से दर्ज होगी बड़ी जीत : सुदेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** विकास आधारित राजनीति ही एनडीए की मजबूती का आधार है। लोकसभा चुनाव में रांची संसदीय क्षेत्र से बड़ी जीत दर्ज करने के लिए सभी कार्यकर्ता समन्वय और जिम्मेदारी के साथ काम करें। उक्त बातें पूर्व मुख्यमंत्री सह आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने सिल्ली स्थित आम बागान में आयोजित एनडीए की महत्वपूर्ण बैठक में कही। इस दौरान रांची लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी संजय सेठ समेत गठबंधन के कई पदाधिकारी उपस्थित रहें। बैठक में रांची लोकसभा सीट में पुनः एनडीए का परचम लहराने के लिए आपसी तालमेल और साझेदारी के साथ कार्य करने की साझा रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि आज हर वर्ग के लोगों को उनका हक,अधिकार और जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 55 साल तक देश में राज किया है। इन्होंने देश के अंदर ऐसी परिपाटी को जन्म दिया था जिसमें देश की एक बड़ी आबादी को उचित अवसर नहीं मिल पाता था। परिवार का विकास ही इनका मूल एजेंडा है।इस अवसर पर आजसू पार्टी से केंद्रीय सचिव सुनिल सिंह, सुशिल महतो, रांची जिप उपाध्यक्ष बीणा चौधरी, चितरंजन महतो, शंकर मुण्डा, सोमरा बेदिया, विजय उरांव, रंगबहादुर महतो, जलेश्वर महतो, चंचला भोगता, धरनी देवी, सुशेन प्रमाणिक, उज्जवला देवी, रमेश मुण्डा, सारथी देवी, अनिता देवी मुख्य रूप से उपस्थित थें।

## बैंक ऑफ़ इंडिया की चौथी तिमाही में 57 प्रतिशत वृद्धि हुई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** बैंक ऑफ़ इंडिया ने वि.वर्ष 24 की चौथी तिमाही के लिए अपने परिणामों की घोषणा की जिसमें शुद्ध लाभ में 57त्न की वृद्धि हुई और यह 6,318 करोड़ रुपये हो गया जो वि.वर्ष 23 की चौथी तिमाही में 1,350 करोड़ रुपये था। क्रमिक आधार पर, तिमाही के लिए शुद्ध लाभ में वर्ष-दर-वर्ष 7त्न की वृद्धि हुई और वि.वर्ष 23 की चौथी तिमाही में 1,350 करोड़ रुपये के मुकाबले वि.वर्ष 24 की चौथी तिमाही के लिए 1,439 करोड़ रुपये रहा। एसेट गुणवत्ता के मोर्चे पर, सकल एनपीए अनुपात में वर्ष-दर-वर्ष 233 बीपीएस की कमी आई और शुद्ध एनपीए अनुपात में वर्ष-दर-वर्ष 44 बीपीएस की कमी आई। वैश्विक कारोबार में सालाना आधार पर 11.65त्न की वृद्धि हुई, वैश्विक जमा में सालाना आधार पर 10.21त्न की वृद्धि हुई और वैश्विक अग्रिम में सालाना आधार पर 13.52त्न की वृद्धि हुई। शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई), वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में 5,463 करोड़ रुपये रही, जबकि वित्त वर्ष 2023 की तीसरी तिमाही में यह 5,595 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में 5,740 करोड़ रुपये थी। गैर-ब्याज आय, वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में 1,193 करोड़ रुपये रही, जबकि वित्त वर्ष 2023 की तीसरी तिमाही में यह 1,432 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में 1,688 करोड़ रुपये थी। 31.03.2024 को बैंक का कुल पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीआरएआर) 16.96त्न रहा जो मार्च 2023 में 16.28त्न था। 31.03.24 को सीईटी-1 अनुपात 14.24त्न रहा। आर.ए.एम अग्रिम, 15.55त्न सालाना वृद्धि के साथ 2,74,477 करोड़ रुपये हो गए, जो मार्च 2024 में कुल अग्रिम का 55.74त्न है। खुदरा ऋण, मार्च 2024 में 18.12त्न सालाना वृद्धि के साथ 1,11,484 करोड़ रुपये हो गए। कृषि ऋण, मार्च 2024 में 16.69त्न सालाना वृद्धि के साथ 84,460 करोड़ रुपये हो गए। एमएसएमई ऋण, मार्च 2024 में 10.96त्न सालाना वृद्धि के साथ 78,533 करोड़ रुपये हो गए।

## रांची प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट संपन्न, कांके बना चैंपियन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची ।** खेलगाव स्तिथ बिरसा मुंडा स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में चल रहे कैनवास बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट राँची प्रीमियर लीग का समापन रविवार को हो गया । इस टूर्नामेंट में लगातार दूसरी बार भी कांके की टीम कांके नाइट राइडर्स ने चैंपियन का खिताब अपर बाजार को रोमांचक मुकाबले में 3 विकेट से हरा कर जीत लिया । इस चार दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन ऐस स्पोर्ट्स द्वारा किया गया , जिनका मुख्य उद्देश्य छोटे शहरों में छिपी हुई प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करना है । सितम्बर 2023 में हुए इसके पहले संस्करण में कुल आठ टीमें थी , तो इस बार इसके दूसरे संस्करण में कुल 12 टीमों ने हिस्सा लिया। इन टीमों के नाम राँची के चर्चित जगहों के नाम पर है। अंतिम मुकाबला कांके और अपर बाजार की टीम के बीच खेला गया था । फाइनल मैच के मुख्य अतिथि के रूप में डीआईजी कार्मिक नौशाद आलम ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया । विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर असलम परवेज़, औरंगजेब ख़ान भी मौजूद रहें । डीआईजी नौशाद आलम ने इस मौक़े पर बोलते हुए अनुशासन और खेल भावना पर भी ज़ोर दिया । इस टूर्नामेंट के मेंटर झारखण्ड के चर्चित क्रिकेट खिलाडी मनान सिद्दीकी, अजय गौतम थे। इस आयोजन को सफल बनाने में मुख्य रूप से चन्दन तिवारी, बसंत सिंह , निशांत एवं प्रशांत शुक्ला , नदीम एवं अन्य स्पोर्ट्स के मेंबर द्वारा किया गया।

## कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन का रांची एयरपोर्ट पर हुआ भव्य स्वागत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर सोमवार को कांग्रेसियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। खड़गे ने यश्सिवनी सहाय को जीत का आशीर्वाद दिया। वहीं, पार्टी कार्यकर्ताओं को कांग्रेस के पांच न्याय गारंटी कार्ड को डोर टू डोर कैंपेन के तहत जन-जन तक पहुंचाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर,पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, रांची संसदीय सीट से इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विनय सिन्हा दीपू, सुरेंद्र सिंह, मेहुल प्रसाद, आरुषि वंदना, इंद्रजीत सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। खड़गे हजारीबाग संसदीय क्षेत्र अंतर्गत बरही में सोमवार को आयोजित जनसभा में भाग लेने के लिए रांची पहुंचे थे।

### जयश्री डेवलपर्स एंड बिल्डर्स ने किया भूमि पूजन, मिलेगा विशेष ऑफर

**रांची।** रियल एस्टेट कंपनी जयश्री डेवलपर्स एंड बिल्डर्स ने अपने नये प्रोजेक्ट का भूमि पूजन किया। राँची शहर के बीचों बीच के वीआईपी इलाक़े अरगोड़ा में इस प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया गया है। आपको बता दें कि काफ़ी लंबे समय की सुस्ती और कोविड की मार के बाद अब धीरे धीरे झारखंड में रियल एस्टेट कारोबार फलने-फूलने लगी है. राँची की प्राकृतिक सुंदरता एवं यहाँ का वातावरण इस व्यवसाय को नई जान देता है. बिहार-झारखंड सहित पूरे देश के लोग यहाँ की जलवायु और वातावरण को पसंद करते हैं.

## पीएम मोदी देश प्रथम के भाव से काम करते हैं : संजय सेठ

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची:** रांची के सांसद संजय सेठ ने आज सुखदेव नगर मंडल, जोन्हा,सिल्ली, राहे, धुर्वा ,के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान एवं बैठक आयोजित की। इस अवसर पर सांसद सेठ ने अपने संबोधन में कहा यह चुनाव देश का चुनाव है। यह चुनाव भारत का भविष्य तय करने का चुनाव है। यह चुनाव देश को एक सशक्त नेतृत्व देने का चुनाव है। एक सशक्त व्यक्ति को हम देश की बागडोर दे सके इसका निर्णय करने का चुनाव है । झारखंड में नक्सलवाद चरम पर है कानून व्यवस्था चरमरा गई है यहां की बहू बेटियां सुरक्षित नहीं है आए दिन बलात्कार की घटनाएं हो रही है आलम यह है कि शाम होते ही बहन बेटियां घर से बाहर निकलने से डरती है। छीनतई की घटना बढ़ गई है आज महिलाएं सड़क पर आभूषण पहनकर नहीं निकल सकती शासन और प्रशासन का डर अपराधियों में खत्म हो गया है । जब रघुवर दास की भाजपा सरकार थी तो झारखंड में नक्सलवाद खत्म हो गया था महिलाएं 24 घंटे कहीं भी आ जा सकती थी नक्सली झारखंड छोड़ कर चले गए थे, व्यापारी हो या ग्रामीण ,उद्योगपति, हो या आम लोग सभी बिना डर के अपना व्यापार करते थे । परंतु आज राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था यहां के लोगों के लिए श्राप बन गया है इसलिए झारखंड को बचाने के लिए झारखंड के विकास के लिए मोदी जी को और सशक्त बनाने के लिए 13 फूल और एक फल की माला नरेंद्र मोदी जी को समर्पित करना होगा लिए 25 तारीख को राष्ट्रीय हित में मतदान करें आज देश को एक सशक्त नेतृत्व प्रदान करने के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान करें। इस अवसर पर सीमा शर्मा ,रमाकांत महतो, बलराम सिंह ,पप्पू वर्मा , के के गुप्ता, काजल प्रधान ,जय मसीह तिग्गा, रोहित शारदा ,पियूष विजयवर्गीय, नम्रता सोनी, रेखा देवी, आयुष गुप्ता, पंकज ,अनीता छेत्री ,अजय गिरी, नवरत्न वाली, मनोज कुमार, सुरेश प्रसाद, बजरंग प्रसाद गुप्ता, रिंकू तमांग ,निर्मला देवी ,रजनी आनंद, सुशीला तिग्गा, सहित सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बेहतर मतदान प्रतिशत के लिए जनता और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए चुनाव आयोग का आभार : भाजपा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने 13 मई को हरमू रोड स्थित मीडिया सेंटर में पत्रकारों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि झारखंड में पहले चरण का मतदान संपन्न हो गया। इसमें चार लोकसभा सीट के लिए मतदान हुए। झारखंड की जनता ने उत्साह के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आस्था और विश्वास व्यक्त करते हुए मतदान किया। जनता के रुझान से स्पष्ट हो गया है कि इन चारों लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेंगे।उन्होंने कहा कि झारखंड की गठबंधन सरकार ने जनता को धोखा दिया है। ठगने का काम किया है। साढ़े चार साल के कार्यकाल में ठगबंधन सरकार ने झारखंड को लूटने का काम किया है। विकास का काम अवरुद्ध करने का काम किया है। साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 10 साल में सभी वर्ग की चिंता की है। युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर काम किया है। इससे प्रभावित होकर बड़ी संख्या में युवाओं ने प्रधानमंत्री मोदी को पीएम बनने के लिए वोट किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने महिलाओं के मान सम्मान, उन्हें धुआं से आजादी दिलाने के लिए व्यापक पैमाने पर काम किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने घर-घर शौचालय का निर्माण कराया है। गैस कनेक्शन दिया है। इससे प्रभावित होकर महिलाओं ने प्रधानमंत्री मोदी को वोट दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने गरीबों के लिए काफी काम किया है। उन्हें पक्का मकान देने का काम किया है। हर महीने राशन मुक्त उपलब्ध करा रहे हैं। अच्छे अस्पताल में इलाज के लिए उन्हें आयुष्मान कार्ड भी उपलब्ध कराया है। प्रदेश महामंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी किसानों को हर साल किसान सम्मान निधि दे रहे हैं। आज तक किसी प्रधानमंत्री ने किसानों को ऐसा सम्मान नहीं दिया। किसानों ने इससे प्रभावित होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए वोट किया है।प्रचंड बहुमत से जीत हासिल करेंगे। जनता का रुख और स्पष्ट हार देखकर पलामू में राजद के लोग बौखला गए हैं। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रदेश मंत्री सरोज कुमार सिंह, प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो, सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह भी मौजूद थे।




## यशस्विनी सहाय को विजयी बनाने के लिए बनी रणनीति

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** इंडी गठबंधन में शामिल राजद के चुनावी कार्यालय धुर्वा में सोमवार को राजद के जिला पदाधिकारियों और सक्रिय कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में रांची लोकसभा क्षेत्र से गठबंधन की कांग्रेसी उम्मीदवार यशस्विनी सहाय को विजयी बनाने की रणनीति बनाई गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए राजद के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र महतो ने कहा कि रांची लोकसभा क्षेत्र के सभी नौ प्रखंडों में राजद कार्यकर्ता चुनाव प्रचार में जुट जाएं। हर बूथ पर पांच-पांच कार्यकर्ताओं की मौजूदगी सुनिश्चित करें ताकि बूथ पर विपक्षी दलों के जरिये की जाने वाली साजिश को रोका जा सके और मतदाता भी शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से मतदान कर सकें । महतो ने कहा कि जिला स्तर पर एक चुनाव समिति का गठन किया गया है, जिसमें जिला स्तर के सात पदाधिकारियों को शामिल किया गया है। यह चुनाव समिति हर दिन चुनाव प्रचार के कार्यों की समीक्षा करेगी और बेहतर से बेहतर ढंग से चुनाव प्रचार के लिए अपना सुझाव कार्यकर्ताओं को देगी।

## मतदान जागरूकता संदेश के साथ 14-15 मई को पप्पू मनायेगें माधुरी दीक्षित का जन्मदिन

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** धक धक गर्ल माधुरी दीक्षित के प्रशंसक पप्पू सरदार द्वारा माधुरी का जन्मदिन मंगलवार और बुधवार (14-15 मई) को मतदान जागरूकता संदेश के साथ साकची हंडी लाईन स्थित मनोहर चाट दुकान में धूमधाम से मनाया जायेगा। इसकी सभी तैयारियां पुरी कर ली गयी हैं। इसी क्रम में मतदान जागरूकता से संबंधित कई प्रकार के संदेश लिखे बैनर व पोस्टर से दुकान को पाट दिया गया हैं। प्रथम दिन मंगलवार की शाम 05 बजे माधुरी की लंबी उम्र के लिए पंडित संतोष कुमार त्रिपाठी द्वारा दुकान में पूजा की जायेगी। रात 9 बजे आदिवासी समाज की महिलाओं द्वारा सरहूल नृत्य किया जायेगा। रात 10 बजे केक कटिंग का कार्यक्रम होगा। दूसरे दिन बुधवार सुबह 10 बजे करनडीह स्थित चेशायर होम में रहने वाले दिव्यांगों (विशेष लोगों) को भोजन कराकर और उपहार देकर उनके साथ माधुरी की जन्मदिन की खुशियां बाटेगें। हर साल की तरह इस साल भी 15 मई बुधवार की संध्या में निःशुल्क चाट का वितरण किया जायेगा।




## गोल्ड मेडल जितने वाले रक्षित झा को पूर्व पार्षद ने किया सम्मानित

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मिस्टर बिहार पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में गोविंदपुर दयाल सिटी निवासी रक्षित झा द्वारा गोल्ड मेडल हासिल किए जाने पर आज उन्हें पूर्व पार्षद सुनीता शाह एवं अन्य समाजसेवियों द्वारा सम्मानित किया गया। रक्षित झा को गोल्ड मेडल मिलने पर गोविंदपुर के अनेक समाजसेवियों द्वारा रक्षित झा को माला व अंग वस्त्र पहनकर सम्मानित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से से समाज सेवी लल्लन साह, भाजपा नेता अशोक सिंह, पंचायत समिति सतबीर सिंह बग्गे, वार्ड सदस्य संतोष यादव, समाज सेवी संजय गुप्ता, मन्नू शर्मा एवं सुशील अग्रवाल आदि शामिल हैं। साथ ही सभी ने रक्षित झा को आगे भविष्य में और उन्नति के लिए आशीर्वाद दिया। इस मौके पर सुनीत शाह ने कहा कि स्पोट्स केवल शौक नहीं है बल्कि अगर पूरी लगन से बच्चे इसको करें तो इसको अपना करियर भी बनाया जा सकता है। जिसकी भविष्य में अनेक संभावनाएं हैं।



## मारवाड़ी महिला मंच की जया डोकानियां ने अपने आवास पर लगाया रूफटॉप सोलर सिस्टम

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी महिला मंच जमशेदपुर द्वारा ऊर्जा संरक्षण एवं पर्यावरण सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मंच की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षा जया डोकानियां ने सोनारी रोड़ के सर्किट हाउस स्थित अपने घर की छत के ऊपर रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाया हैं। इस संबंध में जया डोकानियां ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने बहुत ही महत्वाकांक्षी निर्णय (सूर्य उदय योजना) के तहत एक करोड़ घरों में रूफटॉप सोलर सिस्टम लगवाने का निर्णय लिया हैं। उसी समय से उन्होंने (जया डोकानियां) भी अपने घर की छत के ऊपर रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाने का सोच लिया था और आज वह सपना साकार हुआ। इस मौके पर मंच की अध्यक्ष रानी अग्रवाल, लता अग्रवाल, बीना खीरवाल, मीना अग्रवाल, मंजू खंडेलवाल, बीना अग्रवाल, प्रभा पाड़िया, विभा दुधानी, मंजू मुसद्दी, सुशीला खीरवाल, सीमा जवानपुरिया, शांति गोयनका आदि उपस्थित थी। यह जानकारी सुशीला खीरवाल द्वारा प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर दी गई।




## विवाह समारोह में शामिल हुए कल्याण चंद्र सिंह, वर-वधू को दिया आशीर्वाद

**तिरुलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला खरसावां जिला के कुकरू प्रखंड के बाबूडीह गांव में राज नारायण गोप के सुपुत्र दुलाल गोप के शुभ विवाह में राज परिवार के सदस्य कल्याण चंद्र सिंह शामिल होकर वर वधू को आशीर्वाद दिया। मौके पर कल्याण चंद्र सिंह ने कहा गांव के शादी विवाह में शामिल होने से एक अलग आनंद होता। वही उन्होंने गांव के लोगों के साथ बैठकर भोजन का आनंद भी लिया। वहीं राज नारायण गोप ने कल्याण चंद्र सिंह को धन्यवाद देते हुए उनका आभार प्रकट किया।



## बिष्टूपुर बाजार में कांग्रेस का गारंटी पत्र वितरण कर समीर मोहंती के लिए मांगा वोट

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिष्टूपुर मण्डल कांग्रेस एवं जिला कांग्रेस के तत्वावधान में बिष्टूपुर बाजार क्षेत्र में 500 दुकान में जनसंपर्क अभियान चलाकर कांग्रेस पार्टी का गारंटी पत्र वितरण किया गया। जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह आजाद ने कहा कि लोगों में गजब का उत्साह देखने को मिला। लोगों ने कहा कि महंगाई इतनी बढ़ गई है कि खरीदार के पास पैसा ही नही है। ग्राहक दुकानों तक बहुत कम पहुंच रहें है।बिष्टूपुर मण्डल कांग्रेस कमिटी के द्वारा इंडिया गठबंधन दल के प्रत्याशी समीर मोहंती को भारी संख्या में वोट देने के लिए अपील भी किया। जनसंपर्क अभियान में खगेनचन्द्र महतो, प्रदेश सचिव राकेश तिवारी, ब्रजेन्द्र तिवारी, संजय सिंह आजाद, शफी अहमद खान, संजय यादव, प्रमोद मिश्र, नसीम खान, तनवीर खान, सुमित सोनकर, अमित श्रीवास्तव, मण्डल अध्यक्ष अली रजा खान, ज्योति मिश्र, अशोक सिंह, रंजीत सिंह, ऊषा यादव, रेनु मिश्रा, गुड्डी देवी, रविशंकर के पी, सन्नी सिंह, मो सलीम, संध्या दास, मो नौशाद सहित कांग्रेसजन शामिल हुए।



# सिंहभूम संसदीय सीट के सरायकेला विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न

### - कई बूथों पर ईवीएम में खराबी आने से देर से शुरू हुआ मतदान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** सिंहभूम संसदीय सीट पर सरायकेला विधानसभा अंतर्गत गम्हरिया प्रखंड के सभी बूथों पर सोमवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच चुनाव शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। शहरी क्षेत्रों में अधिकतर बूथों पर भीड़ कम रही। लेकिन दिन के चढ़ने के साथ ही कई बूथों पर मतदाता के आने की सिलसिला शुरू हो गया। हालांकि शहरी क्षेत्रों की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं का रुझान मतदान के प्रति रहा। ग्रामीण क्षेत्रो में अधिकांश बूथों पर प्रातःकाल से ही मतदाताओं की भीड़ जुटनी प्रारम्भ हो गई जो 12 बजे तक लगी रही। इस कारण कई बूथों पर 80 से 85 प्रतिशत मतदान हुआ। इस दौरान गम्हरिया के तीन बूथों पर ईवीएम में खराबी आ जाने से देर से मतदान प्रारम्भ हुआ। गम्हरिया प्रखण्ड के रापचा आगनबांड़ी केन्द्र मतदान केंद्र संख्या 32 में ईवीएम मशीन खराब होने से एक घंटा विलंब से मतदान शुरु हुआ। माइक्रो आब्जर्वर अधिकारी कृष्ण हांसदा ने बताया कि ईवीएम मशीन को सील करने से पहले क्लियर नहीं किया गया था, जिस कारण मजिस्ट्रेट को बुलाकर मशीन को क्लियर किया गया। इसके बाद करीब आठ बजे से वहां मतदान शुरु किया गया। इसी प्रकार बूथ संख्या 51, छोटा गम्हरिया पंचायत भवन में भी ईवीएम में आई खराबी के कारण एक घण्टा विलम्ब से मतदान शुरू हुआ। इसके अलावा,बूथ संख्या 32 में भी ईवीएम में खराबी आने से एक घण्टा विलम्ब से मतदान शुरू हो सका। इस दौरान उन बूथों पर मतदाताओं की लंबी लाइन लग गई।



## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने घर-घर जाकर मतदाताओं से ली जानकारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मतदाता सूचना पर्ची (वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप) वितरण कार्य में तेजी लाने एवं शत प्रतिशत मतदाताओं के बीच वितरण सुनिश्चित कराने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने जमशेदपुर शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर वितरण कार्य का जायजा लिया ।मौके पर उप विकास आयुक्त मनीष कुमार मौजूद रहे । इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सिदगोड़ा, एग्रिको, भालूबासा आदि क्षेत्र में घर-घर जाकर मतदाताओं से मतदाता सूचना पर्ची वितरण कार्य की जानकारी ली। साथ ही सभी एआरओ, एईआरओ को निर्देशित किया कि एक-एक मतदाता तक मतदाता सूचना पर्ची का वितरण सुनिश्चित करें। गौरतलब है कि 07 मई से शुरू मतदाता सूचना पर्ची वितरण कार्य को 13 मई तक पूर्ण करने का लक्ष्य जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित किया गया है । जिला निर्वाचन पदाधिकारी स्वयं इस कार्य की मॉनिटरिंग कर रहे हैं । उन्होने कहा कि इस कार्य में कोई लापरवाही नहीं बरती जाए, बूथ लेवल ऑफिसर घर-घर जाकर मतदाता सूचना पर्ची उपलब्ध करायेंगे। साथ ही मतदाताओं को आगामी 25 मई को मतदान के लिए प्रेरित करें। जिले में 1887 मतदान केन्द्रों से जुड़े बूथ लेवल ऑफिसर मतदाता सूचना पर्ची के साथ रंगीन वोटर गाइड भी मतदाताओं को उपलब्ध करा रहे हैं।

## बुजुर्ग महिलाओं का आर्शीवाद लेकर जेसीआई पहचान ने मनाया मातृ दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शहर की सामाजिक संस्था जेसीआई जमशेदपुर पहचान की महिलाओं ने मानगो डिमना रोड़ के गेरूआ गांव स्थित ओल्ड एज होम (वृद्धाश्रम) जाकर वहां रहने वाले बुजुर्ग महिलाओं का आर्शीवाद लेकर मातृ दिवस मनाया। जेसीआई की महिलाओं ने बुजुर्ग महिलाओं के साथ चाय नाश्ता कर समय बिताया। साथ ही उनके बीच दवा, फल और सूखा खाद्य सामग्री का वितरण भी किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जेसीआई की बीना देबुका, मोनिका बकरेवाल, सुजीता अग्रवाल, नीमा मोदी, स्वाति अग्रवाल, सोनिया मोदी, सुजीता अग्रवाल, किरण अग्रवाल, अंजू मोदी आदि मौजूद थी।

## नारायणा जमशेदपुर के छात्रों का सी.बी.एस.ई. 10वीं एवं 12 वीं बोर्ड में शानदार प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** साकची स्थित देश की अग्रणी इंजिनियरिंग एवं मेडिकल कोचिंग संस्थान ''नारायणा आई.आई.टी./नीट एकेडमी, जमशेदपुर'' के छात्र-छात्राओं ने सी.बी.एस.ई. (दशवीं) एवं सी.बी.एस.ई. (बारहवीं) बोर्ड 2024 में अपार सफलता अर्जित की। नारायणा के नेशनल एकेडिक हेड सह जमशेदपुर सेन्टर के निदेशक श्री श्याम भूषण ने कहा कि सी.बी.एस.ई. (दशवीं) एवं सी.बी.एस.ई. (बारहवीं) बोर्ड 2024 के रिजल्ट जिसमें नारायणा जमशेदपुर सेन्टर से 90 प्रतिशत से अधिक स्कोर करने वाले छात्रों की संख्या 108 है। जिसकी गणना अभी भी जारी है जिसमें और अधिक छात्रों के 90 प्रतिशत से अधिक स्कोर होने की संभावना है।नारायणा जमशेदपुर से सी.बी.एस.ई. (दशवीं) एवं सी.बी.एस.ई. (बारहवीं) बोर्ड 2022 के रिजल्ट में 90 प्रतिशत से अधिक स्कोर करने वाले कुछ सफल छात्रों के नाम्र्सी.बी.एस.ई 10वीं की परीक्षा में नारायणा जमशेदपुर के छात्र्- अनशिका श्रीवास्तव (96.4 प्रतिशत), निलाद्री कर्मकार (96 प्रतिशत), आशिष कुमार (95.6 प्रतिशत), अनजनेया श्रीवास्तव (95 प्रतिशत), दीक्षा कुमारी (94.6 प्रतिशत), प्रीत सिंह (94.6 प्रतिशत), आयुष कुमार (94.4 प्रतिशत), अदित्या सिन्हा (94.4 प्रतिशत), वैभव पाण्डेय (94.4 प्रतिशत), तनु कुमारी (94.4 प्रतिशत), हर्ष कुमार झा (93.8 प्रतिशत), हरशिता कनेकल प्रकाश (93.6 प्रतिशत), निहारिका (93.4 प्रतिशत), कुमार कार्तिके (93.2 प्रतिशत), आयुष झा (93.2 प्रतिशत), अशमित घोष (91.8 प्रतिशत), अनिरवन पात्रा (91.8 प्रतिशत), नंदिनि (91.4 प्रतिशत), मयंक सिंह (91.4 प्रतिशत), शौर्या लाल (90.8 प्रतिशत), आयुष (90 प्रतिशत)सी.बी.एस.ई 12वीं की परीक्षा में नारायणा जमशेदपुर के छात्र- रितिकेश कुंवर (95.8 प्रतिशत), करन कुमार प्रसाद (95.6 प्रतिशत), नंदनि सिंह (95.4 प्रतिशत), अनुश्री खेमानी (95 प्रतिशत), श्रिया बराधा (94.6 प्रतिशत), पी. सम्पत गणेश (94.2 प्रतिशत), आदर्श राय (94.2 प्रतिशत), प्रेरणा बोथरा (93.8 प्रतिशत), दिलराज सिंह (93.6 प्रतिशत), अभिनव आनंद (90.8 प्रतिशत), अनिजित महता (90.8 प्रतिशत), कोयल बोस (90.6 प्रतिशत) श्री भूषण ने छात्रो के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामना देते हुए आगे बताया कि ये छात्र-छात्राए आगामी जे.ई.ई. ( जे.ई.ई. एडवान्स) एवं नीट - 2023 की परीक्षा में भी शहर के टॉपर होंगे।

## दयावती मोदी पब्लिक स्कूल के बच्चो ने दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** उमेश नगर चांडिल स्थित दयावती मोदी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सीबीएसई दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड की परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन किया।कक्षा दसवीं में सुमित गुप्ता 94.2 प्रतिशत, यासु पसारी 94 प्रतिशत तथा अनिरुद्ध पॉल 92.6 प्रतिशत अंकों के साथ क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय के सभी बच्चों ने बोर्ड परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन कर उतीर्ण हुए 7बारहवी कक्षा( पीसीएमबी) में सुमित कुमार 90.5 प्रतिशत अंक के साथ टॉपर बने तथा रुमझुम सेन 81 प्रतिशत एवं भूमिका कुमारी ने 75.25 प्रतिशत अंक के साथ क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे । वाणिज्य संकाय में वंशिका भोतिका 84.25 प्रतिशत, वीर वर्मा 82.50 प्रतिशत एवं राजीव कुमार प्रताप सिंह 81 प्रतिशत अंको के साथ क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। कला संकाय में अन्वेषा वर्मा 88प्रतिशत अंक लाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किये। विद्यालय के सभी बच्चों ने बोर्ड परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन कर उतीर्ण हुए।




## डांगरडीह में आंधी तूफान पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे विधायक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बोड़ाम थाना क्षेत्र की पहाड़पुर पंचायत अंतर्गत डांगरडीह गांव निवासी हाराधन कुंभकार के घर में लगे टीना की छावनी दो दिनों पूर्व आंधी तूफान से उड़ गया था जिससे वह बेघर हो गए हैं। कार्यकर्ताओं के माध्यम से जानकारी मिलने पर सोमवार को पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने आपदा प्रबंधन के तहत तत्काल मुआवजा एवं लोकसभा चुनाव बाद अबुआ आवास योजना का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। विधायक ने बोड़ाम बीडीओ सह सीओ नाजिया अफरोज को मामले की जानकारी देते हुए आपदा प्रबंधन विभाग से पीड़ित परिवार को मुआवजा राशि दिलाने की मांग की है। विधायक ने बताया कि बीडीओ की ओर से क्षति का आकलन करने गांव में कर्मचारी को भेजे गए थे। इस दौरान मुखिया अजब सिंह, दीपक रंजीत, हिमांशु महतो, काजल सिंह समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।



## नक्सल प्रभावित क्षेत्र रोलाहातु पंचायत में लोगों ने बढ़ चढ़ कर किया मतदान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** लोकतंत्र के महापर्व सोमवार को खरसावां कुचाई के विभिन्न मतदान केंद्र में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। महिलाओं अपने घरेलू कार्य छोड़कर सुबह से ही मतदान के लिए कतार वध लाइन में खड़े होकर अपने समय का इंतजार किया। वहीं पुरुषों का भी कतार वध लाइन हर मतदान केंद्रों में देखने को मिला। मतदान केंद्र में सुरक्षा बल की जवान तैनात रहे। कुचाई प्रखंड क्षेत्र के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र रोलाहातु पंचायत के विभिन्न मतदान केंद्र में इस बार क्षेत्र के लोग बढ़ चढ़कर अपने मतदान का प्रयोग किया। चिड़चिड़ाती धूप में भी लोगों की उमड़ी भीड़ सभी ने अपना मताधिकार किया। वहीं मतदान कार्य में लगे महिला स्वंयसेवी संस्था की महिला सदस्यों द्वारा वरिष्ठ मतदाताओं को व्हीलचेयर से बूथ केंद्र में लाने ले जाने का काम किया। कुचाई प्रखंड के कुल 63 बूथों में लोग शांतिपूर्ण तरीके से बढ़-चढ़कर अपना मतदान किया। वहीं केंद्रीय मंत्री सह भाजपा के खुंटी लोकसभा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा एवं उनकी पत्नी मीरा मुंडा ने भी खरसावां के खिलारीसाई मतदान केंद्र में अपना मतदान किया साथ ही खरसावां विधायक दशरथ गागराई एवं उनके धर्मपत्नी बासंती गागराई ने भी अपनी पैतृक गांव लोसोदिकी के? मतदान केंद्र में अपना मतदान किया।



## सरायकेला विधानसभा क्षेत्र में 70.20प्रतिशत और खरसावां में 74.49प्रतिशत हुआ मतदान

### - उपायुक्त एवं आरक्षी अधीक्षक ने सरायकेला के मतदान केंद्र संख्या- 343 में किया मतदान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो ने सरायकेला नगरपंचायत क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या- 343 (प्राथमिक विद्यालय सरगीडीह) पर पहुंच कर अपने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।मौके पर उपायुक्त ने आम जनों से अपील किया कि आप भी अपने मतदान केन्द्रों पर पहुंच लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।सोमवार को सुबह छह बजे से ही जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों में अपने अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए आम व खास काफी उत्साह के साथ पहुंचने लगे थे। निर्धारित समय सुबह सात बजे से मतदान कर्मी मतदान दिलाने के कार्य में लग गए। मिली जानकारी अनुसार कुछ केंद्रों में पंद्रह बीस मिनट विलंब से कार्य शुरू हुए। समाचार लिखे जाने तक किसी भी केंद्र से कोई गड़बड़ की सूचना नहीं है। शांतिपूर्ण वातावरण में मतदाताओं द्वारा मतदान किया गया।सोमवार को जिला अंतर्गत सिंहभूम लोकसभा के सरायकेला तथा खूंटी लोक सभा अंतर्गत खरसावां विधानसभा क्षेत्र में पांच बजे तक मतदान प्रतिशत सरायकेला विधानसभा क्षेत्र 70.20प्रतिशत और खरसावां विधानसभा क्षेत्र 74.49प्रतिशत मतदान हुआ।



# सी.बी.एस.ई. 10वीं एवं 12वीं में जुस्को स्कूल साउथ पार्क का बेहतर प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जुस्को स्कूल साउथ पार्क के छात्र-छात्राओं ने सी.बी.एस.ई. (10वीं) एवं सी.बी.एस.ई. (10वीं) बोर्ड 2024 में बेहतर प्रदर्शन किया है। स्कूल की प्रिंसिपल मिली सिन्हा ने कहा कि 10वीं में 54 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए है। 24 छात्रों ने 90-100 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त किए हैं। जबकि 30 छात्रों ने 80 -89 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त किए हैं। उच्चतम प्रतिशत स्कोर 96 प्रतिशत है।

**10वीं में बेहतर अंक प्राप्त करने वाले छात्र**

साहिल ओझा - 96 प्रतिशत, रवि कुमार- 95.6 प्रतिशत, ऋषि प्रकाश- 94.6 प्रतिशत, सुदेशना दत्ता- 94.6 प्रतिशत, गौरवी गोराई- 94.4 प्रतिशत, अरुल बिस्वास - 93.8 प्रतिशत, गर्व अग्रवाल- 93.6 प्रतिशत, अदिति तिवारी- 93.4 प्रतिशत, श्रद्धा झा- 93 प्रतिशत, तियासा पॉल, 92.8 प्रतिशत, लक्ष्य कुमार - 92.6 प्रतिशत, अमृतांशु कश्यप- 92.6 प्रतिशत, अन्वेष- 92.4 प्रतिशत, सशांक कुमार झा - 92.4 प्रतिशत, शगुन श्री- 92.2 प्रतिशत, सुधांशु कुमार सिंह- 92.2 प्रतिशत, रौनक कुमार- 92.2 प्रतिशत, मयंक सिंह - 91.6 प्रतिशत, जायेद हमजा - 91.4 प्रतिशत, आदित्य दास - 91.4 प्रतिशत, प्रतीक कुमार - 91प्रतिशत, पुण्यप ज्ञानेश कुमार - 91 प्रतिशत, आदित्य राज शर्मा - 90.4 प्रतिशत और किंशुक सिंह शेखावत - 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। वहीं 12वीं में 4 छात्रों ने 90 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं जबकि 37 छात्र 80-89 प्रतिशत के ब्रैकेट में हैं।

**12वीं प्योर साइंस-**

आदर्श राय- 94.2 प्रतिशत, वगीशा कुमार - 92.6 प्रतिशत, शुभम पॉल- 89.4 प्रतिशत, हर्ष कुमार- 89.4 प्रतिशत, अभिषेक राज- 89.2 प्रतिशत, कुमार अक्षत- 88.6 प्रतिशत, आशुतोष कुमार पांडेय- 87.8 प्रतिशत, शशांक साहू- 87.6 प्रतिशत, रौनित राय- 87.4 प्रतिशत।

**12वीं बायो साइंस-**

समृद्धि रानी- 93.4 प्रतिशत, अर्चिता कुमारी- 87.2 प्रतिशत।

12वीं कॉमर्स - विशाखा मिश्रा- 94 प्रतिशत।

10वीं में बेहतर अंक प्राप्त करने वाले छात्र







## गोबरघुसी में वार्षिक चड़क पूजा पर रात्रि में हुई छौऊ नृत्य का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के गोबरघुसी गांव स्थित सार्वजनिक शिव मंदिर परिसर में दो दिवसीय वार्षिक चड़क मेला का शुभारंभ सोमवार की शाम जांगाल कार्यक्रम के पश्चात कलश स्थापना करते हुए की गई है। इसके बाद महिला व्रतियों ने पूजा अर्चना करते हुए बाबा भोलेनाथ से आशीर्वाद प्राप्त किया। रात्रि में पुरुलिया जिले से पहुंचे सनत महतो व सरायकेला जिले पहुंचे बीरेंद्र महतो के छौऊ कलाकारों ने नृत्य प्रस्तुत की। छौऊ नृत्य देखने के लिए आसपास गांवों से हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी। गांव के पंचानन प्रमाणिक ने बताया कि दो दिवसीय चड़क मेला के पहले दिन रात्रि में छौऊ नृत्य व दूसरे दिन शाम में बूगी बूगी डांस धमाका का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर को विद्युत लाइट से सुसज्जित किया गया है। जो दर्शकों के लिए आकर्षक का केंद्र बना हुआ है। पूजा अर्चना को सफल में ग्राम प्रधान बेलु सिंह, षष्ठी चरण दत्त,नीलरतन पाल, बीरेंद्र प्रताप सिंह, नयन प्रमाणिक, कन्हाई प्रमाणिक व अधीरथ कालिंदी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

संपादकीय

# कसम चुनाव की

**चुनाव** के तपते महीने के मुहाने पर खड़ा ऋण किसी भी पार्टी के लिए अपवाद नहीं। खुशखबरी यह कि दिसंबर तक की वित्तीय मोहलत में 6200 करोड़ तक का कर्ज उठाने का सामर्थ्य हमें इस लायक बना रहा है कि चुनाव परिणाम कुछ भी रहें, प्रदेश की तकदीर में उधार का भूसा भरा रहेगा। अप्रैल-मई में हजार जमा सात सौ करोड़ की ऋण अनुमति के हम सिकंदर हैं, लेकिन कसम चुनाव की, इसको लेकर कोई बहस नहीं होगी। बहस तो यह होगी कि आखिर कंगना रनौत खाती और पहनती क्या है या आनंद शर्मा कितने अपने-कितने प्रतिशत बाहरी हैं। हमारे मुद्दे टकराऊ हैं जरूर। अगर आप में सामर्थ्य है तो बताएं मेडिकल कालेजों, एम्स तथा पीजीआई सेटेलाइट सेंटर का श्रेय किसे दें। वैसे हम श्रेय लूट कर ही कंगाल हो रहे हैं। घाटे के बस डिपो खोलने का श्रेय, छात्रों के बिना स्कूल-कालेज खोलने का श्रेय और अस्पताल खोलकर डाक्टर की तलाश करने का श्रेय लूटना कोई हिमाचल से सीखे। हमारे चुनाव की सुर्खियां इस काबिल भी नहीं कि पिछले साल के उठाए गए 8300 करोड़ के कर्ज पर अफसोस कर सकें। हमें कौन सी आफत है कि राज्य के मुकद्दर पर बैठे करीब सत्तर हजार करोड़ के ऋण का दुख मनाएं। दुखी तो हम तब होते हैं जब विपक्ष में पहुंचा दिए जाते हैं, वरना सत्ता में रहते हुए तो अदना सा विधायक भी कह उठता है कि प्रदेश में धन की कमी आने नहीं देंगे। वाकई धन है सरकारी नौकरी में और ओल्ड पेंशन स्कीम में। सरकार की हर गारंटी में। हमें मुफ्त में बिजली और महिला होने पर पंद्रह सौ का वजीफा मिल जाए तो दुख काहे का। हमें एचआरटीसी का बढ़ता घाटा नहीं सताता, क्योंकि महिला यात्री बनते ही आधा किराया और करवा चौथ व राखी पर मुफ्त में सरकारी बस पर चढने का मौका मिल जाता है। जिस प्रदेश की हर साल कर्ज उठाने से नाक नहीं कटती, वहां नागरिक समाज क्यों मुफ्त में खाने से न नुकर करें। हम बीपीएल होकर वीआईपी हो जाते हैं और शुक्रगुजार हैं केंद्र सरकार के कि कुछ हो या न हो, मुफ्त के राशन में हिमाचल का भाषण भी शरीक हो जाता है। हम राज्य और केंद्र की सत्ता में परोसी जा रही रेवडियों के इतने मुरीद हैं कि न प्रदेश और न ही देश की आर्थिकी रास आती है। इस पर तुर्रा यह कि डबल इंजन सरकार बन कर भी हमारी लालटेन में तेल खरीदने की शक्ति नहीं। कहने को हम विद्युत राज्य और शुक्रिया शांता कुमार और नरसिंहा सरकार का कि हिमाचल में पैदा होने वाली बिजली में से मुफ्त की आपूर्ति रायल्टी स्वरूप मिल रही, वरना बीबीएमबी में लटके हमारे वित्तीय अधिकार आज भी सजायाफ्ता हैं। सुक्खू सरकार ने जोश जोश में बीबीएमबी को ललकारा तो केंद्र को पसंद नहीं आया। वाटर सैस लगाकर खजाने को धूप टीका दिया, तो फिर केंद्र को मजा नहीं आया। इधर सुक्खू सरकार आत्मनिर्भरता के लिए शानन विद्युत परियोजना की लीज खत्म होने के बाद, वापसी की प्रतीक्षा कर रही उधर केंद्र व पंजाब के चुनाव हमारे अपने चुनावों को आंखें दिखा रहे हैं। अटल सरकार ने कभी औद्योगिक पैकेज दिया तो बीबीएन ने आर्थिक दवाई बनानी शुरू कर दी, लेकिन इस पैकेज को रोकने वाले अब हिमाचल के हित में वोट मांग रहे हैं। हिमाचल चुनाव की फेहरिस्त में वेतन-भत्तों की चर्बी एक तरफ और दूसरी तरफ उधार की कड़छी में सारा दारोमदार शीर्षासन कर रहा। चुनाव की डगर में तमाम प्रत्याशियों की वचनबद्धता को सलाम। आम मतदाता को अपने सपने दिखाएं, भले ही चिडियां न जाने कब खेत को चुग चुकी हैं। अब शराब बेचेंगे, तो राज्य की आमदनी बढ़ेगी, वरना रेत-बजरी तो माफिया की नजर में घर कर चुकी है। जिन्हें रोजगार नहीं मिलता चुनाव की दिहाड़ी मिल सकती है। पोस्टर चिपकाने, ढोल बजाने, नारे लगाने या भीड़ बन जाने के लिए चुनाव की हैसियत तो राज्य के खजाने से बेहतर है, लेकिन उधारी में फटेहाल हिमाचल के दांतों में मंजन करने के लिए हम जनादेश के लिए बाध्य और मजबूर रहेंगे। चुनाव को इससे क्या लेना देना कि आर्थिक संसाधन विहीन हिमाचल को करना क्या चाहिए।

अप्रैल-मई में हजार जमा सात सौ करोड़ की ऋण अनुमति के हम सिकंदर हैं, लेकिन कसम चुनाव की, इसको लेकर कोई बहस नहीं होगी। बहस तो यह होगी कि आखिर कंगना रनौत खाती और पहनती क्या है या आनंद शर्मा कितने अपने-कितने प्रतिशत बाहरी हैं। हमारे मुद्दे टकराऊ हैं जरूर। अगर आप में सामर्थ्य है तो बताएं मेडिकल कालेजों, एम्स तथा पीजीआई सेटेलाइट सेंटर का श्रेय किसे दें। वैसे हम श्रेय लूट कर ही कंगाल हो रहे हैं। घाटे के बस डिपो खोलने का श्रेय, छात्रों के बिना स्कूल-कालेज खोलने का श्रेय और अस्पताल खोलकर डाक्टर की तलाश करने का श्रेय लूटना कोई हिमाचल से सीखे। हमारे चुनाव की सुर्खियां इस काबिल भी नहीं कि पिछले साल के उठाए गए 8300 करोड़ के कर्ज पर अफसोस कर सकें। हमें कौन सी आफत है कि राज्य के मुकद्दर पर बैठे करीब सत्तर हजार करोड़ के ऋण का दुख मनाएं। दुखी तो हम तब होते हैं जब विपक्ष में पहुंचा दिए जाते हैं, वरना सत्ता में रहते हुए तो अदना सा विधायक भी कह उठता है कि प्रदेश में धन की कमी आने नहीं देंगे। वाकई धन है सरकारी नौकरी में और ओल्ड पेंशन स्कीम में।

### भारत में मध्यम आय वर्ग के लोगों की संख्या में तेज वृद्धि से क्रय शक्ति बढ़ी है

# भारत 2047 तक ऐसे बनेगा विकसित देश

डा. जयंतीलाल भंडारी

भारत वर्ष 2047 तक विकसित देश बनने के सपने को साकार कर सकेगा। गौरतलब है कि इस समय दुनिया में कोई 40 ही देश विकसित हैं, जिनमें प्रमुख रूप से विकसित यूरोपीय देश हैं। भारत इस समय विकासशील देश है। अब भारत के विकसित राष्ट्र बनने की महत्त्वपूर्ण उपलब्धि हासिल होने की संभावनाओं के कई आधार हैं। भारत दुनिया में वैश्विक सुस्ती की चुनौतियों के बीच आर्थिक विकास की डगर पर लगातार तेजी से आगे बढ़ रहा है। हाल ही में 26 अप्रैल को प्रकाशित वैश्विक परामर्श एजेंसी डेलॉयट इंडिया की नई रिपोर्ट के तहत वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर 7.6 से 7.8 प्रतिशत कर दिया है।

**इन** दिनों पूरे देश में ही नहीं पूरी दुनिया में अर्थ विशेषज्ञ एकमत से टिप्पणी कर रहे हैं कि यदि भारत अपने विकास मॉडल में तेज विकास के साथ समावेशी विकास तथा रोजगार एवं साझी समृद्धि की रणनीति पर तेजी से आगे बढ़ेगा, तो भारत वर्ष 2047 तक विकसित देश बनने के सपने को साकार कर सकेगा। गौरतलब है कि इस समय दुनिया में कोई 40 ही देश विकसित हैं, जिनमें प्रमुख रूप से विकसित यूरोपीय देश हैं। भारत इस समय विकासशील देश है। अब भारत के विकसित राष्ट्र बनने की महत्त्वपूर्ण उपलब्धि हासिल होने की संभावनाओं के कई आधार हैं। भारत दुनिया में वैश्विक सुस्ती की चुनौतियों के बीच आर्थिक विकास की डगर पर लगातार तेजी से आगे बढ़ रहा है। हाल ही में 26 अप्रैल को प्रकाशित वैश्विक परामर्श एजेंसी डेलॉयट इंडिया की नई रिपोर्ट के तहत वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर 7.6 से 7.8 प्रतिशत कर दिया है। कहा गया है कि भारत में मध्यम आय वर्ग के लोगों की संख्या में तेज वृद्धि से क्रय शक्ति बढ़ी है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले 2 साल से वृद्धि के मजबूत आंकड़ों ने अर्थव्यवस्था को कोविड के पहले के स्तर में आने में मदद की है। बुनियादी ढांचे पर सरकार के व्यय में तेजी से निवेश को समर्थन मिला है। इससे भारत को वृद्धि की रफ्तार तेज रखने में मदद मिली है। निस्संदेह यह रिपोर्ट ऐसे समय में आई है, जब कुछ दिन पहले ही अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने मजबूत घरेलू मांग और कामकाज करने वाली आबादी को देखते हुए वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत का वृद्धि अनुमान 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। साथ ही विश्व बैंक ने भी वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की वृद्धि का अनुमान 6.4 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है। निश्चित रूप से विकसित भारत बनने के लिए भारत की मुट्ठियों में कई महत्त्वपूर्ण संभावनाएं हैं। भारत में पिछले वर्ष 2023 में आयोजित जी-20 के शानदार सफल आयोजन से भारत के पास विकास के नए सूत्र आए हैं। भारत के पास पिछले 10 वर्षों की शानदार विरासत है। यह भारत का ऐसा समय है जब हमारी आर्थिक वृद्धि लगातार बढ़ रही है। भारत में स्थिति मैन्युफेक्चरिंग, निवेश और निर्यात के मद्देनजर उपयुक्त है। मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान से देश तेजी से आगे बढ़ा है। वैश्विक



स्तर पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में गिरावट के रुझान के बीच भारत दुनिया के सर्वाधिक एफडीआई प्राप्त करने वाले प्रमुख देशों में शामिल है। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार भी तेजी से बढ़ा है। वैश्विक सुस्ती के बीच भारत का शेयर बाजार नई ऊंचाइयों पर है। पिछले एक दशक में हुए रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफार्म देश के विकास के लिए गेमचेंजर रहे हैं। भारत में अहम आर्थिक सुधार हुए और इन सुधारों में जन धन, आधार और मोबाइल आधारित सब्सिडी सुधार (जेएएम) वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) तथा ऋणशोधन अक्षमता एवं दिवालिया संहिता (आईबीसी) प्रमुख हैं। निस्संदेह इस समय भारत के पास टिकाऊ विकास के अभूतपूर्व अवसर हैं। वैश्विक राजनीतिक और आर्थिक मंचों पर भारत को विशेष अहमियत दी जा रही है। भारत को संयुक्त राष्ट्र संघ का स्थाई सदस्य देश बनाने के लिए अमरीका, ब्रिटेन, फ्रांस और रूस का समर्थन रेखांकित हो रहा है और भारत वैश्विक मंच पर बड़ी भूमिका के लिए तैयार है। भारत के तेजी से बढ़े कृषि क्षेत्र से दुनिया की उम्मीदें बढ़ गई हैं। तेजी से बढ़ते भारतीय बाजार के कारण भारत के मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) बढ़ रहे हैं। प्रवासी भारतीयों के द्वारा लगातार भारत की ओर अधिक रेमिटेंस भेजा जा रहा है। इस समय देश के वैज्ञानिकों के द्वारा अंतरिक्ष आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर, ऊर्जा तथा नए तकनीकी विकास के कारण आर्थिक विकास को गति मिल रही है चीन के प्रति बढ़ती नकारात्मकता के मद्देनजर भारत नए वैश्विक आपूर्तिकर्ता देश के रूप में उभरकर सामने आया है। अब भारत में लॉजिस्टिक लागत में कमी आने लगी है। इतना ही नहीं भारत दुनिया के 85 देशों को हथियार व सैन्य सामग्रियों का निर्यात भी कर रहा है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि सरकार के द्वारा विगत 10 वर्षों में किए गए आर्थिक और वित्तीय सुधारों के साथ-साथ कठोर प्रशासनिक निर्णयों से देश में आर्थिक विकास की रफ्तार बढ़ी है। इसके साथ-साथ दुनिया में मजबूत लोकतंत्र और स्थिर सरकार के रूप में भारत की पहचान, स्टार्टअप का दुनिया में सबसे तेजी से बढना, भारत में दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी के लिए बढ़ते हुए नए दौर के कौशल निर्माण कार्यक्रम, बड़े पैमाने पर पूंजीगत खर्च, गैर जरूरी आयात में कटौती, खेलों के क्षेत्र में भारत की लंबी छलांगों से लाभान्वित होती भारतीय अर्थव्यवस्था और बाहरी झटकों से उबरने की क्षमता देश के टिकाऊ विकास की बुनियाद बन गई है। निश्चित रूप से भारत को विकसित देश बनाने के लिए वर्तमान विकास मॉडल में सुधार करना होगा। विकास मॉडल में समृद्ध भारत के साथ समावेशी भारत की तस्वीर को हरदम सामने रखना होगा। जहां देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ाते रहना होगा, वहीं रोजगार वृद्धि व आम आदमी के सशक्तिकरण के अधिक प्रयास करने होंगे। यद्यपि पिछले 10 वर्षों में बहुआयामी गरीबों में बड़ी कमी आई है। लेकिन अब बकाया 15 करोड़ से अधिक गरीबों को नई मुस्कराहट देने का जोरदार अभियान आगे बढ़ाना होगा। इस बात को भी ध्यान में रखना होगा कि देश के आम आदमी के कमजोर जीवन स्तर को अच्छे जीवन स्तर में बदला जाए। देश में 19 करोड़ से अधिक महिलाओं को पेड वर्कफोर्स में शामिल करने की रणनीति को अमलीजामा पहनाना होगा। हमें विकास के लिए चीन की कम कौशल वाले विनिर्माण की नीति को अपनाने की बजाय हमारे शक्तिशाली सर्विस सेक्टर के जरिए विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए आगे बढना होगा। कई अहम सुधारों को वैधानिक बनाते हुए उनका तेजी से क्रियान्वयन करना होगा। कृषि, श्रमिक, भूमि भ्रष्टाचार के उन्मूलन और अन्य सुधारों की डगर पर तेजी से बढना होगा। यद्यपि केंद्र सरकार 29 श्रम कानूनों को चार श्रम संहिताओं में तबदील करने की महत्त्वाकांक्षी योजना को आकार देने में सफल रही है, लेकिन ये अब तक लागू नहीं हुई है। अब एक ऐसे समय में जब कई देशों की कंपनियां चीन से बड़ी संख्या में उद्योग-कारोबार स्थानांतरित करते हुए दिखाई दे रही हैं तब हम अच्छे श्रम कानूनों से इसका लाभ उठा सकते हैं। देश के तेज विकास के लिए उभरते क्षेत्रों में शोध एवं विकास क्षेत्र में जरूरी निवेश पर्याप्त नहीं है।

दृष्टि कोण

# हिंदू राष्ट्रनीति व हिंदवी स्वराज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज

**शिवाजी** के भीतर भारतीय संस्कृति के महान संस्कार कूट-कूट कर भरे थे। वह सदैव अपने माता – पिता और गुरु के प्रति श्रद्धालु और सेवाभावी बने रहे। उन्होंने कभी भी अपनी माता की किसी आज्ञा का उल्लंघन नहीं किया और पिता के विरुद्ध पर्याप्त विपरीत परिस्थितियों के होने के उपरांत भी कभी विद्रोही स्वभाव का परिचय नहीं दिया। वह उनके प्रति सदैव एक कृतज्ञ पुत्र की भांति ही उपस्थित हुए। शिवाजी महाराज को अपने पिता से स्वराज की शिक्षा मिली। जब बीजापुर के सुल्तान ने शाहजी राजे को बन्दी बना लिया तो एक आदर्श पुत्र की भांति उन्होंने बीजापुर के शाह से सन्धि कर शाहजी राजे को मुक्त करा लिया। इससे उनके चरित्र की उदारता का बोध हमें होता है और हमें पता चलता है कि वह हृदय से कृतज्ञ रहने वाले महान शासक थे। उस समय की राजनीति में पिता की हत्या कराकर स्वयं को शासक घोषित करना एक साधारण सी बात थी। यदि शिवाजी चारित्रिक रूप से महान नहीं होते तो वह अपने पिता की हत्या तक भी करा सकते थे, परंतु उन्होंने ऐसा कोई विकल्प नहीं चुना। शाहजी राजे के निधन के उपरांत ही उन्होंने अपना राज्याभिषेक करवाया। यद्यपि वह उस समय तक अपने पिता से स्वतंत्र होकर एक बड़े साम्राज्य के अधिपति हो गये थे। कहने का अभिप्राय है कि उनकी अधिपति होने की यह स्थिति उनके भीतर अहंकार का भाव उत्पन्न कर सकती थी, परंतु शिवाजी सत्ता को पाकर भी मद में चूर नहीं हुए। उनके नेतृत्व को उस समय सब लोग स्वीकार करते थे। यही कारण है कि उनके शासनकाल में कोई आन्तरिक विद्रोह जैसी प्रमुख घटना नहीं हुई थी। यह भी एक विचारणीय तथ्य है कि जिस समय शिवाजी शासन कर रहे थे, उस समय इस प्रकार की स्वाभाविक स्वामीभक्ति सचमुच हर किसी शासक को उपलब्ध नहीं थी। शिवाजी शत्रु के प्रति दुष्ट के साथ दुष्टता का व्यवहार करने की नीति में विश्वास रखते थे, अर्थात जैसे के साथ तैसा करना



वह उचित समझते थे। यही उस समय की राजनीति का तकाजा भी था। तुर्की ब तुर्की प्रत्युत्तर देना राजनीति का धर्म होता है। हमने 'सद्गुण विकृति' के कारण कई बार अपनी उदारता का परिचय देते हुए शत्रु पर अधिक विश्वास किया और अंत में उससे हानि ही उठाई। परंतु शिवाजी ऐसा करने को कभी भी तत्पर नहीं होते थे। शिवाजी शत्रु को परास्त करने की नीति में विश्वास रखते थे। शिवाजी महाराज ने अपने राज्याभिषेक (6 जून 1674) के अवसर पर हिंदू पद पातशाही की घोषणा की थी। वह देश में हिंदू राजनीति को स्थापित कर देश से विदेशियों को खदेड़ देना चाहते थे। उनकी राजनीति का मूल आधार नीति, बुद्घि तथा मर्यादा-ये तीन बिंदु थे। रामायण, महाभारत, तथा शुक्रनीतिसार का उन्होंने अच्छा अध्ययन किया था। इसलिए अपने राज्य को उन्होंने इन्हीं तीनों महान ग्रंथों में उल्लेखित राजधर्म के आधार पर स्थापित करने का पुरूषार्थ किया। वह राष्ट्रनीति में मानवतावाद को ही राष्ट्रधर्म स्वीकार करते थे। शुक्र नीति में तथा रामायण व महाभारत में राजा के लिए 8 मंत्रियों की मंत्रिपरिषद का उल्लेख आता है। इसलिए शिवाजी महाराज ने भी अपने राज्य में 8 मंत्रियों का मंत्रिमंडल गठित किया था। शेजवलकर का मानना है कि ये अष्टप्रधान की कल्पना शिवाजी ने 'शुक्रनीतिसार' से ही ली थी। अंग्रेज व मुस्लिम इतिहासकारों ने शिवाजी को औरंगजेब की नजरों से देखते हुए 'पहाड़ी चूहा' या एक लुटेरा सिद्घ करने का प्रयास किया है। अत्यंत दुःख की बात ये रही है कि इन्हीं इतिहासकारों की नकल करते हुए कम्युनिस्ट और कांग्रेसी इतिहासकारों ने भी शिवाजी के साथ न्याय नही किया। छल, छदम के द्वारा कलम व ईमान बेच देने वाले इतिहासकारों ने शिवाजी के द्वारा हिंदू राष्ट्रनीति के पुनरूत्थान के लिए जो कुछ महान कार्य किया गया उसे मराठा शक्ति का पुनरूत्थान कहा ना कि हिंदू शक्ति का पुनरूत्थान। शिवाजी की नीति धर्मनिरपेक्ष राज्य की स्थापना करने की थी। खानखां जैसे इतिहास कार ने भी उनके लिए ये कहा है कि शिवाजी के राज्य में किसी अहिंदू महिला के साथ कभी कोई अभद्रता नही की गयी। उन्होंने एक बार कुरान की एक प्रति कहीं गिरी देखी तो अपने एक मुस्लिम सिपाही को बड़े प्यार से दे दी। याकूत नाम के एक पीर ने उन्हें अपनी दाढ़ी का बाल प्रेमवश दे दिया तो उसे उन्होंने ताबीज के रूप में बांह पर बांध लिया। साथ ही बदले में उस मुस्लिम फकीर को एक जमीन का टुकड़ा दे दिया।

कुछ अलग

# चुनावी रण में नेतृत्व की परीक्षा

**हिमाचल** में आजकल जम कर चुनाव प्रचार हो रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और कांग्रेस अध्यक्षा प्रतिभा सिंह सरकार और संगठन में सब कुछ ठीक है, का आभास देते नजर आ रहे है। यह लेख लिखे जाने के वक्त कांगड़ा और हमीरपुर लोकसभा सीट पर काफी माथापच्ची के बाद क्रमशः आनंद शर्मा और सतपाल रायजादा को लोकसभा का प्रत्याशी घोषित कर ही दिया है। खैर, यह लेट लतीफी का कांग्रेसी कल्चर है जो खबरों में बना रहता है। सरकार को बने 15 महीने हो गए है। जमीनी हालात यह है कि जनता यह सब सोचने को मजबूर है कि विधान सभा के लिए क्या उपचुनाव राजनीतिक सूझबूझ से टाले नहीं जा सकते थे। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को उपचुनाव के मुद्दे पर जनता को उत्तर देना होगा। सरकार का मुखिया होने के नाते सुखविंदर सिंह सुक्खू और उनकी टीम को अपने 15 महीने के शासन के रिकॉर्ड पर जनता के बीच उतरना होगा अपनी सरकार को बचाने व संभाले रखने के लिए यह उपचुनाव जीतना अत्यंत आवश्यक है। भाजपा के विषय में तो यह प्रसिद्ध है कि वह चुनावी मूड में रहने वाली पार्टी है और प्रधानमंत्री मोदी को हर समय चुनावों में सबसे ज्यादा व्यस्त रहने वाले प्रधानमंत्री का तमगा प्राप्त है। प्रधानमंत्री के तौर पर वह कैसे हैं यह लेख का मंतव्य नहीं। उस पर फिर कभी। मुख्यमंत्री सुक्खू के सामने सबसे बड़ी चुनौती और प्राथमिकता विधान सभा उपचुनावों की छहों सीटों पर विजयी हासिल करना होगा। लोकसभा के चुनावों में चारों सीटें जीता कर हाई कमान की झोली में डाल कर वह उनके विश्वास को पुख्ता कर सकेंगे। उन के लिए यह एक अवसर आया है। इस जीत से वह हाई कमान के सामने और प्रदेश कांग्रेस संगठन में विरोधी होली लॉज कैंप के समक्ष नेतृत्व क्षमता साबित करेंगे। जनता का विश्वास और दिल जीतने में सफल हो सकते है। दूसरे, यह जीत इस बात की भी द्योतक होगी कि हाई कमान का सुक्खु को मुख्यमंत्री बनाना और प्रतिभा सिंह की सीएम पद की दावेदारी को नजर अंदाज करने का उनका निर्णय सही था। ऐसे वो कौन से कारण रहे जिनके चलते भली चंगी सरकार पर संकट के बादल मंडराए और उपचुनावों की नौबत झेलनी पड़ गई? याद करें तो एक राजनीतिक घटनाक्रम के चलते प्रदेश की एक मात्र राज्य सभा सीट के लिए चुनाव में भजपा के हाथों मानों छींका ही फूट पड़ा। अल्पमत की भाजपा बहुमत की कांग्रेस की जमीन तले कालीन खिसका कर राज्य सभा सीट का निवाला छीन ले गई। परिणाम यह रहा कि प्रख्यात वकील और कांग्रेस के प्रत्याशी मनु सिंघवी हार गए और कांग्रेस के पूर्व मंत्री रहे और भाजपा के प्रत्याशी हर्ष महाजन जीत गए। इस प्रकरण से सरकार विशेष कर मुख्यमंत्री के विरुद्ध सुलगते विरोध और आक्रोश से न केवल जनता अवाक रह गई, बल्कि सरकार सुक्खू और उनके चुनावी व संसदीय प्रबंधन को भी इस बात की भनक तक न लगी कि उनके छह विधायक और तीन निर्दलीय वोटिंग के अवसर पर अपनी ही पार्टी के विरुद्ध जाएंगे। इस प्रकरण ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की कार्य शैली और सरकार चलाने की क्षमता पर सवाल खड़े कर दिए। प्रदेश की जनता यह भलीभांति जानती है कि सुक्खू को संगठन का आदमी कहा जाता है और संगठन के वह अच्छे जानकार है। जब तक वीरभद्र मुख्यमंत्री रहे उन्होंने उन्हें दो बार विधायक होने के बावजूद मंत्री या संसदीय सचिव या सरकार में किसी पद से नहीं नवाजा। 1983 में जब वीरभद्र मुख्यमंत्री बने, तब सुक्खू कालेज सी आर के चुनाव लड़ रहे थे। कालेज विश्वविद्यालय की राजनीति करते-करते विभिन्न पदों पर रहते हुए कांग्रेस के अध्यक्ष पद तक जा पहुंचे।

देश दुनीया से

# रिन्यूबल एनेर्जी में ट्रांज़िशन को न्यायसंगत बनाना जरूरी

जलवायु परिवर्तन के विनाशकारी दुष्परिणामों के मद्देनजर भारत में रिन्यूबल एनेर्जी से जुड़े महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किये गये हैं। इसके तहत कार्बन एमिशन को खत्म करने के लिये कोयला खदानों को दीर्घकाल में बंद करना होगा। ऐसे में यह सवाल भी उठ रहे हैं कि इन खदानों में काम करने वाली बड़ी श्रम शक्ति के हितों के लिहाज से न्यायसंगत ट्रांज़िशन का स्वरूप कैसा होगा और बंद होने वाली खदानों को रिन्यूबल एनेर्जी में ट्रांज़िशन के लिये किस तरह बेहतर तरीके से इस्तेमाल किया जा सकता है। इस महत्वपूर्ण विषय से जुड़ी विभिन्न चुनौतियों और अवसरों पर चर्चा के लिये जलवायु थिंक टैंक 'क्लाइमेट ट्रेंड्स' और 'स्वनीति' ने एक वेबिनार आयोजित किया।

**पूरी** दुनिया में जलवायु परिवर्तन के विनाशकारी दुष्परिणामों के मद्देनजर भारत में रिन्यूबल एनेर्जी से जुड़े महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किये गये हैं। इसके तहत कार्बन एमिशन को खत्म करने के लिये कोयला खदानों को दीर्घकाल में बंद करना होगा। ऐसे में यह सवाल भी उठ रहे हैं कि इन खदानों में काम करने वाली बड़ी श्रम शक्ति के हितों के लिहाज से न्यायसंगत ट्रांज़िशन का स्वरूप कैसा होगा और बंद होने वाली खदानों को रिन्यूबल एनेर्जी में ट्रांज़िशन के लिये किस तरह बेहतर तरीके से इस्तेमाल किया जा सकता है। इस महत्वपूर्ण विषय से जुड़ी विभिन्न चुनौतियों और अवसरों पर चर्चा के लिये जलवायु थिंक टैंक 'क्लाइमेट ट्रेंड्स' और 'स्वनीति' ने एक वेबिनार आयोजित किया। इसमें 'कोल इंडिया' की सौर शाखा के अधिशासी निदेशक श्री सौमित्र सिंह और अमेरिकी प्रान्त वेस्ट वर्जीनिया में कोलफील्ड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन में सीनियर डायरेक्टर (कंजर्वेशन) कैसिडी रिले ने इस पूरे मामले के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार रखे। विशेषज्ञों का मानना है कि रिन्यूबल एनेर्जी में ट्रांज़िशन को न्यायसंगत बनाना जरूरी है और भविष्य में खदानों के बंद होने से प्रभावित होने वाले समुदायों को रोजगार के वैकल्पिक



स्रोत उपलब्ध कराने के लिये उन्हें प्रशिक्षित किया जाना चाहिये। सौमित्र सिंह ने न्यायसंगत ट्रांज़िशन और रिन्यूबल एनेर्जी के समेकित परिप्रेक्ष्य को समझने के लिये कोल इंडिया की तरफ से नीतिगत स्तर पर बदलाव की वकालत करते हुए कहा कि कोल इंडिया द्वारा की गई पहल और भविष्य में कोयला खदानों को न्यायसंगत ट्रांज़िशन के मकसद से इस्तेमाल करने के लिए सोच में आमूल-चूल बदलाव करने की जरूरत है। कोल इंडिया स्तर पर पॉलिसी लेवल इंटरवेंशन सबसे ज्यादा जरूरी है ताकि न्यायसंगत ट्रांज़िशन और रिन्यूबल एनेर्जी को समझा जा सके। दूसरा, सरकार की तरफ से नीतिगत स्तर पर बदलाव करने होंगे। इसके लिए हमें बहुपक्षीय एजेंसियों की मदद लेनी होगी। साथ ही साथ केंद्र सरकार की भी सहायता जरूरी होगी। यह नीति से जुड़े मूलभूत मसले हैं जिन्हें बदलने की जरूरत है। उन्होंने ऊर्जा संयंत्रों के लिये पर्यावरणीय मंजूरियों की प्रक्रिया में जन भागीदारी पर जोर देते हुए कहा, ''वर्ष 1997 में विश्व बैंक के हस्तक्षेप से पर्यावरणीय मंजूरियों की प्रक्रिया में पब्लिक शेयरिंग प्रक्रिया शुरू की गई थी। अगर यह वर्ष 1997 में किया जा सकता था तो भारत सरकार जस्ट ट्रांजीशन को भी अपने पॉलिसी प्रोग्राम के हिस्से के तौर पर लागू कर सकती है। जहां तक कोल इंडिया का सवाल है तो और भी ज्यादा बड़ी नीतिगत पहल की जरूरत है।'' सिंह ने कोयला खदानों की रिन्यूबल एनेर्जी और अन्य क्षेत्रों में इस्तेमाल की परिकल्पना का जिक्र करते हुए कहा कि वर्ष 2009 में पहली बार ऐसा सोचा गया था। वर्ष 2009 में जब केंद्र सरकार इस परिकल्पना को लेकर आई थी तो उस वक्त यही सोचा गया था कि कोयला खदानों को बंद किए जाने के बाद उनका इस्तेमाल सिर्फ वनीकरण करने और कुछ हद तक उन्हें जल स्रोतों के रूप में किया जाएगा। साथ ही अचल संपत्ति के रूप में बनाई गई जायदाद जैसे कि इमारतें इत्यादि संबंधित समिति या स्थानीय शासन निकाय को कंपनी द्वारा वापस किया जाएगा। यह सिलसिला कमोबेश आज भी जारी है। हालांकि बाद में मौजूदा केंद्र सरकार के दूसरे कार्यकाल में खदान बंद करने की गतिविधि को रिन्यूबल एनेर्जी के लिये इस्तेमाल करने की सोच स्थापित हुई है।'' सिंह ने भारत के वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य के मद्देनजर सामने खड़ी चुनौतियों का जिक्र करते हुए कहा, ''हम सभी जानते हैं कि भारत दुनिया का सबसे ज्यादा आबादी वाला देश है। भारत को वर्ष 2047 तक विकसित देश के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसका मतलब यह है कि प्रतिवर्ष सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 8.50 प्रतिशत की दर से बढ़नी चाहिए। वर्तमान में हमारी कुल ऊर्जा आवश्यकता की पूर्ति में कोयले का योगदान 48% है। अंदाजा लगाइए कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए क्या करना होगा।'' हम न सिर्फ अपनी खदानों को कोयला उत्पादन के परिप्रेक्ष्य में देख रहे हैं बल्कि अब हम यह भी देख रहे हैं कि कैसे अपने सतत विकास लक्ष्यों और रिन्यूबल एनेर्जी कार्यक्रमों में खदानों का इस्तेमाल किया जाए ताकि सतत विकास लक्ष्यों को भी हासिल किया जा सके। सिंह ने खदानें बंद होने की स्थिति में उससे प्रभावित होने वाली आबादी को रोजगार के विकल्प उपलब्ध कराने की जरूरतों पर कहा, ''एक यह भी सोच है कि स्थानीय समुदायों का समावेशी विकास किया जाए। भारत यह भी सोच रहा है बंद की गई खदानों की जमीन पर स्थानीय समुदायों को कार्यकुशल बनाने के लिये कार्यक्रम चलाये जाएं।

आप का नजरीया

# शहजादे बनाम शहंशाह

**प्रधानमंत्री** मोदी चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी के लिए 'शहजादे' सांकेतिक शब्द का इस्तेमाल करते रहे हैं। इस श्रेणी में अब उन्होंने तेजस्वी यादव को भी 'बिहार का शहजादा' करार दिया है। चुनाव आयोग को इन सांकेतिक शब्दों पर आपत्ति क्यों नहीं है अथवा ये शब्द आचार संहिता का उल्लंघन किस तरह नहीं करते हैं, इसका स्पष्टीकरण तो चुनाव आयोग ही देगा। अलबत्ता देश हैरान हो सकता है कि क्या इन शब्दों पर भी जनादेश मांगा या दिया जा सकता है? 'शहजादे' की प्रतिक्रिया में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी को 'शहंशाह' करार दिया है। उन्होंने पलटवार की भाषा में कहा है कि वे उनके भाई को 'शहजादा' बुलाते हैं। उस 'शहजादे' ने ही कन्याकुमारी से कश्मीर तक 4000 किलोमीटर की यात्रा की है। 'शहजादे' ने भाइयों, बहनों, किसानों और मजदूरों से उनकी तकलीफें, समस्याएं पूछी हैं तथा यह भी जानने की कोशिश की है कि उन्हें कैसे हल किया जा सकता है? प्रियंका ने प्रधानमंत्री पर हमला भी किया है कि वह तो महलों में रहते हैं। उन्हें देश के आम आदमी की मुश्किलों का एहसास कैसे होगा? लोकतंत्र में 'शहजादे' और 'शहंशाह' की कोई गुंजाइश नहीं है। दरअसल सवाल है कि आम चुनाव की सियासत इन सांकेतिक शब्दों पर क्यों आ गई? शुरुआत प्रधानमंत्री मोदी ने ही की और फिर भाजपा के अन्य प्रचारक नेता भी व्यंग्य कसने लगे। मोदी को इसकी जरूरत क्यों आन पड़ी? उनके पक्ष में ऐसा 10-साला जनादेश रहा है, उसकी स्थिरता और विकास के मुद्दे आज कहां हैं? क्या प्रधानमंत्री चुनाव को अब 'मोदी बनाम राहुल गांधी' बना रहे हैं? क्या सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धियों के बजाय प्रधानमंत्री मोदी चुनाव को अपने ही इर्द-गिर्द केंद्रित कर देना चाहते हैं? क्या वह कांग्रेस की जातीय जनगणना और मुस्लिम आरक्षण का मुकाबला हिंदू धर्म की राजनीति से करना चाहते हैं? क्या चुनावी एजेंडा कांग्रेस तय करेगी और भाजपा उसकी प्रतिक्रिया में अपना चुनाव प्रचार जारी रखेगी? प्रधानमंत्री 2002 के गोधरा कांड सरीखे पुराने मुद्दों को सतह पर लाकर अतीत के आधार पर नया जनादेश मांगना चाहते हैं? 2014 और 2019 के आम चुनाव प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ही भाजपा-एनडीए ने तत्कालीन और प्रासंगिक मुद्दों पर ही लड़े थे और शानदार जनादेश हासिल किए थे। इस बार भी जनादेश को लेकर कोई संशय नहीं है। आंकड़े कम हो सकते हैं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी से जिन मुद्दों पर चुनाव लडने की अपेक्षाएं थीं, वे गौण हैं या हाशिए पर सरका दिए गए हैं। फोकस 'शहजादे' और उनकी सियासत पर है। यकीनन प्रधानमंत्री मोदी भाजपा-एनडीए के लिए आज भी 'तुरुप का पत्ता' हैं, लेकिन ऐसे आकलन सामने आए हैं कि जब भी वह 'शहजादे' शब्द बोलते हैं, तो वोट बढ़ जाते है। 'शहजादा' कहने से बात मुस्लिम बादशाहत से जुड़ती है और हिंदू-मुस्लिम मुद्दा भाजपा को ताकत और धुरवीकरण देता है। बेशक प्रधानमंत्री की निजी, पारिवारिक पृष्ठभूमि 'गरीबी' की रही है, लेकिन बार-बार उसका राग अलापने से सहानुभूति मिलेगी, हमें तो ऐसा नहीं लगता।

## चतरा को रेल लाईन से जोड़ना मेरी पहली प्राथमिकता : कालीचरण सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** भाजपा से चतरा संसदीय क्षेत्र प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने कहा है कि चतरा को ट्रेन लाइन से जोड़ना उनकी प्राथमिकता में शामिल है। भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने चतरा लोकसभा क्षेत्र के सलैया, करैली बाग, केवाल, सरदम, रक्सी, बसरिया, करमा पंचायत समेत एक दर्जन से ज़्यादा गांव में जनसंपर्क कर क्षेत्र की जनता से भाजपा को जीत दिलाने की की। जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने कहा कि दस साल में जो इस क्षेत्र में विकास हुआ वो तो बस ट्रेलर मात्र था अभी विकास के बहुत सारे कार्य किया जाने बाकी है और उन्हें पूर्ण विश्वास है कि इस क्षेत्र कि जनता चतरा से भारतीय जनता पार्टी को जीत कि माला अवश्य ही पहनाएगी। उन्होंने कहा कि चतरा क्षेत्र कि बुनायादी समस्या जैसे स्वस्थ्य, शिक्षा और बिजली, सड़क के साथ अन्य स्थानीय समस्या के समाधान के लिए जो भी करना होगा वो अवश्य करेंगे। यहां कि जनता के प्यार और आशीर्वाद से इस क्षेत्र का सांसद बन वे यहां कि प्रमुख समस्या और मांग को वो संसद में उठाने का काम करेंगे। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि वे स्थानीय होने के नाते यहां की समस्या से भली भांति परिचित है।भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के जनसंपर्क कार्यक्रम में मुखिया मनोज पासवान, राजेश यादव, हिमांशु सिंह एवं जितेंद्र सिंह, मो. इकबाल, मो. अयूब, मो.आलम एवं मो. अजीमुल्ला साहब, केदार यादव, आशीष कुमार, तुलसी यादव, रामजी गंझु, सूरज गंझु, दीपक गुप्ता, उपेंद्र गुप्ता, अनिल गुप्ता, मिथुन भुइयां, मनोज राम, भरत राम, कमलेश साहनी, रंजन यादव, उमेश भारती सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

## भाजपा के चुनाव कार्यालय का हुआ उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुंदा (चतरा) :** प्रखंड मुख्यालय स्थित योगेंद्र पासवान के घर में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी का चुनाव कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। उद्घाटन भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता ने किया। इस उद्घाटन के मौके पर भाजपा जिला महामंत्री मिथलेश गुप्ता, कपिल पासवान, मृत्युंजय सिंह, सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार यादव, मंडल अध्यक्ष अनिता कुमारी के अलावे सैंकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।मौके पर प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ताओ के साथ बैठक किया गया। बैठक में बूथ स्तर पर भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को जिताने व बढ़त बनाने के लिए रणनीति बनाई गई। बूथ स्तर के अध्यक्ष, संयोजक व सह संयोजक को कई अहम जानकारी व चुनाव जीतने का मंत्र दिया गया।मौके पर अम्बिका भोक्ता, जितेंद्र शौण्डिक, मनोज यादव, अनुज कुमार, रवि कुमार वर्मा समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## सीबीएसई परीक्षा में 88 प्रतिशत अंक लाने वाले आइएएस बनना चाहता है प्रतीक



**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा में 88 फीसदी अंक लाकर छात्र प्रतीक कुमार सिन्हा ने स्कूल का नाम रोशन किया है। प्रतीक हजारीबाग के संतपोल स्कूल का छात्र था। प्रतीक सिन्हा टंडवा प्रखंड के ग्राम खधैया निवासी पत्रकार बिनय कुमार सिन्हा के पुत्र है। इनकी माता कस्तूरबा स्कूल की शिक्षिका है। गाव के माहौल में रहकर पठन पाठन करने वाला प्रतीक सिन्हा आइएएस बनना चाहता है। प्रतीक का सपना है कि यूपीएससी की परीक्षा करना। छात्र का कहना है कि यह सफलता आसान नही है फिर भी हर कोशिश से ही कामयाबी मिलती है।

## बिजली की ऑख मिचौली से मतदान कर्मी एवं मतदाता परेशान रहे



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुडू का यह दृश्य देखने को मिला बुथ संख्या 139,140 में। मतदानकर्मी खिड़की एवं वेंटिलेटर की रौशनी मतदान कार्य संपादन कर रहे थे। सुबह मतदान कार्य शुरु होने के पहले बिजली नहीं थी। इतने बड़े चुनावी महापर्व में बिजली न रहे सवाल उठेगा हीं। उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी कुडू को इसकी सूचना दी गयी। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने आश्वस्त किया कि कार्यपालक अभियंता विद्यूत विभाग से बात करते हैं तब कहीं जाकर सात बजे के बाद बिजली आपूर्ति की गयी। लेकिन बिजली आना जाना तो कभी लो वोल्टेज की समस्या बरकरार रही। खैर कुडू प्रखंड में चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

## मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने महागठबंधन चुनाव कार्यालय का किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा (चतरा) :** प्रखंड मुख्यालय स्थित अंबेडकर चौक के समीप अनिल यादव के मकान में सोमवार को मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने महागठबंधन चुनाव कार्यालय का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया। वही महागठबंधन के कार्यकर्ताओ को जीत को लेकर हुंकार भरते हुए मौके पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि पुरे देश मे इंडिया गठबंधन का बोलबाला एवं लहर है, जो विकास और रोजगार के मुद्दे पर बात करती है। हमारी महागठबंधन की सरकार एक से बढ़कर एक विकासीय कार्य कर रही है। वही उन्होंने ने कहा की चतरा लोकसभा के महागठबंधन उम्मीदवार के एन त्रिपाठी एक अनुभवी शख्सियत हैं वे झारखंड के पूर्व मंत्री भी रह चुके है इस बार चतरा का बदलाव होकर ही रहेगा, के एन त्रिपाठी की जीत सुनिश्चित है। इसके लिए राजद, झामूमो, कांग्रेस व अन्य दलो के कार्यकर्ता उनके जीत के लिए विभिन्न क्षेत्रों में पसीना बहा रहे है।चतरा,सिमरिया में महागठबंधन का दबदबा रहेगा साथ ही साथ पांकी, लातेहार एवं मनिका विधान सभा क्षेत्रो मे भी महागठबंधन का बोलबाला है।वही प्रधानमंत्री मोदी जी की बातों पर पलटवार करते हुवे मंत्री ने कहा की एनडीए की पहिया ध्वस्त हो चुकी है। एनडीए का 400 पार का सपना अधूरा रह जायेगा। चतरा में पूरे 10 वर्ष एक ही पार्टी के सांसद को लोगों ने देखा है जो हमेशा जनता से दूर रहें इस बार जनता सबक सिखाएगी। वही मौके पर राजद जिला अध्यक्ष नवलकिशोर यादव, युवा राजद प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद भोक्ता, मंत्री प्रतिनीधि भोला प्रसाद, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार साहू, राजद प्रखंड अध्यक्ष बैजनाथ यादव, नागेंद्र मौके पर सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

## उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय नावाडीह में चापानल तीन माह से है खराब



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** सरकारी विद्यालयों मे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बच्चों की ठहराव सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सरकार तरह-तरह की योजनाएं संचालित की जा रही है मगर कुछ व्यवस्थागत खामियों के कारण भलीभूत नहीं हो रहा है। ताज़ा मामला प्रखण्ड के शिबला पंचायत अंतर्गत ग्राम मकरा टोला नावाडीह मे उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय का है। जहाँ चापानल पिछ्ले तीन माह सें ख़राब पड़ा हुआ है। जिससे इस भीषण गर्मी मे विद्यालय के बच्चों को पेयजल के लिए इधर सें उ धर भटकना पढ़ रहा है. इस विद्यालय मे मात्र एक चापानल है लेकिन वह भी तकनिकी समस्या के कारण सें ख़राब पड़ा हुआ है, ऐसी स्थिति मे विद्यालय के नामांकित बच्चें आसपास के घरो व कुआँ सें अपना प्यास बुझाने को मजबूर है.साथ मे रसोइया को माध्याह्नभोजन बनाने मे काफ़ी समस्या का सामना करना पड़ता है। शिक्षक मनोज सिंह, रसोईया सुंदरी देवी व उर्मिला देवी ने बाताया कि इस विद्यालय का चापानल ख़राब होने सें मध्य भोजन बनाने के लिए हमलोगो को पास के कुआँ सें पानी लाकर भोजन बनाना पड़ता है. और बच्चों को पानी पीने के लिए पास के कुआँ मे जाना पड़ता है जिससे बड़ी घटना होने की सम्भवना बनी रहती है. वही विद्यालय के बच्चें व रसोईया ने उपायुक्त सें ख़राब चापानल को दुरुस्त करवाकर पेयजल की सुविधा बहाल करने की मांग की है।

## पूर्व विधायक प्रकाश राम पहुंचे मृतक मजदूर के घर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड क्षेत्र के गोनिया पंचायत अंतर्गत चुंबा ग्राम निवासी अजय गंझु के आक्समिक मृत्यु की सुचना पाकर पुर्व विधायक प्रकाश राम मृतक के घर पहुँचकर परिवारजणो से मुलाकात की व दुख के इस घडी में शोक संवेदना प्रकट करते हुए, परिवारजणो को ढांढस बंधाया। एवं दसकर्म हेतु आवश्यक आर्थिक सहयोग किया। साथ ही हर संभव मदद का आश्वाशन दिया। ज्ञात हो कि मृतक अजय गंझु का 9.5.2024 को आकस्मिक निधन हो गया था। अजय गंझु के माता पिता का निधन पुर्व मे निधन हो गया था। अजय गंझु बिल्कुल गरिब परिवार का एक मात्र कमाउ सदस्य था। उसके आकस्मिक निधन उसकी परिवार बिल्कुल असहाय हो गया है। मृतक अपने पिछे पत्नी सुनिता देवी 29 वर्ष पुत्र राजकुमार गंझु 13 वर्ष पुत्री फुलमतीया कुमारी 10 वर्ष व पुत्री शोहबतीया कुमारी 08 वर्ष को अपने पिछे छोड गये है।

## पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में 12 वीं में सामिया परवीन व 10 वीं में श्रेयस तिवारी ने किया टॉप











**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सोमवार को सीबीएसई की 12 वीं और 10 की परीक्षाफल जारी किये गये। 12 वीं की जारी परीक्षाफल में पीएम केंद्रीय विद्यालय, लातेहार का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि इस वर्ष 12 वीं की विज्ञान संकाय में कुल 22 बच्चों ने परीक्षा दी थी। जिसमें सभी ने सफलता प्राप्त की है। उन्होंने बताया कि 87 प्रतिशत अंक लाकर सामिया परवीन विद्यालय टॉपर रही है। जबकि सूरज कुमार ने 85 और मुस्कान कुमारी ने 84.2 प्रतिशत अंक हासिल कर क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया है। प्राचार्य ने बताया कि गत सत्र तक विद्यालय में मात्र विज्ञान संकाय की पढ़ाई होती थी। लेकिन चालू सत्र से विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय की पढ़ाई शुरू की गयी है। उन्होंने बताया कि 10 वीं की परीक्षा में कुल 58 में 57 उर्तीण हुए। कक्षा 10 वीं में 92 प्रतिशत अंक ला कर श्रेयस तिवारी व प्रिंस कुमार ने पहली रैंक हासिल की है।जबकि अन्नया कुमारी ने 91.4 और प्रियंका कुमारी ने 90 प्रतिशत अंक ला कर दूसरे और तीसरे रैंक पर रहे हैं।प्राचार्य ने सफल छात्रों को शुभकामनायें दी हैं। उन्होंने कम अंक लाने वाले छात्र व छात्राओं की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि असफलता से घबराना नहीं चाहिए, वरन दुगने उत्साह के साथ लग जाना चाहिए। उन्होंने एक लक्ष्य निर्धारित कर आगे की शिक्षा ग्रहण करने की बात कही।

## भाजपा के चुनावी कार्यालय का हुआ उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित मुरपा मोड़ के समीप राजेन्द्र चावल के मकान में सोमवार को लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा का चुनावी कार्यालय का उद्घाटन भाजपा के वरिष्ठ नेता रामजतन साहू ने फीता काटकर व नारियल फोड़कर किया ।पंडित दीपक मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच उद्घाटन कार्यक्रम संपन्न कराया। मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता गिरधारी यादव, त्रिवेणी साव, रामजी सिंह, प्रेम गुप्ता समेत कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। मौके पर बोलते हुए रामजतन साहू ने कहा की चुनावी कार्यालय का उद्घाटन हो जाने से अब यहां के भाजपा के लोगों को बैठने का स्थान मिल गया। हम सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गए नारे अबकी बार 400 पर के लक्ष्य को पूरा करना है। भाजपा की सरकार में आज देश तरक्की की राह पर है। सड़को का जाल बिछा है, कई नए एयरपोर्ट खुले, एम्स, मेडिकल कॉलेज खुले, स्पीड ट्रेन वंदे भारत समेत कई ऐतिहासिक योजना देश को मिला। भाजपा सरकार के कारण ही आज राम मंदिर बन पाया व धारा 370 समाप्त हो पाया। इन सब बातों का ख्याल रखते हुए भाजपा को विजई बनाना है। मौके पर रामकुमार गुप्ता, विजय यादव, नामेश्वर गुप्ता, अमित कुमार, लक्ष्मण कुशवाहा, संजय गुप्ता, सूरज शाह, मनोज यादव, त्रिवेणी यादव, संजय गुप्ता, सुनील पांडे, अर्जुन साहू, शिवनारायण साहू, विजय यादव, बबलू चौरसिया, अशोक साव समेत कई लोग उपस्थित थे।

## केतार प्रखंड अंतर्गत 52 बूथों पर शांतिपूर्ण 63.44 प्रतिशत हुए मतदान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** लोकसभा आम चुनाव 2024 के चौथा चरण का मतदान केतार प्रखंड अंतर्गत 52 बूथ पर शांतिपूर्ण 13मई सोमवार को संपन्न हुआ। जहां परती पंचायत अंतर्गत बूथ संख्या 49 पर 55.06, 50 पर 66.67, 51 पर 59.35, 52 पर 60.49, 53 पर 64.24, 54 पर 66.84, 55 पर 58.60, पंचायत पचाडूमर अंतर्गत बूथ संख्या 56 पर 63.55, 57 पर 63.92, 58 पर 71.07, 59 पर 62.40, 60 पर 50.54, 61 पर 65.55, 62 पर 56.41, 63 पर 77.90 बलीगढ़ पंचायत अंतर्गत बूथ संख्या 64 पर 56.34, 65 पर 68.10, 66 पर 68.06, 67 पर 62.48, 68 पर 60.42, 69 पर 79.44, 70 पर 72.71 केतार पंचायत अंतर्गत 71 पर 70 परसेंट वही 72 पर 64.43, 73 पर 65.94, 74 पर 64.90, 75 पर 67.79, 76 पर 67.64 मुकुंदपुर पंचायत अंतर्गत 77 पर 65.67, 78 पर 66.17, 79 पर 67.64, 80 पर 52.74, 81 पर 62.67, 82 पर 67.62, 83 पर 70.64, 84 पर 64.02, 85 पर 69.07, 86 पर 67.38 परसोडीह पंचायत अंतर्गत 87 पर 61.54, 88 पर 63.37, 89 पर 65.97, 90 पर 63.96, 91 पर 59.92, 92 पर 76.81, 93 पर 52.84, लोहरगाड़ा पंचायत अंतर्गत 94 पर 61.66, 95 पर 60.72, 96 पर 52.26, 97 पर 54.46, 98 पर 72.48, 99 पर 61.60, 100 पर 62. 98 मत के प्रतिशत हुए हैं। प्रखंड के 52 बुढो का कुल प्रतिशत 63.44 है जहां पुरुष 12741 महिला 13637 ने मतदान किया है।

# मोदी सरकार की सभी योजना सभी के लिए भेदभाव की राजनीति विपक्षी करते है : मो.क्यूम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** हज़ारीबाग लोकसभा चुनाव निमित विष्णुगढ़ भाजपा कार्यालय,सातमील में लोकसभा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रभारी मो.क्यूम अहमद,जिलाध्यक्ष तनवीर अहमद के विष्णुगढ़ दौरे के दौरान विष्णुगढ़ भाजपा कार्यालय में आगमन हुआ।कार्यालय में विष्णुगढ़ मंडल पदाधिकारियो ने उनका अभिवादन करते हुए स्वागत किया।कार्यालय में एक छोटी बैठक में डॉ. ए जब्बार को विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल अल्पसंख्यक मोर्चा का कार्यकारी अध्यक्ष की घोषणा अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष तनवीर अहमद में किया।इसके पश्चात विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल के विभिन्न पंचायतों नवादा,गैड़ा, में जिलामंत्री शेख मेराज,विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल अल्पसंख्यक मोर्चा कार्यकारी अध्यक्ष डॉ.ए जब्बार के साथ एक टोली में अल्पसंख्यक एवं अन्य मतदाताओं से मिलकर मोदी के समर्थन में भाजपा को वोट देने की अपील की। इस मौके पर लोकसभा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रभारी मो.क्यूम ने कहा कि कांग्रेस ने सिर्फ और सिर्फ अल्पसंख्यको को वोट बैंक समझा है। अल्पसंख्यक वर्ग के लिए विकास के कोई काम नही किया है। मोदी सरकार के कार्यकाल में सभी वर्गो के साथ सभी का विकास किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना ,आयुष्मान योजना के तहत हरेक वर्ष 500000 का मुफ्त इलाज,जल-जीवन मिशन से सभी के घरों में नल से जल,80 करोड़ परिवारों को मुफ्त अनाज,उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन,किसान सम्मान निधि के तौर पर प्रत्येक तिमाही को 2000 की क़िस्त जिसे साल में 6000 रुपये किसानों के खाते में मिल जाना इसके अलावे अन्य दर्जनों लाभकारी योजना है,जिसका सभी वर्गों के साथ अल्पसंख्यको को भी मिला है। अन्य विपक्षी पार्टियां अल्पसंख्यक वर्ग को भाजपा का डर दिखाकर वोट बैंक की राजनीति करती है। इस मौके पर मुख्य रूप से विष्णुगढ़ प्रभारी रंजीत सिन्हा,मंडल,साँसद प्रतिनिधि मधुसुदन प्रसाद, अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल,गौतम भारती,नीतीश कुमार,कन्हाई यादब,भीम राम,बंटी श्रीवास्तव,अनिल सोनी,प्रभु प्रसाद विश्वकर्मा,राजेन्द्र यादव,शनि कसेरा समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# आदिवासी दलित झारखंडियों को ठगने का काम किया है भाजपा ने : भुनेश्वर प्रसाद मेहता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** पूर्व सांसद सह भाकपा के वरिष्ठ नेता भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी झारखंड के आदिवासी, दलित पिच्छडो को ठकने का काम किया है। भारत के प्रधानमंत्री मोदी सिमरिया में आम सभा संबोधित करते हुए कहा, कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। तो आदिवासी, दलित, पिछड़े वर्ग का आरक्षण को समाप्त कर पूरे देश में मुसलमान के हाथ में सत्ता सौंपने की काम करेगी। वहीं मैं कहता हूं, कि झारखंड अलग राज्य बनने के बाद झारखंड के पहले मुख्यमंत्री बीजेपी के बाबूलाल मरांडी बना। बाबूलाल मरांडी की सरकार पिछड़ों के आरक्षण को 27त्न से काटकर 14 त्न दलितों का आरक्षण को 14त्न से काटकर 9त्न कर दिया गया। मोदी बताने का काम करें कि 2014 के चुनाव घोषणा पत्र में दो करोड़ युवकों को प्रतिवर्ष नौकरी देने की बात कहा। गरीबों की खाते में 15 लाख रुपया देने की बात कहा था। आज तक काला धन वापस नहीं आया।जो भी भारत से काला धन लेकर विदेश में जमा किए हैं। वह सभी भारतीय जनता पार्टी के समर्थक और मोदी के नजदीकी लोग है। इसलिए मैं कहता हूं, कि मोदी जी आप भारत देश में नफरत की राजनीति छोड़कर सांप्रदायिक उन्माद को फैलाकर भारतीय जनता को तोड़ने का काम ना करें। जनता अब होशियार हो गई है। इसका सबक आपको 2024 में ही सीखने की काम करेगी । यह बात भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता भुवनेश्वर प्रसाद में चुनाव जनसंपर्क के दौरान कहा। भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने पबरा, खैरना, कटकमसांडी में जनसंपर्क कर भाकपा प्रत्याशी अनिरुद्ध कुमार को मतदान करने का अपील किया। वहीं भाकपा प्रत्याशी अनिरुद्ध कुमार ने केरेडारी, सलगा, पेटो, गर्रीकला, गर्रीखुर्द,पतरा, हेहल, हेवाई, बिलारी ,कोदवे और सदर प्रखंड में हुपाद, मुकुंदगंज, हरहद ,भेलवारा, मोरंगी सहित कई गांव में जनसंपर्क चलाया गया। मौके पर अधिवक्ता शंभू कुमार, मजीद अंसारी, लखविंदर कुमार श्याम नंदन, निजाम अंसारी, महेंद्र राम, विपिन कुमार, शमसुद्दीन अंसारी सहित कई अन्य मौजूद थे।

# सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा में ओएसिस स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार सफलता अर्जित की




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शहर के कल्लू चौक मंडई रोड स्थित ओएसिस स्कूल के विज्ञान, कला एवं वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों ने सत्र 2023-2024 सीबीएसई बारहवीं बोर्ड परीक्षा में शानदार सफलता अर्जित की। इस परीक्षा में विद्यालय के शत प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित की। विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम काफी शानदार रहा। कक्षा बारहवीं के विज्ञान संकाय में 95.2 % अंकों के साथ शमा परवीन ने प्रथम स्थान, 94.8 % अंकों के साथ शाहिना आज़मीन ने द्वितीय स्थान तथा 93.8 % अंकों के साथ आसिफ अहमद ने विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कला संकाय में हर्षवर्धन श्रीवास्तव ने 94.2 % अंकों के साथ प्रथम, अलफिया जोएब ने 93.6% अंकों के साथ द्वितीय एवं दरक्शा सलीम ने 93 % अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं वाणिज्य संकाय में 89% अंकों के साथ एस एम सबाहुल हक़ ने प्रथम स्थान, 87.4 % अंकों के साथ तानिया परवीन ने द्वितीय स्थान तथा 85 % अंकों के साथ सादिया परवीन ने विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के 13 विद्यार्थियों ने 90 % से अधिक अंक, 39 विद्यार्थियों ने 80 त्न से 90 त्न के बीच तथा 43 विद्यार्थियों ने 70 त्न से 80 % के बीच अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। ओएसिस स्कूल के प्राचार्य डॉक्टर एहसान उल हक ने विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न विषयों में उम्मदा प्रदर्शन एवं शानदार सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें उनके उज्जवल भविष्य की बधाई दी। उन्होंने कहा कि उन्हें गर्व है कि विद्यालय के सभी शिक्षकों ने टीम भावना के साथ अनुशासन और निरंतरता के साथ विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। विद्यालय के चेयरमैन शब्बीर अहमद एवं कोषाध्यक्ष तनवीर अहमद ने स्कूल के छात्र-छात्राओं के प्रदर्शन को काफी अद्भुत कहा।

# आईलेक्स पब्लिक स्कूल का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** सीबीएसई 12वीं बोर्ड के रिजल्ट की घोषणा सोमवार को की गई। जिसमें पंचमाधव स्थित आईलेक्स पब्लिक स्कूल का रिजल्ट शत - प्रतिशत रहा। बिट्टू कुमार ने 98. 2% के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान हुजैफा ईमान ने 91.4 % तथा तृतीय स्थान यशराज 65.6% के साथ प्राप्त किया। अन्य बच्चों का रिजल्ट भी काफ़ी उत्साहवर्धक रहा। इसके साथ हीं 10वीं के परीक्षाफल की घोषणा सीबीएसई बोर्ड द्वारा की गई। जिसमें पहला स्थान 94.6 % के साथ राजश्री ने प्राप्त किया। दूसरा स्थान अमनजीत ठाकुर ने 94.2% तथा तीसरा स्थान 90.2% के साथ खुशी कुमारी ने हासिल किया।अन्य बच्चों का रिजल्ट भी काफ़ी उत्साहवर्धक रहा। विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने सभी बच्चों को बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। शैलेश कुमार ने बताया कि सफलता किसी एक दिन की मेहनत का फल नहीं है बल्कि उसके पीछे कई दिन रात की मेहनत छिपी होती है।अनुशासित जीवन हीं सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। इसके साथ हीं शैलेश कुमार ने सभी शिक्षक - गण को भी शुभकामनायें दीं जिनके कुशल मार्गदर्शन में बच्चों ने सफलता प्राप्त की।

# स्वीप कार्यक्रम के तहत हजारीबाग मतोत्सव में हुई मनमोहक कार्यक्रमों की प्रस्तुति



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** लोकसभा चुनाव 2024 में प्रत्येक मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित हो, इसको लेकर जिला निर्वाचन विभाग के स्वीप कोषांग के द्वारा ÷हजारीबाग मतोत्सव÷ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मनोरंजक तरीके से मतदाताओं में मतदान के प्रति सकारात्मक सोच जागृत कर वोट प्रतिशत को बढ़ाना है। हजारीबाग मतोत्सव कार्यक्रम इसी कड़ी का एक हिस्सा है। इस कार्यक्रम में अनेकों मनमोहक प्रस्तुति के द्वारा लोगो का मनोरंजन कर उन्हे जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के विधार्थियों द्वारा गायन,नृत्य,संगीत,बांसुरी वादन, मतदाता जागरूकता संबंधी प्ले,कांटेस्ट एवं फैशन शो की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दर्शकों ने हर प्रस्तुति का भरपूर लुत्फ उठाया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन के माध्यम से मतदान के प्रति जनजागरुकता जगाना है। उन्होंने सभी से 20 मई को घरों से निकल कर मतदान करने की अपील की। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित,उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी,भू अर्जन पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी,जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी एवं श्रम अधीक्षक की मौजूदगी रहीं।

## चुरचू मंडल ने भाजपा के लोकसभा प्रतियाशी मनीष जायसवाल के पक्ष में वोट के लिए जनसंपर्क किया

**चरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चुरचू मंडल द्वारा भाजपा मंडल के चुरचू फुटबल मैदान में एवं बहेरा शक्ति केंद्र मे पथ सभा का अयोजन मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह की अध्यक्षता में किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित प्रभारी राम खेलावन पटेल पूर्व मंत्री मध्यप्रदेश विधायक भी शामिल थे पथ सभा के द्वारा लोगों को मोदी सरकार के कार्यो को गांव एवं टोला ,घर घर जाकर बताने एवं मनीष जायसवाल को कमल के निशान पर बटन दबाकर भारी मतों से विजई बनाने एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने का आग्रह करना है साथ ही भाजपा सरकार द्वारा कोविड काल में जनहित के कार्यो को बताने का आग्रह करना है एवं इस कार्यक्रम के साथ ही पटेल के द्वारा चुरचू मंडल के अंगो ओरिय नगरी सरिया चुरचू में जन सम्पर्क कर मनीष जायसवाल को कमल के निशान पर बटन दबाकर विजय बनाने का आग्रह किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह धनेश्वर सिंह रूपलाल यादव प्रवीण यादव शांति देवी राकेश सिंह घनश्याम यादव सुरेश करमाली संजीत यादव आजसू पार्टी चुरचू प्रखंड अध्यक्ष गोविंद महतो बिस्वनाथ महतो विकाश साव प्रदीप यादव राजेन्द्र प्रजापति निर्मल पांडे बबलू सिंह बालगोबिंद सिंह योगेंदर सिंह महावीर यादव रामदेव राम एवं कई नेता एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

## चंद्रवंशी समाज से माफी मांगे अन्यथा भाजपा को राजनीतिक नुकसान उठाना पड़ सकता है : अनूप भाई

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाजसेवी सह अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के राष्टीय सचिव अनूप भाई ने भाजपा राष्टीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मेल किया है। इस मेल के माध्यम से बताया गया है कि दिल्ली से भाजपा लोकसभा उम्मीदवार मनोज तिवारी ने चंद्रवंशी (कहार) समाज को आहत पहुंचाने के विगत 07 मई को अपने प्रेस कॉन्फ्रेंस में हमारे चंद्रवंशी (कहार) समाज के खिलाफ जाति सूचक बयान देकर मजाक उड़ाते हुए हम सभी को दिल में ठेस पहुंचाया है और समाज को अपमानित करने का काम किया है। किसी को भी किसी उदाहरण देने के लिए बात आए तब हमारे चंद्रवंशी समाज के ऊपर ही प्रहार होता है। हमारा सामाजिक संस्था अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा शुद्ध रूप से एक सामाजिक संगठन है इसमें कहीं भी कोई राजनीतिक की जगह नहीं है। अतः हमारा महासभा आपसे आग्रह करती है कि मनोज तिवारी सार्वजनिक रूप से चंद्रवंशी समाज से माफी मांगे अन्यथा पूरे भारत में चंद्रवंशी समाज के द्वारा भाजपा को राजनीतिक नुकसान उठाना पड़ सकता है और बेबस होकर समाज भारत के सभी जिलों में मनोज तिवारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए बाध्य होंगे। उन्हे महासभा के द्वारा द 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया गया है।

## बरही भामाशाह स्कूल का सीबीएसई बोर्ड में रिजल्ट रहा बेहतर

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भामाशाह सरस्वती विद्या मंदिर बरही के भाई बहनों ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में अच्छे अंको से उत्रीण हुए। 23 परीक्षार्थियों में



प्रथम श्रेणी में 10 और द्वितीय श्रेणी में भी 10 भैया बहनों ने सफलता प्राप्त की। प्रथम स्थान शौर्य संजीव ने 90 प्रतिशत लाया। वहीं द्वितीय स्थान रूबी कुमारी 78 प्रतिशत और तृतीय स्थान अरविंद कुमार 71 प्रतिशत के साथ 3 परीक्षार्थी ने सफलता प्राप्त किया। वही सभी उत्रीण भैया बहनों की सफलता पर प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडे ने शुभकामनाएं दिया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# हजारीबाग में क्षत्रिय समाज का हुआ महाजुटान मनाया वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती पखवाड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** रांची- पटना रोड स्थित होटल युवराज पैलेस सभागार में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती पखवाड़ा सह क्षत्रिय सम्मेलन का हुआ आयोजन । जिसमें समाज के उत्थान को लेकर विशेष चर्चा परिचर्चा हुई और आगामी लोकसभा चुनाव में हजारीबाग से भाजपा के प्रत्याशी मनीष जायसवाल को पूर्ण समर्थन देने की सहमति बनी। लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने क्षत्रिय सम्मेलन में उमड़ी जनशय लाभ को संबोधित करते हुए कहा कि मेरा अभिन्न मित्रता क्षत्रिय समाज के लोगों के साथ रहा है। जो लोग निजी राजनीतिक लाभ के लिए और अपनी महत्वाकांक्षा को पूरी करने के लिए समाज में यह भ्रम फैलाने का कोशिश कर रहे हैं उनका इतिहास अगर आप देखेंगे तो वो भी एक समय में हमारे करीबी हुआ करते थे। उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपका मत राष्ट्र और समाज के हित में होगा। कांग्रेस ने एनजीओ की भांति हम दो हमारे दो का नारा देकर जागरूकता अभियान चलाया जबकि सत्ता में रहते हुए इस पर कानून भी बना सकते थे लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। हमारे आराध्य भगवान श्री राम लाल के मंदिर निर्माण में जिस राजनीतिक दल ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह का नेता तक स्वीकार नहीं किया उसकी मंशा आपको समझनी होगी। मनीष जायसवाल ने क्षत्रिय सम्मेलन में उमड़े विशाल जनसैलाब को देख कहा कि इस आयोजन ने समाज को एक रोशनी दिखाने का काम किया है। अपने समाज को जागृत करने का काम किया इसलिए मैं सर झुका कर आप सभी का अभिनंदन करता हूं। मनीष जायसवाल ने वचन देते हुए कहा कि मैं अपने दादा और पिता से मिला विरासत को बरकरार रखूंगा और कभी भी आपकी मान सम्मान में कोई कमी नहीं करूंगा। मनीष जायसवाल ने यह भी कहा कि हजारीबाग का बेटा हूं और हजारीबाग की धरती आपको इस बात का गवाही देगी कि मेरा परिचय किसी के अपमान से नहीं बल्कि सम्मान, सेवा और विकास से है। आप सभी का आशीर्वाद मिला तो इसे भविष्य में भी अछून्न रखूंगा ।

## श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने दसवीं की परीक्षा में किया बेहतर प्रदर्शन

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरही के देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सीबीएसई दसवीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया है। स्कूल की छात्रा तमन्ना आफरीन 92 प्रतिशत प्राप्त कर स्कूल टॉपर बनीं। इसके अलावा हिमांशु कुमार 90 प्रतिशत वहीं शिवम कुमार 88 प्रतिशत लाकर कर्मशः सेकंड और थर्ड टॉपर बने। श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल से इस बार दसवीं की परीक्षा में कुल 105 विद्यार्थी शामिल हुए जिसमें स्कूल का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा। करीब 40 छात्र-छात्राओं ने 80 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं। स्कूल के प्राचार्य रोहित सिंह ने बताया कि विगत साल की तरह इस साल भी बच्चों ने काफी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। करीब 40 छात्र-छात्राओं ने 80 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त किए हैं। स्कूल के उप प्राचार्य विकाश सिंह ने बच्चों की शत पर्तिशत रिजल्ट का क्रेडिट अपने शिक्षकों को देते हुए कहा कि स्कूल के शिक्षक और बच्चों की कड़ी मेहनत के कारण आज हमारे स्कूल के बच्चें अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हुए है और इसके लिए सभी शिक्षक बधाई के पात्र हैं। वहीं स्कूल के शिक्षक अमरजीत पांडे, विवेक भारद्वाज, उदय यादव, आशीष कुमार, संतोष महतो, मनोज गंजू, शुभम पांडे एवं श्रीदस स्कूल के सभी सदस्यों ने इस शानदार प्रदर्शन के लिए बच्चों को बधाई दी है।

### बरही में आयोजित इंडिया गठबंधन की चुनावी जनसभा में पीएम मोदी पर जमकर बरसे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे

# भाजपा की सरकार में आदिवासी, मजदूर, गरीब, किसान, महिला पर हो रहा है अत्याचार : कल्पना सोरेन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड के ब्लॉक मैदान में सोमवार को आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपने संबोधन के दौरान सबसे पहले सिंधु कान्हु, वीर बिरसा मुंडा, टाना भगत सहित सभी क्रांतिकारियों को नमन किया। कहा की हजारीबाग के इतिहास में कांग्रेस अपना एक महत्वपूर्ण स्थान रखती है, इसी लोकसभा क्षेत्र के रामगढ़ जिले में 1940 ई. में कांग्रेस का 53 वा अधिवेशन हुआ था, भारत छोड़ो आंदोलन का नीव इसी लोकसभा क्षेत्र से रखी गई थी। वहीं उन्होंने कहा कि संविधान और लोकतंत्र खतरे में हैं, यदि संविधान खत्म हो गया तो हम लोग सभी फिर से गुलाम हो जाएंगे। इससे बचना है, तो इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जेपी पटेल को वोट देकर जीताने का काम करें, ताकि देश के लोकतंत्र को बचा सके। वही कहा कि आप अपना वोट देकर हमें मदद करें ताकि आपकी सुरक्षा की आवाज हम संसद में उठा सके। वही हेमंत सोरेन की जमकर तारीफ की, उन्होंने कहा कि हेमंत को भाजपा अपने पास बुलाना चाह रहीं थी, लेकिन हेमंत सोरेन उनके साथ जाने से इंकार कर दिया, जिसके चलते आज हेमंत सोरेन जेल में बंद है। वहीं उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी जमकर बरसे, कहा कि भाजपा और मोदी देश को हिंदू मुस्लिम व धर्म के नाम पर बांटने का काम कर रहीं है। वही कहां की जो चंदा मोदी को दिया उसी का धंधा आज चल रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को अपना वोट दें और देश के लोकतंत्र को बचाए। वही कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देते हुए कहा कि घर-घर जाकर कांग्रेस की गारंटी कार्ड को बताना है। हमने पांच न्याय की बात की है और उसे पूरा करके रहेंगे। वहीं कहा कि कोई हिंदू के नाम पर तो कोई मुसलमान के नाम पर आपको भड़काने की कोशिश करेगा, लेकिन आपको गुमराह नहीं होना है। अगर आप गुमराह होते हैं, तो ये लोग संविधान बदल देंगे। उन्होंने कहा कि 2014 का चुनाव हो या 2019 का चुनाव, जितने भी वादे किए गए थे, एक भी वादा पूरा नहीं हुआ। मोदी जी सिर्फ झूठों करते हैं। यह चुनाव जम्हूरियत को बचाने के साथ-साथ संविधान को बचाने का चुनाव है। मोदी जी कहते हैं कि अबकी बार 400 पार सीट आएगी, जबकि उन्हें पूरे दक्षिण भारत, यूपी, पंजाब, बंगाल, महाराष्ट्र, कर्नाटक, राजस्थान, छत्तीसगढ़ आदि राज्य में उन्हें वोट नहीं मिल रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री के पत्नी व झामुमो नेत्री कल्पना सोरेन ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह भीड़ बतला रही है कि जनता इस बार बदलाव के मुंड में है। किसान, मजदूर, दलित, आदिवासी, दबे कुचले लोगों की आवाज को केंद्र सरकार ने दबा कर रखी है। 2014 के चुनाव में केंद्र सरकार ने वादा किया था की 2 करोड़ युवाओं को नौकरी देंगे, 15 लाख रुपए हर गरीब जनता के खाते में पैसा देंगे, किसानों की आय वृद्धि करेंगे, लेकिन यह सभी वादे 10 साल पूरे होने के बावजूद भी पूरा नहीं हुआ। झारखंड की जनता के साथ-साथ पूरे देश की जनता अब समझ चुकी है कि यह जुमलेबाजों की सरकार है।

चुनाव आने पर इतने बड़े-बड़े वादे करते हैं कि पता नहीं चलता कि उसकी वादे की गारंटी का गारंटी कौन देगा। दो बार धोखा आप लोग खा चुके हैं, लेकिन बार-बार धोखा नहीं खाना है। केंद्र की सरकार ने झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार किया है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रॉयल्टी का पैसा केंद्र से झारखंड का बकाया 1 लाख 36000 करोड़ मांगा, तो पैसा ना देकर उन्हें जेल में डाल दिया गया। पूर्व मुख्यमंत्री ने अबुवा आवास योजना के माध्यम से गरीबों को आवास देने का काम किया, सर्वधन पेंशन योजना 60 साल की उम्र को घटाकर 50 साल किया गया, जिससे आज के लोगों को काफी फायदा हो रहा है, राशन कार्ड से जोड़ने का काम किया और उन्हीं की सजा केंद्र सरकार ने ठीक चुनाव से पहले हेमंत सोरेन को दी है। धन्यवाद ज्ञापन करते बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि इस बार बरही विधानसभा से कांग्रेस को 1 लाख 30 हजार वोट देंगे और जेपी भाई पटेल के हाथों को मजबूत करेंगे। हजारीबाग लोकसभा से इस बार इंडिया गठबंधन की जीत तय है।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव व संचालन रविंद्र सिंह ने किया।

## चैनगड़ा में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल के पक्ष में जनसभा किया गया

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनगड़ा के जितिया टोला में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल के समर्थन में की जनसभा। जनसभा में झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव कुमार बेदीया ने कहा की ।इंडिया गठबंधन के हजारीबाग लोकसभा के प्रत्याशी जेपी भाई पटेल भारी मतों से विजय होंगे। इसके लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता युद्ध स्तर पर अपने-अपने क्षेत्र में प्रत्याशी को लेकर प्रचार प्रसार कर रहे हैं। काफी संख्या में महिला पुरुष शामिल हुए और सभी का एक ही नारा इस बार इंडिया गठबंधन प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को जीत दिलाएंगे और भाजपा हटाओ देश बताओ।इस बैठक में दर्जनों कार्यकर्ता हुए सामिल।



## सीबीएसई की 12वीं के परीक्षा परिणाम में अनमोल मिश्रा ने पाई उत्कृष्ट सफलता

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड( सीबीएसई ) द्वारा संचालित सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा (12वीं) का परिणाम सोमवार को जारी कर दिया गया। इस परीक्षा परिणाम में हरिहर साहु बालिका उच्च विद्यालय, गोला की प्रधानाध्यापिका रेणु कुमारी के पुत्र अनमोल मिश्रा ने उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की। अनमोल को कूल प्राप्तांक का 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ। अनमोल मिश्रा डीएवी पब्लिक स्कूल स्कूल रजरप्पा प्रोजेक्ट में अध्ययनरत है। उसकी रुचि सिविल सर्विसेज की ओर है। उसकी इस सफलता पर गोला मंडल सांसद प्रतिनिधि सह् उपप्रमुख विजय ओझा, माँ छिन्नमस्ता इंटर कॉलेज के सचिव सुजीत सिन्हा, अनुप ओझा, विकास मणि पाठक, सौरभ सिन्हा लक्की, स्नेहा सिन्हा, दिव्या ओझा, भाव्या ओझा, आव्या ओझा सहित अनेकों ने बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।



## इंडिया महागठबन्धन रामगढ़ के वार्ड नंबर 6 मुंडा टोली में चुनावी सभा का हुआ आयोजन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हजारीबाग लोकसभा अंतर्गत रामगढ़ के वार्ड नंबर 6 मुंडा टोली में एक चुनावी सभा का आयोजन किया गया सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस के महासचिव बलजीत सिंह बेदी ने कहा कि भाजपा नित मोदी सरकार द्वारा महंगाई की मार से जनता त्रस्त है 10 साल के कार्यकाल में केंद्र सरकार की नीतियों के कारण महंगाई चरम स्थिति पर पहुंच चुकी है वही बेरोजगारी की समस्या आज तक के उत्तम स्तर पर पहुंच गई है अपने संबोधन में नगर कांग्रेस कमेटी के प्रभारी मुकेश यादव ने कहा कि राहुल गांधी के द्वारा भारत जोड़ो यात्रा एवं न्याय यात्रा के माध्यम से जनता की समस्याओं को समझ कर घोषणा पत्र तैयार किया गया है महिलाओं किसानों शहित सभी वर्गों के लिए गारंटी दी गई है। जिला 20 सूत्री के उपाध्यक्ष दिनेश मुंडा ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर सरना धर्म कोड लागू किया जाएगा । सभी वक्ताओं ने उपस्थित सभी ग्रामीणों से एक नंबर पर बटन दबाकर कांग्रेस प्रत्याशी जेपी भाई पटेल को भारी मतों से विजय बनाने की अपील की मौके पर नगर कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बलराम साहू झारखंड बाल मंच के संयोजक तारीख अनवर मीडिया प्रभारी संजय साव कार्यालय प्रभारी शहजाद खान कांग्रेस से बदल नगर अध्यक्ष जे के अग्रवाल पप्पू पासवान संजय वर्मा विक्की वर्मा विकास गंजू जवाहर प्रसाद धर्मवीर राम खेमलाल बैठा जितेंद्र प्रसाद पिंकू सनी मुंडा रुक्मिणी देवी पिंकी देवी मंजू देवी सरिता देवी जमुना देवी सैकड़ों उपस्थित थे।



## राजू यादव ने जेपी पटेल के पक्ष में वोट करने की अपील की,जनसंपर्क अभियान चलाया

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन( इंटक )के क्षेत्रीय सचिव सह हजारीबाग कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष राजू यादव ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल के लिए उरीमारी परियोजना के पोटंगा वर्क शॉप में सीसीएल कर्मियों के बीच जनसंपर्क अभियान चलाया। अभियान के दौरान कर्मियों से अपील किए की जेपी पटेल कोयलांचल के सारे मजदूरों का आवाज बुलंद करेंगे।वहीं क्षेत्रीय सचिव सह जिला उपाध्यक्ष राजू यादव ने कहा कि आज के समय में कोयला मजदूर बीजेपी को जीता कर अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है ,मेडिकल अनफिट के मामले में लाखो मजदूर की घर की आर्थिक स्थिति दयनीय हो गयी है कोल इंडिया प्रबंधन के कान में जूं तक नहीं रेंग रहा है,इसलिए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल को भरी मतो से विजयी बनाए। वहीं इस मौके पर पोटंगा पंचायत के मुखिया चरका करमाली,विस्थापित नेता विश्वनाथ मांझी, एससी/एसटी/ ओबीसी काउंसिल के सचिव गणेश राम,डी पी मेहता,अली हसन खान,राजकुमार महतो, एस पी सिंह,विश्राम मांझी,मुबारक अंसारी,प्रमोद कुमार,उमेश प्रसाद,उमेश महतो,कुंजेशवर मंडल,अरुण कुमार, अजय टोपनो,सुनिल कुमार,अरुण कुमार,सुरेश राय,विजय पासवान,श्याम कुमार सिंह,कपिल, रतिराम मांझी आदि लोग मौजूद थे।



## सीबीएसई दसवीं व बारहवीं में डीएवी उरीमारी स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीबीएसई 10वीं और 12वीं परीक्षा में डी ए वी उरीमारी के छात्र - छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे कोयलांचल क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। वही इस बार उरीमारी डीएवी से सीबीएसई कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षा में 38 बच्चे शामिल हुए थे, जिसमें 33 बच्चे प्रथम श्रेणी के साथ उत्तीर्ण हुए। डीएवी स्कूल उरीमारी के प्रेम प्रकाश ने 91.8त्न के साथ प्रथम, शारिक रज़ा 91त्न के साथ द्वितीय, रानी कुमारी 90त्न के साथ तृतीय स्थान प्राप्त की। अंग्रेजी में 91, भौतिकी में 95, रसायन में 94, गणित में 81, जीव विज्ञान में 95 , शारीरिक शिक्षा में 96, इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी में 97 तथा हिंदी में 86 अंक सर्वाधिक रहा। वहीं विद्यालय का त्तक्क 73.79 प्रतिशत रहा। वहीं इस बार कक्षा दसवीं में माही गुप्ता ने 96.4त्न अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, तो वहीं एमडी रेहान ने 92.6त्न लाकर द्वितीय तथा नंदिनी मिश्रा 92.4त्न लाकर तृतीय स्थान प्राप्त की। 90 त्न से अधिक अंक लानेवाले अन्य छात्रों में रौनक सोनी (91.8), अभिनव कुमार (91.4), केशव कुमार (90.8), आस्तिक पाण्डेय (90) आदि प्रमुख है। इस बार कक्षा दसवीं में 90 छात्रों-छात्याओं ने भाग लिया था।वही कक्षा दसवीं में 28 छात्रों ने डीस्टिंगसन प्राप्त किया, शेष छात्रों ने लगभग प्रथम श्रेणी में उत्तीर्णता प्राप्त की। कक्षा दसवीं के लिए विद्यालय का त्तक्क 66.4 प्रतिशत रहा। वहीं विद्यालय के इस परिणाम से सभी अभिभावकों , बच्चों और शिक्षकों के बीच काफी हर्ष का माहौल है। वहीं डीएवी विद्यालय के प्राचार्य उत्तम कुमार राय ने बच्चों के इस सफलता और मेहनत की सराहना की कहा कि इस सफलता का पूरा श्रेय बच्चों के कठिन मेहनत, शिक्षकों के सही मार्गदर्शन एवं निरंतर प्रयास और अभिभावकों के सहयोग को बताया। प्राचार्य राय ने सभी बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए भविष्य में और बेहतर करने की उम्मीद जताई। विद्यालय के शानदार प्रदर्शन पर विद्यालय के अध्यक्ष सीसीएल बरका- सयाल क्षेत्र के महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह और डीएवी झारखंड जोन- एफ के असिस्टेंट रीजनल पदाधिकारी निशिकांत कर ने बच्चों के उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी।




# 10 वीं में समृद्धि बनी अग्रसेन स्कूल की टॉपर व 12 वीं कॉमर्स में निशि व साइंस में वाणी रही अव्वल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** सीबीएसई ने सोमवार को क्लास 10 व 12 का रिजल्ट जारी कर दिया। इस परीक्षा में श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। 10 वीं में समृद्धि कुमारी 95 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल की टॉपर बनी। आदित्य कुमार अग्रवाल ने 94.8, कुमारी ओनम 94.8, निशत फातमा ने 91.6, वैभव कश्यप साव ने 91, सौरव कुमार ने 90.4, रोहिणी कौशल ने 88.2, रिशु गुप्ता ने 88, मो आकिब जावेद ने 87.8, श्रेया कुमारी ने 86.6, रौनक कुमार ने 86.4 प्रतिशत अंक के साथ सफलता प्राप्त किया।क्लास 12 साइंस में वाणी व कॉमर्स में निशि कुमारी ने स्कूल टॉप किया। वाणी को 92.4 व निशि को 86.2 प्रतिशत अंक मिला है। इसी प्रकार साइंस में देव कुमार ने 89.6, सुजल कुमार ने 84.2, कॉमर्स में अभय उरांव ने 85.2, फातमा फिरदोसी ने 70 प्रतिशत अंक के साथ टॉप थ्री में स्थान बनाया। अन्य विद्यार्थियों ने भी अपने शानदार प्रदर्शन से स्कूल का मान बढ़ाया। स्कूल के प्राचार्य विवेक प्रधान ने बच्चों की सफलता पर हर्ष जताते हुए कहा कि बच्चों को उनकी मेहनत का परिणाम मिला है। बच्चे अब अपने करियर के प्रति और गंभीर होकर पढ़ाई करें। निदेशक (एकेडमिक) एसके चौधरी ने कहा कि बच्चे भविष्य में लगातार सफलता की सीढ़ियां चढ़ते रहे, विद्यालय परिवार की यही शुभकामना है। विद्यार्थियों की सफलता पर अरविंद दुबे, दीपिका तिवारी, साधना सिन्हा, सूरज कुमार, अंकित विश्वकर्मा, नीलू श्रीवास्तव, एचके सिंह, सूफियान अख्तर, जीशान अख्तर, कुमुल कुमार, रीतिका, विनोद मिश्रा, दिव्यांश कुमार समेत सभी शिक्षकों ने बधाई दी है।

## ब्राह्मणों ने जातिगत जनगणना की मांग को किया खारिज : सुशील ओझा

**रामगढ़ :** विप्र फाउंडेशन का राष्ट्रीय सम्मेलन गुजरात के सूरत में संपन्न हुई, विप्र फाउंडेशन के संस्थापक संयोजक सुशील ओझा ने कहा कि देश में उठ रहे जातिगत जनगणना का पुरज़ोर शब्दों में विरोध का निर्णय लिया, संस्था देश भर में भारतीय संस्कृति व ब्राह्मण विरोधी ताकतों के तरफ से किये जा रहे कुप्रचार का मुँहतोड़ जवाब देंगी, इसके लिए एक कार्ययोजना तैयार की जाएगी, जरूरत पड़ने पर उतर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक सभी ब्राह्मणों को एक मंच पर लाकर सडकों पर भी उतरने पर कोई गुरेज नहीं है।विप्र फाउंडेशन की राष्ट्रीय परिषद की बैठक रविवार को सूरत में हुई, बैठक के विचार मंथन जिन ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसमें ब्राह्मणों को टार्गेट किये जाने पर विशेष चिंता व्यक्त की गई।

# डीएवी बरकाकाना का सीबीएसई बारहवी में शत् प्रतिशत परिणाम रहा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**भुरकुंडा :** डीएवी बरकाकाना के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन हमेशा से ही गर्व का विषय रहा है। इस साल की सीबीएसई बारहवीं परीक्षा में भी उन्होंने अपने प्रतिभा का परिचय दिया।मानविकी, विज्ञान, और वाणिज्य क्षेत्र में भी उनका प्रदर्शन बेहद प्रशंसनीय रहा। साथ ही, कुछ छात्र राजनीति शास्त्र और पेंटिंग में भी शानदार अंक प्राप्त किए। डीएवी बरकाकाना में तीनों संकाय में कुल 100 विद्यार्थि शामिल हुए थे। सभी विद्यार्थियों का परिणाम शत प्रतिशत रहा। मानविकी में 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शीखा कुमारी एवं स्तुति प्रकाश ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में 94.6 प्रतिशत अंक के साथ प्रिया दांगी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं वाणिज्य संकाय में 93.6 प्रतिशत अंको के साथ सृष्टि मारवाह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। राजनीति शास्त्र में स्तुति प्रकाश ने 100 अंक प्राप्त किए वहीं पेंटिंग में काजल कुमारी ने 100 अंक प्राप्त किए।स्कूल प्राचार्य मो मुस्तफा मजीद ने बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुझे गर्व है कि हमारे स्कूल के छात्रों ने इस साल की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उन्होंने अपनी उम्मीदों को पार किया और हमें नई ऊँचाइयों की ओर ले जाने में मदद की। यह सब संभव है केवल उनके प्रयासों, संघर्ष और अथक मेहनत के बल पर। मैं उन्हें बधाई देता हूं और उनके भविष्य की शुभकामनाएं देता हूं। उनका सफलता सबको प्रेरित करना चाहिए कि वे अपने सपनों को पूरा कर सकते हैं।

# श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के परीक्षार्थियों ने 12वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** केन्द्रिय मधय्मिक् शिक्षा बोर्ड द्वारा 12वीं का परीक्षा परिणाम प्रकाशित किया गया जिसमे श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के परीक्षार्थियों ने उत्कृष्ट सफलता प्राप्त कर अपना परचम लहराया। परीक्षा में विद्यालय के 167 बच्चे शामिल हुए थें। विज्ञान संकाय से 89 वाणिज्य संकाय से 52 कला संकाय से 26 विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे। जिसमें विज्ञान संकाय से सान्या कुमारी 91त्न, रिश्ता शर्मा 89.6% डिंपल कुमारी 89.0त्नरोनित राज 87.8त्न अजय नंदन सिंह 85.6 त्नरोशनी कुमारी 85.2% निशात नवाज 85% निशांत कुमार 83.6त्न श्रीनू गुप्ता 82.6% अंकित कुमार 82.6त्न कौशिक सिंह 81.6% कृतिका सोरेन 81.4त्नअनामिका तिवारी 80.8% निखिल कुमार गुप्ता 80त्न वाणिज्य संकाय से पीयूष कुमार 92.8त्न ,उदिता कुमारी 91.2 %, ऋषभ कुमार 90.6 % एमडी साजिद अफरीदी 86%,सृष्टि राय 83.8त्न , हर्षिता राज पांडे 83.4%,पूजल् मित्तल 82.6त्न, गुरप्रीत सिंह 80.6% आयुष कुमार राय 80.6त्न कला संकाय से स्नेहा आचार्य 96.6%, अनुष्का वर्मा 95.4%, नूर सबा 92.2% कुशाग्र श्रीवास्तव90.2%, साहिल कुमार राज 89.6%, सिमरन सिंह 85.4%, मनामी घोष 81.6%, अंक प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया। विज्ञान संकाय से 25 विद्यार्थियों ने वाणिज्य संकाय से 13 विद्यार्थियों ने एवं कला संकाय से 08 विद्यार्थियों ने डिस्टिंक्शन अंक प्राप्त किये। विद्यालय के प्राचार्य ने शिक्षकों की कड़ी मेहनत की प्रशंसा की और विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की।विद्यालय अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल और सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा सहित स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली तथा मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी , ने समस्त शिक्षक गन की मेहनत की प्रशंसा की और साथ ही साथ भम्बच्चों को ढेर सारी शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल भविष्या की कामना की ।

## मारवाड़ी महिला समिति ने किया मातृ दिवस एवं नर्स दिवस का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** मारवाड़ी महिला समिति रामगढ़ शाखा द्वारा स्थानीय जैन भवन के सभागार में मातृ दिवस सह नर्स दिवस का आयोजन किया। कार्यक्रम के अंतर्गत समिति के अध्यक्षा निशा जैन ने समिति की मातृ तुल्य अरुणा जैन को समिति की ÷माता की उपाधि÷ प्रदान करते हुए शॉल ओढ़ाकर उनके समिति के प्रति मातृवत योगदान के लिए उन्हें सम्मानित किया । साथ ही, समिति के द्वारा नर्स दिवस के अवसर पर नर्सो को सम्मान किया गया । कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए समिति की अध्यक्षा जैन ने बताया कि हमारी संरक्षिका ने विगत 34 वर्षों से हमारी शाखा की देखभाल यशोदा माता की भांति की है तथा हमारी नर्स बहने अपने घर परिवार की जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए अस्पतालों में हम अनजान लोगों की सेवा करती है , ऐसे लोगों को आज के पावन अवसर पर सम्मान करना हम सब का परम कर्तव्य है । आज के कार्यक्रम का यही प्रमुख उद्देश्य है। साथ ही , आज के कार्यक्रम में समिति की सचिव रिद्धि जैन के निर्देशन में मां एवं बच्चों के आपसी सामंजस्य को प्रदर्शित करने हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं तथा बच्चों में बढ़कर हिस्सा लिया । बच्चों के मार्मिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति की तरफ से प्रिया अग्रवाल, नम्रता जैन, शारदा अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, पूनम गर्ग ,नैना मेवाड़, नेहा मित्तल, सरिता जैन, सिम्पल बेरलिया , गरिमा अग्रवाल, रेणु मित्तल, किरण अग्रवाल आदि ने योगदान दिया।

## वरिष्ठ नागरिक संगम के 8वें स्थापना दिवस सह सम्मान समारोह हेतु महत्त्वपूर्ण बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** स्वास्थ्य एवं शान्ति को एकनिष्ठ समर्पित वरिष्ठ नागरिक संगम÷ के तत्वावधान में रामगढ़ कैंट , बंगाली टोला स्थित डॉ. डी सी राम के आवास परिसर में दिनांक 24 मई 2024 , दिन शुक्रवार को आयोजित होने वाले ÷8वें स्थापना दिवस सह सम्मान समारोह÷ हेतु अत्यावश्यक तैयारी बैठक संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ मंगलाचरण एवं ईशवंदना के साथ हुआ। रामगढ़ जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बैठक में पधारे वरिष्ठ नागरिक संगम के सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति में सामान्य शिष्टाचारों के पश्चात स्थापना दिवस के संबंध में विचार विमर्श प्रारंभ हुआ। इस संदर्भ में सभी सदस्यों के विचार सादर आमंत्रित किए गए थे। क्रमशः सभी सदस्यों ने अपने उत्कृष्ट विचारों को सभा में साझा किया। सर्वसम्मति से पारित निर्णय के अनुसार एक आयोजन समिति का गठन किया गया। उक्त आयोजन समिति के द्वारा स्थापना दिवस सह सम्मान समारोह संपन्न होगा। रामगढ़ जिले के दो श्रेष्ठ समाज सेवियों तथा संस्था को समर्पित पांच श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं को समिति के द्वारा सम्मानित किया जाएगा।आयोजन दिनांक 24 मई 2024 , दिन शुक्रवार , संध्या 04÷00 बजे से डॉ. डी सी राम के आवासीय परिसर के नवनिर्मित सभागार में संपन्न होगा। अन्य निर्णयों में समिति के सदस्यों के मध्य कार्य विभाजन भी हुआ तथा जीवन के साठ वसंत पूरे कर चुके नये अनुभवी जनों को संस्था से जोड़ने की भी बात रखी गई। आभार ज्ञापन के पश्चात बैठक का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से संगम के संस्थापक सदस्य डॉ डी सी राम , अध्यक्ष आचार्य आदित्य नारायण त्रिपाठी , महासचिव चंदेश्वर प्रसाद , कोषाध्यक्ष शिव शंकर मोदी , पूर्व प्राचार्य आशुतोष कुमार सिंह , अर्जुन साव , राम प्रसाद राम , साधु चरण राम दांगी , मदन मोदी , कांतिलाल राठौर , छोटूलाल मोदी , ईश्वरी प्रसाद तथा विशेष आमंत्रित सदस्य सह संगम के मीडिया प्रभारी कवि/लेखक राज़ रामगढी सहित अन्य उपस्थित थे। इस तथ्य की जानकारी राज़ रामगढी ने साझा की है।

## भाजपा के समर्थन में सभी वर्गों के ऐतिहासिक वोट पड़ेंगे : शिवलाल महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** भाजपा चुनाव कार्यालय रामगढ़ में प्रेस वार्ता करने आए शिवलाल महादेव ने कहा हजारीबाग लोकसभा सांसद के क्षेत्र का विकास में विस्थापन सबसे बड़ी समस्या है और इस समस्या का हाल सिर्फ भारतीय जनता पार्टी के माध्यम से ही हो सकता है इसीलिए मैं भारतीय जनता पार्टी को ज्वाइन किया। भारतीय जनता पार्टी में ऐतिहासिक निर्णय लेने की क्षमता है ,देश के विकास में अग्रीम भूमिका निभाने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसको सिद्ध करके दिखाया है।धारा 370 का मामला हो राम जन्मभूमि का मामला हो , नोटबंदी,तीन तलाक का मामला हो या कोरोना कल जैसे महामारी का मामला हो सभी देशवासियों की जान बचाने में अपने यहां भूमिका निभाई, पटेल कुर्मी की बात करने वाले सरदार पटेल जी को कोंग्रेस ने सम्मान नहीं दिया। वहीं भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा के रूप में सरदार वल्लभभाई पटेल का स्टैचू बनाकर के उन्हें सम्मानित किया। पूरे देश की जनता मोदी जी के 10 वर्षों के कार्यकाल में खुश है और देश मैं ऐतिहासिक फैसला लेने का निर्णय सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में रामगढ़ विधानसभा के सह प्रभारी रणजीत पांडे , विजय जायसवाल ,कैंट मंडल के अध्यक्ष सूर्यवंशी श्रीवास्तव , जिला मंत्री बसु तिवारी मीडिया प्रभारी भीमसेन चौहान ,राजीव रंजन, बृजेश पाठक ,वरुण सिंह ,आईटी सेल प्रभारी प्रवीण कुमार सोनू निगम धीरज साहू, जय किशोर ठाकुर शिवकुमार महतो इस कार्यक्रम मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## ट्रबो और बाइक की टक्कर में बाइक सवार की हुई मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** उरीमारी ओपी अन्तर्गत पसेरिया घाटी में सोमवार को दोपहर लगभग ढाई बजे के करीब बड़कागांव मोत्रा से अपनी बहन को छोड़कर लौट रहे हीरो स्पलेंडर नं छ्व01छ्व - 6752 पे सवार परसा टोला ओरमांझी रांची निवासी तेतरा गंझू उम्र लगभग 36 वर्ष पिता जेठू गंझू की उरीमारी से बड़कागांव की ओर जा रहे टर्बो ट्रक नं छ्व ह्1श्वह - 6019 से सिधे जोड़दार टक्कर हो गई। वहीं इस टक्कर रांची निवासी तेतरा गंझू गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इस दौरान बड़कागांव से बरकाकाना जा रहे बड़कागांव निवासी व समाजसेवी शाहीद उर्फ सोनू इराकी ने सड़क पर घायल पड़े तेतरा गंझू को अपने निजी वाहन पर उठाकर उसे भुरकुंडा सीसीएल अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने इलाज के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं इस दुर्घटना के बाद मौका देख टर्बो चालक व खलासी गाड़ी छोड़कर फरार हो गए। घटना की सुचना पाकर उरीमारी ओपी प्रभारी राम कुमार राम एवं एसआई सीताराम सिंह अपने दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घटना में शामिल दोनों वाहनों को जब्त कर ओपी परिसर लेते आई। वहीं उरीमारी पुलिस घटना क्रम की जांच पड़ताल में जुट गई है। इधर खबर लिखे जाने तक मृतक का शव भुरकुंडा सीसीएल अस्पताल में परिजनों के आने तक रखा रहा।

## मैट्रिक इंटर उत्तीर्ण छात्र एवं छात्राओं को संस्थान द्वारा प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

**रजरप्पा :** सिलेक्शन द प्लेटफार्म संस्थान के द्वारा बिजुलियां तालाब रोड के समीप में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह में मैट्रिक एवं इंटर उत्तीर्ण लगभग 60 छात्र एवं छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सभी छात्रों को बुके- मोमेंटो ,मेडल एवं सम्मान प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया ! इस दौरान शुरुआत संस्था के निदेशक सोनू कुमार, प्रोश्र पूर्ण कांत कुमार ठाकुर प्रोश्र बबीता देवी ,चुरामन महतो दिलीप नायक , अखिल महतो, गौतम महतो ,दिनेश कुमार ,रितेश राज , हीरालाल महतो ,दिलीप कुमार ,रवि शंकर यादव, नीरज कुमार, विवेक वर्मा, पंकज प्रसाद सुनील रवि के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुरूआत किया गया। दीप प्रचलित के पश्चात संस्था के छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति की गई एवं श्वेता कुमारी के द्वारा भी एक गीत की प्रस्तुति की गई ।

## ए ला एंगलाइज स्कूल का सीबीएसई 10वीं और 12वीं विज्ञान की वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** भरकुंडा कोयलांचल का श्रेष्ठ विद्यालय ए ला एंगलाइज स्कूल, भुरकुंडा का सीबीएसई 10वीं और 12वीं विज्ञान की परीक्षा का परिणाम उत्कृष्ट रहा। विद्यालय का यह पहला बैच था। 12वीं की परीक्षा में कुल 16 विद्यार्थी शामिल हुए थे और सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता अर्जित की। विद्यालय के तीन विद्यार्थियों ने 80त्न से ज्यादा, क्रमशः स्वप्निल कुमार 87.5%, सोनू कुमार 83.8% एवं कनक कुमारी 83.6त्न अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। इसी प्रकार पांच विद्यार्थियों ने 75% से ज्यादा, क्रमशः विद्या शर्मा 78.8%, स्नेहा कुमारी महतो 78.2त्न, दिया कुमारी 77.4%, विद्या कुमारी 76% एवं मोनू कुमार 75.6 लाकर उत्तीर्ण हुए। दो विद्यार्थियों ने 70त्न से ज्यादा क्रमशः मानसी सिंह 71.4% एवं विभूति राज 71% अंक अर्जित कर सफलता प्राप्त की। इसी क्रम में छः विद्यार्थियों ने 60त्न से अधिक अंक अर्जित कर सफलता प्राप्त की इस प्रकार विद्यालय की 12वीं विज्ञान के सभी विद्यार्थियों ने 60% से अधिक अंक अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विषय बार अधिकतम अंक अंग्रेजी में विभूति राज 93 भौतिकी में स्वप्निल 86 रसायन शास्त्र में स्वप्निल 85 गणित में स्वप्निल 93 जीव विज्ञान में मोनू कुमार 75 कंप्यूटर में सोनू कुमार एवं कनक कुमारी ने 100 में 100 अंक जबकि शारीरिक शिक्षा में सोनू कुमार ने 91 अंक हासिल किया। इसी प्रकार विद्यालय की दसवीं कक्षा में कुल 94 विद्यार्थी शामिल हुए थे जिनमें से 60 विद्यार्थियों ने 60 से अधिक अंक अर्जित किया। संचिता कुमारी 92.8%, सृष्टि कुमारी 87.6%, ज़रा हयात 87%, शिवांशु शेखर 86.8त्न एवं माही कुमारी सोनी 84% अंक अर्जित कर विद्यालय के पांच सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों में अपना स्थान पाया। विषय बार अंग्रेजी में 91 अंक जरा हयात गणित में 95 हिंदी में 90 विज्ञान में 97 और आईटी में 93 अंक संचिता कुमारी जबकि शिवांशु शेखर ने सामाजिक विज्ञान में 95 अंक अर्जित किया।इस सफलता पर स्कूल के सचिव डॉ गजाधर महतो प्रभाकर, प्राचार्य विजय कुमार सीबीएसई के प्रभारी निरंजन दुबे एवं धर्मेश कुमार समेत सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों की सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## मुजफ्फरपुर-वास्को द गामा समर स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार

**हाजीपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: हाजीपुर-पाटलिपुत्र-डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर के रास्ते चलायी जा रही वास्को द गामा-मुजफ्फरपुर-वास्को द गामा समर स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार किया जा रहा है । अब गाड़ी सं. 07309 वास्को द गामा-मुजफ्फरपुर समर स्पेशल 15.05.2024 से 12.06.2024 तक प्रत्येक बुधवार को वास्को द गामा से 16.00 बजे खुलकर शुक्रवार को 07.00 बजे पाटलिपुत्र रूकते हुए 09.45 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी । इसी तरह गाड़ी सं. 07310 मुजफ्फरपुर-वास्को द गामा समर स्पेशल 18.05.2024 से 15.06.2024 तक प्रत्येक शनिवार को मुजफ्फरपुर से 13.00 बजे खुलकर 14.45 बजे पाटलिपुत्र रूकते हुए सोमवार को 06.30 बजे वास्को द गामा पहुंचेगी । इस स्पेषल में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 01, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 01, तृतीय वातानुकूलित इकॉनोमी श्रेणी के 02, शयनयान श्रेणी के 10 एवं साधारण श्रेणी के 04 कोच हैं।

## गिरिडीह में प्रधानमंत्री का कार्यक्रम आज, तैयारी पूरी

**गिरिडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज चुनावी सभा को संबोधित करने गिरिडीह जिले के बिरनी प्रखण्ड के पेशम पहुंच रहे हैं। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर सभा स्थल पर सारी तैयारियां अंतिम चरण में है। कार्यक्रम को लेकर सभा स्थल पर भव्य पंडाल बनाया गया है वहीं भव्य मंच भी तैयार किया गया है। वहीं सभा स्थल से कुछ ही दूरी पर हेलीपैड बनाया गया है। जहां पीएम मोदी की सुरक्षा को लेकर व्यापक प्रबंध किया गया है। प्रधानमंत्री के इस चुनावी सभा को लेकर जहां भाजपा की ओर से पूरे जोर शोर से तैयारी की जा रही है। वहीं गिरिडीह जिला प्रशासन भी पूरी मुस्तैदी से इसमे जुटा है। डीसी नमन प्रियेश लकड़ा और एसपी दीपक शर्मा सभा स्थल की पूरी तैयारी पर अपनी नजर रखे हुए हैं। डीसी एसपी के अलावे अन्य पुलिस व प्रशासन के अधिकारी लगातार सभास्थल का दौरा कर रहे हैं। वहीं स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (एसपीजी) की टीम ने सभास्थल का जायजा ले लिया और कई निर्देश भी दिए है।प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के बाबत एसपी दीपक शर्मा ने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा को लेकर चाक चौबंद व्यवस्था की जा रही है। चप्पे-चप्पे पर हथियारबंद जवान तैनात रहेंगे। बताया गया कि सुरक्षा की दृष्टि से दो हजार अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की जा रही है। इसमें 50 इंस्पेक्टर, 280 एसआई एवं एएसआई, 1146 लाठी बल, 50 यातायात पुलिसकर्मी, दो बीडीएस की टीम, दो हिट टीम, तीन डॉग स्कवाइड सहित इको की आधा दर्जन टीमं तैनात रहेंगी। आसपास के जिलों और ट्रेनिंग सेंटर से भी पुलिस बल बुलाया गया है।एसपी ने बताया कि कार्यक्रम के मद्देनजर यातायात व्यवस्था भी बदली की जायेगी। ताकि किसी प्रकार की कोई असुविधा उत्पन्न न हो। निरीक्षण के क्रम में एसपीजी की टीम ने डीसी-एसपी के साथ सभास्थल के अलावा हेलीपैड का भी निरीक्षण किया। वहीं एसपीजी की टीम ने अभी से ही सभास्थल पर मोर्चा संभाल लिया है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम में लाखों की भीड़ के कार्यक्रम स्थल पर जुटने की संभावना है। प्रधानमंत्री इस चुनावी सभा के माध्यम से न केवल कोडरमा संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं को बल्कि गिरिडीह लोकसभा, धनबाद लोकसभा एवं हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं को भी सम्बोधित करेंगे। जिस कारण गिरिडीह, कोडरमा, धनबाद, बोकारो एवं हजारीबाग जिले के लोगों का जुटान सभा स्थल पर होने की संभावना है।कार्यक्रम के सम्बंध में जमुआ के भाजपा विधायक केदार हाजरा ने कहा कि यह कार्यक्रम कोडरमा संसदीय क्षेत्र और बगोदर विधानसभा क्षेत्र के लिये काफी ऐतिहासिक होगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में ऐतिहासिक भीड़ भी जुटेगी। कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर स्थानीय लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रही है। देश की आजादी के बाद पहली बार देश का किसी प्रधानमंत्री का आगमन इस सुदूर ग्रामीण क्षेत्र मे होने जा रहा है। जिस कारण लोग प्रधानमंत्री के एक झलक पाने को काफी बेताब हैं।

## आश्रम में अजय सिन्हा की तीसरी पुण्यतिथि मनाई गई

**धनबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: धनबाद के टुंडी रोड स्थित लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम में बिहार श्रमिक संघ के केंद्रीय अध्यक्ष एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय आर. के. प्रसाद के पुत्र स्व.अजय कुमार सिन्हा की तीसरी पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर स्वर्गीय अजय कुमार सिन्हा की बहन रेखा सिन्हा, भाई विजय सिन्हा, विनय सिन्हा, श्वेता सिन्हा, सौरव सिन्हा, सक्षम सिन्हा, समर्थ सिन्हा, विश्वजीत सिन्हा, सुरेंद्र यादव, अजय कुमार ठाकुर, श्रीकांत पांडे, राजेश कुमार, आश्रम के अध्यक्ष मो. नौशाद गद्दी, ओंकार मिश्रा, शुबल कुमार, शांति देवी सहित आश्रम में निवास करने वाले माता पिता तुल्य वृद्ध जनों सहित सिन्हा परिवार के सभी लोगों ने स्वर्गीय अजय कुमार सिन्हा के तस्वीर पर फूल माला चढ़ाकर नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित किया। वहीं आश्रम में निवास करने वाले सभी लोगों ने स्वर्गीय अजय सिन्हा की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा एवं भगवान से प्रार्थना किया। मौके पर स्वर्गीय अजय सिन्हा के भाई विजय सिन्हा ने कहा की स्वर्गीय अजय सिन्हा एक समाजसेवक थे जो दूसरों की भलाई के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। आज उनकी तीसरा पुण्यतिथि हम सभी परिवार के लोग एवं अपने मित्र जनों के साथ मिलकर लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम में मना रहे हैं। उनके पुण्यतिथि के मौके पर आश्रम में निवास करने वाले माता-पिता तुल्य वृद्ध जनों को भोजन कराया गया है। वहीं आश्रम के अध्यक्ष मोहम्मद नौशाद गद्दी ने स्वर्गीय अजय सिन्हा के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अजय सिन्हा एक मिलनसार व्यक्ति थे और समाज के प्रति बहुत ऐसे समाजउपयोगी कार्य किए हैं जिसे लोग कभी भूल नहीं पाएंगे। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वे अजय सिन्हा की आत्मा को शांति दे।

## राष्ट्रीय खान मजदूर फेडरेशन ने दिया अनुपमा को समर्थन



**धनबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के समर्थन में राष्ट्रीय खान मजदूर फेडरेशन की स्टैंडिंग कमेटी की बैठक की गई। जिसमें सैकड़ों की संख्या में मजदूर नेताओं ने शिरकत किया। बैठक में मौजूद सांसद प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पति सह बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह ने केंद्र की मोदी सरकार पर भी जोरदार हमला बोला और कहा कि पिछले दस वर्षों में केंद्र सरकार ने कोई नई औद्योगिक यूनिट शुरू नहीं कि। कोल इंडिया को निजीकरण के रास्ते पर ले जाया जा रहा है। कोयला मजदूरों का हाल बेहाल है और असंगठित क्षेत्र में मजदूर अधिक परेशान है। चारों ओर ठेका पट्टा और ठेकेदारी प्रथा कायम होने लगी है। मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए एक बार फिर से कांग्रेस को मजबूत करने की आवश्यकता है। यह तभी संभव है जब अनुपमा सिंह को आप यहां से जीताने का काम करेंगे। श्री सिंह ने कहा कि धनबाद की एकता ही हमारी जीत है। अवसर पर पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक, ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह समेत अन्य मौजूद थे। इसके अलावे विधायक अनुप सिंह ने आज शहर के हाउसिंग कॉलोनी, बस्ताकोला समेत अन्य क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया।

## भाजपा प्रत्याशी की पत्नी ने किया जनसम्पर्क, एम्स और एयरपोर्ट का दिया भरोसा

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: भुईफोड़ नागरिक मंच, सबलपुर बैंक कॉलोनी के तत्वाधान में भाजपा लोकसभा प्रत्याशी ढुलू महतो की पत्नी सावित्री देवी ने सघन जन संपर्क अभियान चलाकर अपने पति के पक्ष में वोट मांगा। उन्होंने भाजपा नेता प्रमोद सिंह के आवास परिसर में एक बैठक को संबोधित किया। उन्होंने प्रमुखता से धनबाद में एम्स और एयरपोर्ट के मुद्दे के साथ जन समस्या के समाधान के लिए भरोसा दिया। उन्होंने कहा मोदी परिवार के हम सभी लोग है। सब मिलकर मोदी परिवार को मजबूत करे। वही हीरापुर हरि मंदिर रोड स्थित विवेकानंद खंड के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन धनबाद सावित्री देवी ने किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष निर्मल प्रधान, जयंत चौधरी, पप्पू साव, अमित साहू समेत अन्य मौजूद थे।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में लोकसभा निर्वाचन-2024 के निमित्त की गई समीक्षा बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में दिनांक 13 मई 2024 को समाहरणालय स्थित सभागार में लोकसभा निर्वाचन2024 के निमित्त डाक मतपत्र कोषांग के वरीय/नोडल पदाधिकारी, परिवहन कोषांग के वरीय/नोडल पदाधिकारी, सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं सभी अंचल अधिकारी के साथ बैठक की गई। इस दौरान वोटर इनफार्मेशन स्लिप वितरण की अद्यतन स्थिति, इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम, मतदान केंद्रों पर एएमएफ की व्यवस्था, वोटर इनफार्मेशन स्लिप वितरण के पश्चात एएसडी की सूची, मतदान के दिन मतदान केंद्रों पर उपलब्ध कराने वाली सुविधाएं, मतदान के दिन वाहन की व्यवस्था समेत कई अन्य बिंदुओं से संबंधित अद्यतन स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं सभी अंचल अधिकारी को 15 मई तक बूथवार शत प्रतिशत वोटर इनफार्मेशन स्लिप वितरण करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि वितरण कार्य में लगे बूथ लेवल आफिसर (बीएलओ) एवं बीएलओ पर्यवेक्षक के साथ बैठक कर यह सुनिश्चित करें कि मतदाता पर्ची प्रत्येक मतदाता को दी जाए। इसमें किसी तरह की कोई लापरवाही नहीं हो। लापरवाही होने पर संबंधित के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी बूथों में एएमएफ की व्यवस्था, इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी, मार्किंग समेत अन्य व्यवस्थाओं को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को मतदान के दिन आवश्यकता अनुसार वाहन की असेसमेंट करते हुए अधियाचना परिवहन कोषांग को भेजने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही होम वोटिंग, रिसर्व पोलिंग पार्टी को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मौके पर उप विकास आयुक्त सादात अनवर, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, नगर आयुक्त रविराज शर्मा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एंड आर्डर हेमा प्रसाद, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी.द्विवेदी, अपर नगर आयुक्त महेश्वर महतो, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक समेत सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी मौजूद रहे।

## एनएसयूआई ने विश्विद्यालय में लगाई मोहब्बत की दुकान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद** : एनएसयूआई धनबाद द्वारा बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्विद्यालय में मोहब्बत की दुकान की शुरुआत की गयी। जिसमें युवा न्याय की पांच गारंटी, 1.भारती भरोसा – केंद्र सरकार के विभागों में खाली 30 लाख सरकारी पदों पर तत्काल स्थाई नियुक्ति की जाएगी। 2. पहले नौकरी पक्की – हर ग्रेजुएट एवं डिप्लोमाधारी युवाओं को 1 लाख प्रतिवर्ष स्टाइफेंड के साथ सरकारी प्राइवेट कंपनियों में अप्रेंटिसशिप (नौकरी) की गारंटी। 3. पेपर लीक पर गारंटी ङ्क पेपर लीक रोकने के लिए कानून बनाकर विश्वसनीय ढंग से परीक्षा आयोजन की गारंटी। 4. गिग वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा ङ्क गिग वर्कर्स या एप्प बेस्ड कर्मचारी की बेहतर परिस्थितियों, पेंशन और सामाजिक सुरक्षा की गारंटी। 5. युवा रोशनी – रु 5000 करोड़ के राष्ट्रीय कोष से जिला स्तर पर युवाओं को स्टार्ट ङ्क अप फंड देकर उद्यमी बनाने की गारंटी। जिला अध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी ने कहा एनएसयूआई के द्वारा मोहब्बत की दुकान लगा कर कांग्रेस के मेनिफेस्टो के तहत जो पांच गारंटी दी गई है उसे छात्रों के बीच प्रसारित किया गया तथा छात्रों से आवाहवन किया गया कि अपने बेहतर भविष्य के लिए वोट करें और अपना सुनहरा भविष्य सुनिश्चित करें। प्रदेश अध्यक्ष आमिर हाशमी, जिला अध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी, विश्विद्यालय अध्यक्ष उत्तम कुमार, जिला उपाध्यक्ष रवि कुमार, बाघमारा विधानसभा अध्यक्ष विशाल महतो, राज रंजन सिंह, अकाश प्रमाणिक, विश्वविद्यालय महासचिव मोहित कुमार, महताब आलम, उत्कर्ष कुमार, जय प्रकाश यादव, अमन प्रसाद, सोहेल अली, सयुम कुमार, सौरवकुमार, नवनीत कुमार, वकार, प्रिंस सहित दर्जनों एनएसयूआइ के नेता उपस्थित थे।

## धनबाद स्कूल ऑफ नर्सिंग में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस



**धनबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: रेंगुनी स्थित धनबाद स्कूल ऑफ नर्सिंग (डीएसएन) के प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया गया, जिसका नाम लैंप लाइटिंग सेरेमनी 2024 दिया गया था। समारोह में डीएसएन में अध्ययनरत बीएससी, जीएनएम, एएनएम और पारा मेडिकल की छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और प्रोफेशन शुरुआत करने की सामूहिक रूप से शपथ ली। इस दौरान सभी छात्र-छात्राएं अपने अपने हाथों में मोमबत्ती थाम रखे थे। शपथ डीएसएन की प्राचार्या मेरी ग्रेस ने दिलाई। समारोह का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन मुख्य अतिथि बीबीएमकेयू के कुलपति पवन कुमार पोद्दार, असर्फी हॉस्पिटल के सीईओ हरेंद्र सिंह, डीएसएन के डीन एकेडमिक एसके सिन्हा, असर्फी हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. नयन सिंह, निदेशक गोपाल सिंह, निदेशक जय प्रकाश सिंह ने किया। समारोह को संबोधित करते हुए असर्फी हॉस्पिटल के सीईओ हरेंद्र सिंह ने छात्र-छात्राओं के निरंतर प्रगति की कामना की। कहा कि नर्सिंग जिम्मेवारी से भरा प्रोफेशन है। आप सभी ने यहां जो शिक्षा पाई उसका पूरा इस्तेमाल अपने करियर को संवारने में करेंगे। वहीं मुख्य अतिथि बीबीएमकेयू के कुलपति पवन कुमार पोद्दार ने कहा कि नर्सिंग सेवा का क्षेत्र है। आप सभी को सब कुछ न्योछावर कर मरीजों का देखभाल करना है। नर्सों का सफेद पोशाक प्रेम, वात्सल्य, सादगी और ममता का प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मौके पर डीएसएन की असिस्टेंट प्रोफेसर नीतू कुमारी व विनोद कुमार, नर्सिंग ट्यूटर दोमेश देवांगन, आशु मरकम, तारा मिश्रा समेत छात्र-छात्राएं मौजूद थे। बता दें कि नर्सों को सम्मान देने के लिए हर साल 12 मई को दुनिया भर में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया जाता है। वहीं दूसरी तरफ अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर ही असर्फी हॉस्पिटल सभागार में भी पेंटिग्स और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दोनों तरह की प्रतियोगिता में यहां के नर्सों ने भाग लिया।

## संविधान बचाने के लिए इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी को जितना जरूरी : मासस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा** : बाघमारा प्रखंड अंतर्गत खरखरी में मासस प्रखंड कमिटी की एक आवश्यक बैठक कॉ0 मुक्तेश्वर महतो की अध्यक्षता मे हुई जिसका संचालन कॉ0 राजेश कुमार महतो ने किया ढ्ढ बैठक में मुख्य रूप से मासस के जिला उपाध्यक्ष कॉ0 शेख रहीम ने कहा की आज का बैठक बहुत ही महत्वपूर्ण है, जो चुनाव से संबंधित है । गिरिडीह से लोकसभा प्रत्याशी इंडिया गठबंधन समर्थित झामुमो के मथुरा प्रसाद महतो को मासस केंद्रीय कमेटी ने पूर्ण रूप से समर्थन करने की घोषणा की है, इसलिए हम तमाम साथियों का यह जिम्मेवारी है की गिरिडीह लोकसभा प्रत्याशी को हर हाल में जीत दिलाने का काम करेगी, बैठक में मुख्य रूप से कॉ0 गोपाल महतो कॉ0 देवाशीष चटर्जी कॉ0 अजय कुमार महतो कॉ0 याकूब अंसारी कॉ0 मंटू महतो कॉ0 अशोक दाश?न्धी कॉ0 मुन्ना खान कॉ0 भीम राजा कॉ0 बंसी महतो कॉ0 शेख मुख्तार कॉ0 शेख मुस्तकीम कॉ0 शंकर राजा कॉ0 पूरन महतो कॉ0 शेख सिद्दीक कॉ0 शहादत अंसारी कॉ0 बलराम महतो कॉ0 दीपक शर्मा कॉ0रामेश्वर रवानी कॉ0 जटल महतो कॉ0 सुभाष बाउरी कॉ0 संजीव महतो कॉ0 धीरेंद्र रवानी कॉ0 छत्रपति महतो मौजुद थे । अंत में एक संचालन समिति बना जिसका संयोजक शैख रहीम और गोपाल महतो के अलावे ग्यारह साथी का चयन किया गया जो हर क्षेत्र में चुनाव प्रचार जिम्मेदारी के साथ काम करेगी ।

# गिरिडीह लोक सभा चुनाव में इस बार बन रहा हैं त्रिकोणीय मुकाबले का समीकरण

**सुभाष मिश्रा @ प्रभात मंत्र**





**महुदा** : गिरिडीह संसदीय क्षेत्र में गर्मी के साथ साथ राजनीतिक पार्टीयो का गरमाहट उफान मार रहा है । गिरिडीह में इस बार चुनाव दिलचस्व होने वाला है एक तरफ एनडीए की प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी और दूसरी तरफ इंडिया के प्रत्याशी मथुरा महतो और दोनो के बीच में जेबीकेएसएस के जयराम महतो अपनी किस्मत को आजमाने मैदान में कूदे है।सूत्र के अनुसार गिरिडीह से एक बार सांसद जीत चुके चंद्रप्रकाश चौधरी से लोग नाखुश चल रहे है वही मथुरा महतो झारखंड सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। वही जयराम महतो 1932 खतियान को लेकर युवाओं के बीच लोकप्रिय बने हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरिडीह लोक सभा में एनडीए गठबंधन के आजसू प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी के लिए नैया पार करना आसान नहीं होगा । ग्रामीणों का कहना है की एनडीए के सांसद को हमने जिताया था लेकिन पांच साल में ना कभी दिखे और ना ही गांव में विकास कार्य किए हैं। पूरे पांच साल सांसद महोदय ने अपने चहेते को ही समय दिया , यदि सांसद का नैया डूबा तो उनके चहेते ही डूबाएंगे। दूसरी ओर लोग नए चेहरे की तलास में है। माना जाता हैं की इस बार गिरिडीह लोक सभा में चुनाव बहुत ही दिलचास्व होने जा रहा हैं। इस बार गिरिडीह लोक सभा में त्रिकोणीय मुकाबला से इंकार नहीं किया जा सकता हैं। इस बार लोग विकास की राह और जातीय समीकरण को ही अपना निशाना बनाएंगे। महुदा क्षेत्र के एक ग्रामीण ने अखबार में नाम नही छापने के शर्त में बताया की एनडीए आजसू प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी के पीछे ऐसे कुछ लोग घूम रहे है जिनको आम जनता के विकास से कोई लेना देना नही है सिर्फ अपने फायदा के लिए सांसद के आगे पीछे घूम रहे हैं। युवा वर्ग का कहना है की जो 1932 की बात करेगा , हमारी झारखंडी युवाओं की भविष्य की बात करेगा हम उसके साथ है ।ग्रामीण का कहना है की इस बार चुनाव में बहुत ही सोच समझ कर वोट का चोट दिया जाएगा।

## गिरिडीह के एसएसवीएम में सीबीएसई 12वीं साइंस व कामर्स तथा 10 वीं की परीक्ष में परिणाम रहा शत प्रतिशत



**गिरिडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सोमवार को सीबीएसई द्वादश विज्ञान एवं वाणिज्य तथा दशम का परीक्षा परिणाम प्रकाशित हुआ। वही गिरिडीह ज़िले के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शत प्रतिशत बच्चे अवल हुए । वहीप्रधानाचार्य आनंद कमल ने बताया कि विद्यालय का परीक्षा फल शत-प्रतिशत रहा। द्वादश विज्ञान में बहन खुशी कुमारी 91.6ब एवं वाणिज्य में नितिन कुमार 85ब अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बने। वहीं कक्षा दशम में उत्सव नंदन ने 95.2? अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर रहे।विद्यालय में उपस्थित भैया बहनों को प्रधानाचार्य ने मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की।मौके पर राजेश सिन्हा, प्रवीण जी, अशोक ओझा, सुमन सौरभ, विकास कुमार, अजीत मिश्रा, पंकज उपाध्याय, गौरव मुखर्जी, राजेंद्र लाल बरनवाल, पंकज सोनी आदि ने परीक्षा परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त किया।

## डालसा ने नशे के शिकार बच्चों को किया रेस्क्यू



**धनबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देश पर जिले में चलाए जा रहे वात्सल्य योजना के तहत धनबाद रेलवे स्टेशन परिसर से नशे के शिकार एक नाबालिक का रेस्क्यू सीडब्ल्यूसी के सहयोग से किया गया। बच्चों को तुरंत इलाज के लिए सदर अस्पताल धनबाद में लाया गया उसकी सूचना मिलते हैं। अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश रोशन सदर अस्पताल पहुंचे और बच्चे से बातचीत की। डॉक्टर को बच्चों के समुचित इलाज का निर्देश दिया। न्यायाधीश ने सीडब्ल्यूसी को निर्देश दिया कि बच्चे की पढ़ाई लिखाई और उचित देखभाल के लिए तुरंत प्रबंध किया जए। नाबालिक बच्चा आसनसोल का रहने वाला है जिसके पिता की मृत्यु हो चुकी है और वह रेलवे स्टेशन में रहता है उसने बताया कि साथियों के साथ उसने नशा करना सीख लिया। इस बाबत जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह डालसा सचिव राकेश रोशन ने बताया कि झालसा के निर्देश पर नशाखोरी में लिप्त बच्चों को रेस्क्यू कर डॉक्टर की सहायता से उनकी लत को छुड़ाकर उनके उज्जवल एवं बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने हेतु प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राम शर्मा के निर्देश पर वात्सल्य परियोजना पूरे जिले में चलाई जा रही है जिसके तहत आज एक बच्चे का रेस्क्यू हुआ है।इस मौके पर परियोजना के सदस्य डॉ. विकास कुमार राणा, सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष उत्तम मुखर्जी, डीसीपीओ साधना कुमारी, एनजीओ के सदस्य संतोष विकराल, महेश्वर रवानी, पीएलवी चंदन कुमार, अजीत कुमार दास ने भाग लिया।

## यादव समाज ने ढुल्लू महतो को जिताने का लिया निर्णय



**झरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: रविवार को झरिया विधानसभा के अंतर्गत शालीमार में यादव समाज का एक बैठक संपन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता भाजपा के वरिष्ठ नेता योगेंद्र यादव ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से भाजपा प्रत्याशी को जीताने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा प्रत्याशी के बड़े भाई शरद महतो ने सभी लोगों से ढुल्लू महतो को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। मौके पर यादव समाज के प्रवक्ता गोपाल यादव, महासचिव बसंत यादव, शिवकुमार यादव, राम अवतार गोप, उमेश यादव, राम यादव, भाजपा महानगर के अध्यक्ष श्रवण राय, हरेंद्र यादव, गया यादव, सुनील कुमार यादव, रामजन्म यादव, प्रभु यादव, वीरेंद्र यादव, भिखारी यादव, डॉ. कामता यादव, राम आशीष यादव समेत अन्य लोग उपस्थित हुए।

## भाजपा कार्यालय में धनबाद लोकसभा बूथ प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: भाजपा धनबाद जिला कार्यालय में धनबाद लोकसभा बूथ प्रबंधन समिति बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश संयोजक चंद्र प्रकाश ने विधानसभा समिति से संगठनात्मक रिपोर्ट लिया और शक्ति केंद्र प्रभारियों, संयोजक, सह संयोजक और बूथ अध्यक्षों से समन्वय बनाने को कहा। उन्होंने कहा कि मजबूत बूथ से ही चुनाव में विजय प्राप्त की जा सकती है। इसके लिए बूथ स्तर पर टोली बनाकर घर घर जनसंपर्क में तेजी लाने को कहा। बैठक में बूथ प्रबंध समिति के लोकसभा संयोजक संजय त्यागी, धनबाद ग्रामीण महामंत्री निताई रजवार, सहसंयोजक तालेश्वर साह, सुजीत चक्रवर्ती, सुनील गोस्वामी, निमाई लाल महथा, संजू महतो, अशोक गुप्ता, अरुण राय, उचित महतो, श्यामनाथ मंडल, फटिक दास, परेश दास, शिवेन्द्र सिंह मीनू, अजय कुमार, स्वरूप दास सहित अन्य उपस्थिति थे।

## चिरकुंडा चेकपोस्ट पर वाहन से 1.10 लाख रुपए जब्त

**धनबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: झारखंड - बंगाल सीमा पर चिरकुंडा (बराकर) चेक पोस्ट पर एसएसटी (स्टैटिक सिर्विलांस टीम) ने रविवार की रात एक वाहन से 1.10 लाख रुपये जब्त किए। बताया गया कि पश्चिम बंगाल के पानागढ़ निवासी अनूप कुमार व वर्द्धमान निवासी राज कुमार साव रविवार रात करीब 12 बजे कार (संख्या डब्ल्यूबी 38 ए 5195) से झारखंड से पश्चिम बंगाल जा रहे थे। वही चिरकुंडा चेक पोस्ट पर एसएसटी वाहनों की सघन जांच कर रही थी, जिसमें दोनों पकड़े गए। उनके पास से 1.10 लाख रुपए नकद बरामद किए गए। पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे लोग स्क्रैप का कारोबार करते हैं। व्यवसाय के सिलसिले में मैथन आये थे। चिरकुंडा पुलिस ने बताया कि बरामद नकदी के संबंध में वे दोनों संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए और ना ही कोई कागजात प्रस्तुत किया। टीम ने राशि जब्त कर ली। चेकपोस्ट पर वाहन जांच अभियान मजिस्ट्रेट सीआरपी पंकज कुमार व चिरकुंडा थाना के एएसआई सुशील कुमार के नेतृत्व में चलाया जा रहा था।

# पांच विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक लोहरदगा में 65 प्रतिशत वोटिंग, महिलाओं ने निभाई मुख्य भागेदारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा में लोक सभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।मतदान को लेकर सोमवार को सुबह 7 बजे मतदाताओं की भीड़ मतदान केंद्रों पर उमड़ पड़ी। चुनाव आयोग के तरफ से मतदाताओं के सभी सुविधाओ का प्रबंध किया गया था। इस दौरान नए वोटरों का उत्साह देखने लायक थी। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए जिले प्रशासन की निगरानी पूरी चुनावी रणनीति बनाई गई वही प्रशासन ने सदूरवर्ती नक्सली क्षेत्र में विशेष कर सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी जिसे कोई अप्रिय घटना न हो। वही चुनाव आयोग ने मतदान केंद्रों पर विकलांग महिला पुरुष के लिए व्हील्सचेयर, बुजुर्ग, तथा छोटे बच्चे की माताओं को विशेष दर्जा देते हुए पानी, टेंट,



इत्यादि के प्रबंध किए गए थे। चुनाव आयोग ने सारी तैयारी करते हुए सभी मतदान केंद्र में पुलिस बल के साथ मतदान कर्मियों की मतदान प्रक्रिया बेहतर रही। इस बार दिव्यांग एवं पचासी वर्ष से अधिक के मतदाताओं का पोस्टल बैलेट से मतदान कराया गया था। वही पुनःमतदान केंद्रों पर दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था की गयी है ताकि कोई भी मतदाता को परेशानी ना हो संवेदन तथा अति संवेदनशील बूथों में पुलिस बल की तैनाती की गई है ताकि मतदान निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके। सभी बूथों में पुलिस बल की तैनाती की गई है सुरक्षा की दृष्टि से पहाड़ी इलाकों के मतदान केंद्रों पर विशेष ध्यान दिया गया जिसको को लेकर भी व्यापक उत्साह देखा गया। मतदान केंद्रों पर सुबह से ही मतदाताओं की कतार लगनी शुरू हो गयी थी। आज अन्य दिनों की मुकाबले मौसम का मिजाज थोड़ा नरम भी था। इसलिए मतदाताओं को इससे थोड़ी राहत मिली कतार में खड़े मतदाता गर्मी से परेशान जरूर नजर आये पर इन परेशानियों को मात दे कर लोकतंत्र को मजबूत करने का जो जज्बा था वह इस परेशानी पर भारी पड़ा और लोगों ने जम कर मतदान किया। झारखंड में चौथे चरण में जिन चार लोकसभा क्षेत्रों में वोट डाले जा रहे है, उसमें एक लोहरदगा संसदीय क्षेत्र भी है।अकाल से ग्रस्त इलाका रहा है।पानी और पलायन का मुद्दा इस इलाके के लिए सुलगते सवाल जैसे है आज मतदान के दिन भी इसकी चर्चा रही जानकार यह मानते हैं कि मानसून की विफलता ही लोहरदगा में सुखाड़ और अकाल की मूल वजह है।आज विभिन्न मतदान केंद्रों पर जो हर आयुवर्ग के लोगों के बीच जो उत्साह देखने को मिला वह यह बताने के पर्याप्त था कि लोहरदगा के लोग लोकतंत्र को मजबूत बनाने में पूरी सक्रियता के साथ इसमें भागीदारी निभाने में यकीन रखते है।दोपहर तीन बजे तक लोहरदगा में 57 प्रतिशत लोगों ने मतदान किया था चूंकि इस बार सुबह सात से शाम पांच बजे तक मतदान होना है इसलिए कुछ लोग धूप कम होने का भी इंतजार कर रहे थे।लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में तीन बजे तक मांडर में 56 प्रतिशत, गुमला 57 प्रतिशत, बिसुनपुर 56 प्रतिशत, सिसई 58 प्रतिशत वोटिंग हुई थी।इस दौरान महिलाओं मतदाताओं की संख्या अधिक थी। नक्सल इलाकों के गांव के बूथ में लोगों ने खुलकर वोट दिया इस दौरान लोगों ने कहा है कि गांव में पानी, बिजली, सड़क, शौचालय की समस्या दूर करने के लिए वोट दिया है।लोगों ने सांसद और विधायक के प्रति नाराजगी भी दिखाई लोगों कहा है कि पांच साल में दोनों सांसद और विधायक प्रतिनिधि कभी हमारा हाल-चाल तक पूछने नहीं आया फिर भी हम लोकतंत्र को अपना समझते हुए मतदान कर रहे हैं। वही अंतिम समय में 5 बजे तक लोहरदगा में सबसे अधिक 65 प्रतिशत, गुमला, मांडर और सिसई में 62- 62 प्रतिशत वोटिंग हुई वही बिसुनपुर में सबसे कम 60 प्रतिशत वोटिंग का आंकड़ा सामने आया है।

## एमबी डीएवी विद्यालय के 12वीं के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा के कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम सत प्रतिशत रहा। विज्ञान संकाय में विद्यालय से कुल 52 विद्यार्थी शामिल हुए थे। जिनमें से नौ विद्यार्थियों ने 90प्रतिशत से ऊपर अंक अर्जित किया। इनमें साक्षी भारती ने (95.60 प्रतिशत), विक्रमादित्य झा (95.40प्रतिशत), सिमरन कुमारी (94.20प्रतिशत), पूजा कुमारी (93.60प्रतिशत), रितिका सिंह व अंकित राज ने (92.60त्न), अनस आलम ने (90.40प्रतिशत),उम्मे जुवेरिया(90.20प्रतिशत), हर्षित राज (89.60प्रतिशत) तथा कॉमर्स संकाय में 19 विद्यार्थी शामिल हुए जिसमें सभी ने परीक्षा उत्तीर्ण की। इनमें समर्थ कुमार (97प्रतिशत), राजकुमारी (94प्रतिशत), प्रिंसी कुमारी ने (90प्रतिशत) अंक अर्जित किया। विद्यार्थियों की इस सफलता पर माननीय प्राचार्य महोदय श्री जी पी झा के साथ समस्त डीएवी विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों को बधाई व आगामी संघर्ष के लिए शुभकामनाएं दीं।

## लोकसभा चुनाव में मतदाता व मतदान कर्मियों और पुलिस जवानों का अहम योगदान : वेदांत शंकर



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा चुनाव का महापर्व के रूप में सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत ग्राम के बूथों में मतदाओं ने अपना मताधिकार का प्रयोग किया। विदित हो कि लोहरदगा जिला के सेन्हा प्रखंड विशुनपुर विधानसभा अन्तर्गत लोकसभा चुनाव को सफल बनाने में मतदाताओं का अहम भूमिका रहा। जिसे मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए शान्ति व्यवस्था बना कर पुलिस प्रशासन को सहयोग प्रदान करते अपने अपने प्रत्यासियों के लिए मत का प्रयोग किया। जिसे मतदान के दिन शांतिपूर्ण मतदान दौरान सेन्हा प्रखंड क्षेत्र में शान्ति पूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न होने पर प्रशिक्षु एसपी वेदांत शंकर ने सभी मतदान कर्मियों तथा गस्ती में तैनात पुलिस कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव हम सभी कर्मियों के लिए चुनैती था। जिसको सफल बनाने में पुलिस प्रशासन के साथ मतदान कर्मियों तथा मतदाताओं का अहम योगदान रहा। वही बताते हुए उन्होंने कहा सेन्हा प्रखंड व थाना क्षेत्र के अलावे अन्य मतदान केंद्र में चुनाव आयोग के निर्देशानुसार शान्ति व्यवस्था तथा नियमो का पालन कर चुनाव कराया गया जिसे चुनाव कार्य सभी के सहयोग से शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ।

### लोकतंत्र के महापर्व में दिखा मतदाताओं में अलग तरह का जोश

# हॉकी सिमडेगा ने किया मतदाताओं का पारंपरिक तरीके से स्वागत व कि पुष्प वर्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** खूंटी लोकसभा के लिए सिमडेगा जिला के विभिन्न मतदान केन्द्र में मतदाता काफी उत्साह के साथ मतदान करते हुए लोक तंत्र के महापर्व का ले रहे है मजा। प्रशासन की ओर से जिला के कई मतदान केंद्र को यूनिक रूप देकर मतदान केंद्र में आ रहे मतदाताओं का पारंपरिक रीति रिवाज से किया जा रहा है स्वागत। इसी के तहत देश को कई राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी देने वाले आर सी उत्क्रमित मध्य विद्यालय करंगागुड़ी को AC=70 भाग संख्या 216 को हॉकी बूथ का नाम दिया गया। इस बूथ में देश के लिए प्रेरणाश्रोत अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ियों के फोटोग्राफ से सजा



द्वार और रस्ते में फोटो ग्राफ लगाया है साथ ही इस मतदान केंद्र में मतदान करने आ रहे मतदाताओं का प्रशिक्षु हॉकी खिलाड़ी हॉकी कोच सुभिला मिंज की अगुवाई में पारंपरिक रीति रिवाज एवम पुष्प वर्षा कर स्वागत कर रहे, एवम मातदाओ के लिए शेल्फी प्वाइंट लगाया गया है जिसमे लिखा हुआ है मैं हॉकी मतदान केंद्र में अपना मतदान किया जिसमें मतदाता अपना मत देने के बाद शेलफी ले रहे हैं। इसके अलावा जिला मुख्यालय स्थित मतदान केंद्र संख्या, 162,163 में हॉकी खिलाड़ी के द्वारा मतदाताओं का स्वागत पारंपरिक रीति रिवाज एवम पुष्प गुच्छ देकर किया जा रहा है। इसी मतदान केंद्र के परिसर में एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम है जिसमे से अभ्यास करते हुए भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे, सहित संगीता कुमारी, ब्यूटी डुंगडुंग, दीपिका सोरेंग इत्यादि त्यार हुए है। इसी मतदान केंद्र में जिला के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य पदाधिकारियों ने अपना मतदान किया है। हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी ने भी अपने गांव के मतदान केंद्र A C=71 के भाग संख्या 226 में अपना मतदान दिया और लोगों से मतदान के लिए अपील किया।

# बाहर पढ़ रहे मतदाता ने भी आकर किया मतदान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** जलडेगा प्रखण्ड के मुखिया बालमुनी लुगुन कि पुत्री नेहा लुगुन नें राँची से आ कर किया मतदान। जलडेगा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य जयंती देवी नें नेहा से मुलाक़ात कर पूछा कि आप पहली बार मतदान दे रहे हैं, तो नेहा बोली हाँ, पहली बार मतदान कर बहुत खुशी लगा। उसने कहा कि जितने भी वोटर हैं सभी कोई अपना मतदान दे कर वोट प्रतिशत को बढ़ाऐ। मौके पर पंचायत समिति सदस्य जयंती देवी नें कहा की नेहा लुगुन की तरह समस्त जिले वासियों को अपने घरों से निकलकर ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करने की अपील की है ताकि हमारे सिमडेगा जिला का मतदान शत प्रतिशत हो और हमारा सिमडेगा जिला पूरे झारखंड में मतदान करने में नंबर वन हो।

## नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में मतदाओं ने निर्भीक हो किया मतदान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** लोहरदगा लोकसभा चुनाव के दौरान नक्सली प्रभावित क्षेत्र के महिलाओं में काफी उत्साह कोषों दूरी पैदल तय कर पहुंचे मतदान केंद्र लोहरदग जिला के पेशरार प्रखंड और सेन्हा प्रखंड क्षेत्र में मतदाता काफी उत्साहित वृद्ध, दिव्यांग, नवजवान युवक, युवती सहित आम मतदाता के बीच लोकतंत्र के पर्व को लेकर काफी उत्साहित देखा गया। सुबह में मतदान शुरू होने से एक घंटा पहले 6 बजे से मतदाता कतार में खड़े थे। मतदान माऊक पोल आदि प्रक्रिया से पीठासीन पदाधिकारी गुजरने के बाद 7 बजे से सभी मतदान केन्द्र में मतदान शुरू हो गया। पहाड़ी नक्सल क्षेत्र का बात करें तो हेसाग पंचायत और तेईमू पंचायत के विभिन्न मतदान केंद्र में भी सुरक्षा व्यवस्था के साथ लोक तंत्र के पर्व में शामिल होकर



महिला पुरुष अपना मतदान का प्रयोग किया। मतदान केन्द्र उत्क्रमित उच्च विद्यालय मूंगो और मध्य विद्यालय ऊपर तुरियाडीह दुदरू में तेज धूप में कतार में घंटो कतार में लग कर मतदाता मतदान किया। जबकि लहलहाते धूप में भी महिलाओं ने 7 से 8 किलोमीटर की दूरी तय कर मुंगो मतदान केंद्र पहुंचे। बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाता के लिए विशेष सुविधाएं मुहैया कराया गया था। यूवक युवती के अधिकाश पलायन के बाद भी नक्सल क्षेत्र के लोग निर्भीक होकर अपने अधिकार का महसूस किया। अपने अपने पसंद के उम्मीदवार को लोगों ने राष्ट निर्माण के लिए वोट किए। जबकि लोकसभा चुनाव पहला वोट देने में वोटर काफी उत्साहित थे। शहरी क्षेत्र में रहने वाले लोग भी गांव पहुंच कर मतदान किया। सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस जवान दंडाधिकारी के मौजूदगी में सभी मतदान केंद्रों में तैनात थे। और सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम का लाभ दिलाने में सार्थक पहल जारी प्रशासन की ओर से किया जा रहा था।

# कैरो मतदान केंद्र पर मतदाताओं में दिखा उत्साह 82 प्रतिशत मतदान, प्रथम बुजुर्ग वोटर सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित कैरो प्रखंड के 167 बूथ मे 1183 कुल मतदाताओं मे 971 वोट पड़े 82.07 प्रतिशत मतदान हूई। वही प्रखंड के सभी 37 मतदान केंद्रो पर मतदाताओं के बीच मतदान को लेकर दिखाई दिया उत्साह। 13 मई सोमवार को विभिन्न मतदान केन्द्रों पर सुबह 07 बजे से ही मतदान केंद्रो पर मतदाताओं की लम्बी कतारें लगी हुई थी। इस निमित प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी छन्दा भट्टाचार्य ने प्रखंड के सभी मतदान





केंद्रों का दौरा कर मतदान कर्मियों से ईवीएम की तकनीकी के विषय मे जानकारी हासिल कर रही थी। वही निर्वाचन आयोग के तरफ से वृद्ध मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक लाने के लिये वाहन की व्यवस्था की गई थी वही विकलांग मतदाताओं के लिये व्हील चेयर की भी व्यवस्था की गई थी। प्रखंड के नगजूवा मतदान केंद्र पर 4:00 बजे शाम तक मतदाताओं की लम्बी कतार लगी हुई थी। प्रखंड के एक दो मतदान छोड़कर सभी मतदान केंद्रो पर शाम 05 बजे विभिन्न राजनीतिक दलों के मतदान अभिकर्ता की उपस्थिति मे अन्तिम एवं कुल पोल बताते हुए पीठासीन पदाधिकारियों के द्वारा ईवीएम को सील कर दिया गया। वही ईवीएम के सील होते ही विभिन्न राजनीतिक दल के कार्यकर्ताओं के द्वारा बूथवार अपने-अपने प्रत्याशियों को पड़े मतो की समीक्षा मे व्यस्त दिखाई दिये विभिन्न पार्टी के कार्यकर्ता।

# भंडरा प्रखंड में शांतिपूर्ण माहौल में मतदान संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** लोकसभा निर्वाचन 2024 के चौथा चरण में सोमवार को लोहरदगा लोकसभा सीट में भंडरा प्रखंड के बिशुनपुर विधनसभा क्षेत्र के 24 मतदान और लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के 30 मतदान केंद में शांतिपूर्ण माहौल में मतदान संपन्न हुआ। भंडरा प्रखंड में मतदान प्रक्रिया सुबह के सात बजे शुरू हो गई थी,जबकि भंडरा प्रखंड के तीन मतदान केंद्र में इवीएम में आई तकनीकी खराबी के कारण मतदान प्रक्रिया शुरु करने में विलंब हुई है। जिसमें भंडरा प्रखंड के मतदान भैसमुंदो मतदान केंद्र संख्या 82 में एक घंटा 20 मिनट व बेदाल मतदान केंद्र संख्या 87 में आधा घंटा विलंब हुआ है। सोरंदा मतदान केंद्र संख्या 95 में भी वीवीपैट में तकनीकी खराबी के कारण आधा घंटा विलंब हुआ है। जिसमें तकनीकी कर्मियों द्वारा वीवीपैट बदलकर मतदान प्रक्रिया शुरु कर दिया गया। भंडरा प्रखंड में नौ बजे तक 11.8 प्रतिशत मतदान हुआ। सुबह 11 बजे तक यानी शुरुआती चार घंटों में 27.1 प्रतिशत मतदान हो चुका था। एक बजे तक 43.46 फीसदी मतदाताओं ने अपने







मताधिकार का इस्तेमाल किया। दोपहर 03 बजे तक प्रतिशत मतदान हो चुका था। लोहरदगा लोक सभा में भंडरा प्रखंड की दो विधानसभाओं के कुल 54 बूथों में दो यूनिक मतदान केंद्र भी बनाए गए थे। इन मतदान केंद्रों में विशेष साज सजावट के साथ-साथ मतदाताओं की सुविधा का ध्यान रखा गया है। इस बार लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में कुल 15 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है, जिसमें मुख्य मुकाबला भाजपा के समीर उरांव, निर्दलीय प्रत्याशी चमरा लिंडा और इंडी गठबंधन के सुखदेव भगत के बीच त्रिकोणीय मुकबला है।

**वृद्ध और दिव्यांगों के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था**

भंडरा-लोहरदगा भंडरा प्रखंड में वृद्ध, दिव्यांगों मतदाताओं के लिए सभी मतदान केंद्र में व्हील चेयर व ऑटो की व्यवस्था की गई थी। निर्वाचन अधिकारी बीडीओ प्रतिमा कुमारी द्वारा भंडरा प्रखंड के 54 मतदान केंद्रों मे दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाता के सुविधा के लिए व्हील चेयर व ऑटो की व्यवस्था की गई है।

**युवा नए व वृद्ध मतदाताओं में दिखा उत्साह देखा गया**

भंडरा (लोहरदगा) ¬लोक सभा चुनाव में नए युवा मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया। बेदाल, मस्मानों, भंडरा कुम्हारिया के सैकड़ों युवा नए मतदाताओं ने पहली बार मतदान किया। लोकतंत्र में दिव्यांग व वृद्ध ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। भैसमुंदो बूथ में 82 वर्षीय विमला देवी मतदान करने पहुंची। जबकि दिव्यांग शंकर महतो ने व्हील चेयर में मतदान करने बूथ पहुंचे थे। टोटो में 80 वर्षीय लेचवा देवी भी मतदान करने मतदान केंद्र पहुंची। इस तरह कई बूथों में दिव्यांग एवं वृद्ध ने मतदान कर लोकतंत्र के इस महापर्व में भाग लिया।

**मतदान केंद्रों पर धूप से बचाव और पानी के इंतजाम**

भंडरा-लोहरदगा गर्मी को देखते हुए प्रशासन ने सभी मतदान केंद्रों पर धूप से बचाव के लिए टेंट सहित अन्य व्यवस्था की गई थी। इसके अलावा कुछ केंद्रों पर शीतल पेयजल के इंतजाम किए गए थे। यदि किसी मतदाता की तबियत बिगड़ती है, तो उनके प्राथमिक उपचार के लिए भी केंद्र पर उचित दवाएं उपलब्ध थी। साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीम लोगों को ओआरएस का घोल दें रहे थे।

**कई बूथों में ईवीएम खराब होने से मतदाता परेशान**

भंडरा-लोहरदगा भंडरा प्रखंड के कई बूथों में ईवीएम मशीन खराब होने से मतदाताओं को परेशानी उठानी पड़ी। विशुनपुर विधान सभा क्षेत्र के भैसमुंदो यूनिक बूथ नंबर 82 में मॉक पोल होने के बाद ईवीएम मशीन खराब हो गया। ईवीएम मशीन ठीक कराने के बाद एक घंटे बीस मिनट बाद पुनः मतदान शुरू हो सका। बेदाल बूथ नंबर 87 एवम 88 में ईवीएम खराब खराब होने से क्रमश 30 मिनट और दस मिनट मतदान बाधित हुआ।

**सुरक्षा के व्यापक इंतजाम**

भंडरा-लोहरदगा भंडरा प्रखंड में लोक सभा चुनाव में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किया गया था। प्रखंड के 54 बूथों में तीन कंपनी के करीब 325 सुरक्षा कर्मी तैनात किए गए थे। जिसमे एक कंपनी उड़ीसा पुलिस, एक कंपनी जैप जबकि एक कंपनी जिला पुलिस व होमगार्ड जवान की शामिल थी। इसके अलावे सीआरपीएफ के बाइक दस्ता भी प्रखंड के सभी बूथों में दौरा कर सुरक्षा का जायजा ले रही थी। वही प्रखंड के 54 बूथों में 216 मतदाता कर्मी को स्ड्डद्बद्ध गया था। जबकि भंडरा प्रखंड मुख्यालय में रिजर्व में 23 मतदाता कर्मी थे। कंट्रोल रूम में 30 कर्मियो तैनात किए गए थे।

**अपने दो माह की बेटी को लेकर मतदान करने पहुंची कलावती**

भंडरा-लोहरदगा लोकतंत्र के महापर्व की खुशी का अनुमान लगाना मुश्किल है। भंडरा के मतदाताओं में भरी चिलचिलाती धूप के बावजूद मतदाताओं की कतार में कभी कमी नहीं आई। भंडरा मतदान केंद्र संख्या 300 व 301 में अहले सुबह से लेकर देर शाम पांच बजे तक मतदाताओं की लंबी भीड़ देखने को मिली। धूप के बावजूद महिलाएं अपने सर में तौलिया लिए घंटो कतार में बनी रही है। भंडरा के भैंसमुंदो मतदान केंद्र अपने दो माह की बच्ची को लिए मतदान केंद्र पहुंची कलावती कुमारी कहती है कि लोकतंत्र के महापर्व में मतदान करने के बाद बेहद खुश है। मतदान करने को लेकर सुबह के पांच बजे ही उठी थी। अपने दो माह की बेटी को लेकर राष्ट्र व देश के विकास के नाम पर अपना मताधिकार का प्रयोग किया। मसमानो में रांची से पहुंची युवा मतदाता दीपा रानी तिर्की ने कहा कि रांची से मसमानो मतदान करने आएं है। लोकतंत्र के महापर्व में हर एक मतदान बहुमूल्य है। बेदाल मतदान केंद्र में मतदान कर बाहर निकली युवा मतदाता खुशबू कुमारी, देवमईत कुमारी, स्वाति कुमारी, कंचन लता कुमारी कहती हैं कि पहली बार मतदान करने को लेकर काफी उत्साहित थे, पहली बार सरकार चुनने का मौका मिला है। पहला मतदान राष्ट्र व देश के विकास को देखकर किया है। भौंरो मतदान केंद्र संख्या 90 में पहली बार वोट देने पहुंची काजल कुमारी ने कहा कि मतदान हर व्यक्ति का अधिकार है। मतदान के बाद काफी खुशी का अहसास हो रहा है।

# नगर निगम क्षेत्र में रंग लाया पलामू चेंबर का प्रयास, हुआ बंपर वोटिंग

## वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए जारी रहेगा प्रयास : आनंद शंकर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए, जो पहल किया गया था, उसका सार्थक परिणाम देखा गया। निगम क्षेत्र में पलामू चैंबर के पहल से बंपर वोटिंग हुआ। इसका सारा श्रेय चैंबर के पलामू जिला अध्यक्ष आनंद शंकर एवं इनकी टीम को जाता है। आचार संहिता लागू होने के तुरंत बाद पलामू चैंबर एवं इनकी टीम ने निगम क्षेत्र में वोट प्रतिशत बढ़ाने हेतु कई अभिनव प्रयोग किया था। सबसे पहले चैंबर अध्यक्ष आनंद शंकर के दिशा निर्देश एवं इनके नेतृत्व में चाय पे चर्चा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में पलामू चैंबर के पदाधिकारी और सदस्यों ने वार्ड के सभी लोगों के साथ चाय पर चर्चा करते हुए मतदान के लिए प्रेरित और जागरूक किया। वार्ड के लोगों को समझाया गया कि आपका एक वोट देश की दिशा और दशा तय करेगा। देश के स्वर्णिम भविष्य के लिए मतदान जरूर करें। इसका बेहतरीन असर रहा। लोगों ने बढ़चढ़ कर मतदान में भाग लिया। इधर चैंबर ने वोट के दिन 13 तारीख को दिव्यांग,असहाय व 60 वर्ष से ऊपर वृद्ध के लिए, जिनके पास बूथ पर जाने का कोई साधन नहीं था, उन्हें



चेंबर ने निःशुल्क ई-रिक्शा उपलब्ध कराया। ई-रिक्शा मित्र के माध्यम से 3264 बुजुर्ग,असहाय दिव्यांग एवं प्रेग्नेंट महिलाओं ने मतदान किया।

**पलामू चेंबर द्वारा संचालित ई-रिक्शा मित्र के माध्यम से 3264 बुजुर्ग, असहाय दिव्यांग व प्रेग्नेंट महिलाओं ने किया मतदान**

इसका भी फायदा देखने को मिला। साथ ही पलामू चैंबर के प्रयास से आनंद मोटर्स, टाटा मोटर्स,शगुन जेम्स एंड ज्वेलरी, शुभ लक्ष्मी ज्वैलरी, बिहारी लाल एंड संस,प्रिंट एक्सप्रेस सेवा, साई फर्नीचर, प्लैटिनम आफ फैमिली मार्ट, दिल्ली दरबार, तृप्ति रेस्टोरेंट, शिवाय ब्लू, जोहर ब्रेड, सेकंड होम मार्ट ग्रॉसरी शॉप, द्वारा वोट देकर सेल्फी लेने वाले लोगों के लिए उंगली पर चुनाव आयोग का इंक दिखाने पर उपरोक्त प्रतिष्ठानों में दो दिनों तक आकर्षक डिस्काउंट देने की घोषणा की गई थी। इन सब का खासे प्रभाव देखा गया। इसका असर यह रहा कि मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में बंपर वोटिंग हुआ। पलामू चेंबर के अध्यक्ष आनंद शंकर ने बताया कि वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए उनकी टीम का प्रयास आगे भी जारी रहेगा। इसका सारा श्रेय चैंबर अध्यक्ष आनंद शंकर सहित इंद्रजीत सिंह डिंपल, राजदेव उपाध्याय,कृष्ण अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, संजय भगत, सुबोध गुप्ता,राजीव कुमार सिंह,अमित आनंद,सुधांशु शेखर पाठक,अनवर हुसैन, मनीष भिवानिया,राकेश सोनी, उदय शंकर दुबे, चंदू गुप्ता, काशी प्रसाद, त्रिदेव उपाध्याय, सोनू गुप्ता नंदकिशोर भाटिया व भूपेंद्र सिंह को जाता है।



# सीएम चम्पाई सोरेन ने किया मतदान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने सोमवार को सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत पैतृक गांव झिलिंगगोडा के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मतदान संख्या 220 में मताधिकार का प्रयोग किया। उनके साथ पत्नी मनको सोरेन, बेटे सिमल सोरेन और बबलू सोरेन समेत दोनों बहू भी मौजूद थीं।मतदान केंद्र पहुंचने पर मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों का अभिवादन किया। मताधिकार का प्रयोग करने के बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत में राज्यवासियों से लोकतंत्र के महापर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

# केंद्र में भाजपा सरकार के लिए चढ़ाई गई चादर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**देहरादून:** उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स और मुस्लिम समाज के लोगों ने हरिद्वार जनपद के कलियर शरीफ में स्थित विश्वप्रसिद्ध साबिर साहब की दरगाह पर चादर पेश कर दुआ मांगी। सभी ने नरेंद्र मोदी को तीसरे बार प्रधानमंत्री बनाने की दुआ मांगी।वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स ने सोमवार को बताया कि विश्व प्रसिद्ध साबिर साहब की दरगाह पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जीत को लेकर चादर पेश की गई और उनकी जीत को लेकर दुआ मांगी गई। हमने दुआ की है। साबिर पाक के इस आसताने में आये हैं और हमने साफ मन से यहां दुआ की है कि इस वक्त दुनिया में हर तरफ अफरा तफरी का माहौल है। जंग के कगार पर मुल्क खड़े हैं। ऐसी हालत में मुल्क की भाग दौड़ मजबूत हाथों में होनी चाहिए। अगर कोई कमजोर व्यक्ति आ गया तो देश की सुरक्षा को खतरा हो सकता है। इसलिए हम सभी ने दरगाह पर दुआ की कि इस बार मोदी एक ऐतिहासिक जीत के साथ एक बार फिर प्रधानमंत्री की जिम्मेदारी संभालें। वह एक ऐतिहासिक जीत के साथ एक बार फिर प्रधानमंत्री बनें और वह यहां आएं। हम सभी ने यहां दुआ कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तराखंड के अंदर पांचों लोकसभा सीटें भारी बहुमत से जीत कर आए और जब-जब हमने यहां आकर दुआ मांगी है तो वह तमाम दुआएं हमारी मकबूल और पूरी हुई हैं। साबिर पाक ने हमारे तमाम दुआओं को सुना। हमें उम्मीद है कि यह वाली दुआ भी साबिर पाक जरूर सुनेंगे। एक बड़ी जीत के साथ मोदी जी एक बार फिर प्रधानमंत्री बनेंगे और मुल्क की जिम्मेदारी को संभालेंगे ऐसा हमारा मानना है। जो विपक्ष के नेता बोल रहे हैं कि देश का संविधान और मुसलमान खतरे में हैं, असलियत में उनकी दुकान खतरे में है। इसलिए वह देश की जनता और यहां रहने वाले मुसलमान को बरगलाने का काम कर रहे हैं।

# एसपी ने कई मतदान केंद्रों का लिया जायजा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण की वोटिंग के लिए नक्सल प्रभावित इलाकों में वोटरों की लंबी कतार देखने को मिली. पलामू पुलिस के टॉप अधिकारी लगातार इलाके में मॉनिटरिंग कर रहे थे और वोटरों के हौसले को बड़ा रहे थे. पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने पलामू के हुसैनाबाद हैदरनगर पड़वा सहित नक्सल प्रभावित इलाकों में मतदान केंद्रों का जायजा लिया एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि लोगों में उत्साह देखा जा रहा है।वोटिंग को लेकर पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं. पलामू एसपी ने आम लोगों से अपील किया है की जिन लोगों ने अभी तक मतदान नहीं किया है वे घर से बाहर निकलें और वोटिंग करें. वहीं पलामू के बिश्रामपुर के इलाके में एएसपी राकेश कुमार और आईपीएस गौरव गोस्वामी ने वोटिंग के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली. छतरपुर के इलाके में एसडीपीओ नौशाद आलम, चैनपुर के इलाके एससीडीपी मणिभूषण प्रसाद और हुसैनाबाद के इलाके में सीडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने सुरक्षा की कमान संभाली।

# हिंदू धर्म की आड़ में लोगों की भावनाएं भड़का रही है भाजपा : कांग्रेस

एजेंसी

**देहरादून :** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के कांग्रेस पार्टी को सनातन धर्म के विरुद्ध बताने वाले बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं। भाजपा हिंदू धर्म की आड़ में लोगों की भावनाएं भड़का रही है।प्रदेश अध्यक्ष माहरा ने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूल रहे हैं कि भारत में आर्य समाज की स्थापना कांग्रेस के समय हुई थी। विश्व प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार कांग्रेस शासन में हुआ था। भाजपा जिस राम मंदिर निर्माण का श्रेय स्वयं ले रही है, उसका ताला भी स्व. राजीव गांधी के कार्यकाल में खुलवाया गया था। यही नहीं, केदारनाथ में आई भीषण



आपदा के बाद जब भाजपा के नेता देश-विदेश में दुष्प्रचार कर रहे थे कि उत्तराखंड की चारधाम यात्रा सुगम नहीं है, तब कांग्रेस सरकार ने एक वर्ष के कार्यकाल में ही श्रीकेदारनाथ की सुगम यात्रा शुरू करने में कामयाबी हासिल की थी।उन्होंने कहा कि भाजपा केवल राजनैतिक स्वार्थ के लिए हिंदू धर्म की आड़ में लोगों की भावनाएं भड़का कर चुनावी लाभ लेना चाहती है। लोकसभा चुनाव में भी भाजपा नेता लोगों की भावनाओं से खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जहां तक रही चारधाम यात्रा की व्यवस्थाओं की बात तो चारधाम यात्रा की व्यवस्थाएं पहले दिन से ही चरमराई हुई है। तीर्थयात्रियों को सरकारी अव्यवस्थाओं से दो-चार होना पड़ रहा है।

# मतदान केन्द्रों पर दिखा उत्साह, शहर में पसरा रहा सन्नाटा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा चुनाव को लेकर जहां एक ओर प्रत्येक बूथों पर मतदाताओं की लाइनें लगी रही और मतदाता उत्साहित दखे। वहीं जिला मुख्यालय मेदिनीनगर शहर के मुख्य बाजार बंद रहे। इक्का-दुक्का दुकाने को छोडकर शेष दुकाने बंद रही।ऐसे में बाजार में सन्नाटा छाया रहा।सुबह से ही बाजारों में दुकानें नहीं खुली। सार्वजनिक अवकाश होने के चलते व्यापारियों ने भी स्वैच्छा से अपने प्रतिष्ठान व दुकानो को बंद रखा। हालांकि मेडिकल व दुध डेयरी खुली रही लेकिन किराणा दुकाने बंद रही। ऐसे में दुकानों पर जरूरी सामान लेने पहुंचे ग्राहकों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी।व्यापार महासंघ के आह्वान पर व्यापारियों ने मतदान करने के लिए अपने दुकान व प्रतिष्ठान को दिन भर बंद रखा।शहर के मुख्य बाजार में दुकाने बंद नजर आई। बाजारों में मतदान का असर देखने को मिला। सुबह से मतदान के कारण बाजार नहीं खुले चाहे कपड़ा की दुकान हो या फिर किराना की दुकान हर दुकान बंद रही। हालांकि इस दौरान मेडिकल स्टोर खुले रहे।वहीं लोकतंत्र के महापर्व मतदान को लेकर क्षेत्र में देर शाम तक बाजार बंद रहा। स्थिति ये रही कि सुबह सोमवार की सुबह 11 बजे तक मुख्य मार्ग पर भी सन्नाटा पसरा रहा। हालांकि इस दौरान सडक़ों पर वाहन जरूर दौड़ते दिखाई दिए। दूर-दूर तक सडक़ मार्ग सूने रहे।वाहनों के आवागमन नहीं होने तथा अधिकांश दुकानें बंद होने से सड़कों पर वीरानगी छाई रही। इक्के-दुक्के लोग पैदल, बाइक व अपने निजी कार से आते-जाते दिखाई दे रहे थे। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में कहीं आम जनजीवन सामान्य रहा तो कहीं बाजार बंद होने से सन्नाटा पसरा रहा। वहीं सड़कों पर प्रशासन की गाड़ियां दौर लगा रही थी। पुलिस की गाड़ी व सायरन की आवाज से शरारती तत्व दुबके रहे।





# रांची लोकसभा सीट पर एनडीए और आईएनडीआईए के बीच दिलचस्प मुकाबला

## 17 में सात बार भाजपा को मिल चुकी है जीत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड की रांची संसदीय सीट पर एनडीए बनाम आईएनडीआईए की लड़ाई दिलचस्प होगी। इस लोकसभा सीट पर हुए 17 चुनावों में भाजपा को सात बार जीत हासिल हुई है। इस बार भी रांची भाजपा की सिटिंग सीट है लेकिन अब भाजपा को आईएनडीआई गठबंधन के उम्मीदवार टक्कर दे रहे हैं। आईएनडीआई गठबंधन के कई नामचीन चेहरे भी चुनाव में एक



साथ ताकत झोंक रहे हैं। एक ओर एनडीए गठबंधन के भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ रांची लोकसभा सीट पर विजय पताका फहाराने के लिए दिन-रात एक किए हुए हैं। साथ ही इनके पक्ष में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, रामटहल चौधरी और आजसू प्रमुख सुदेश महतो समेत अन्य दिग्गज स्टार प्रचारक भी रांची में डटे हैं। दूसरी ओर आईएनडीआईए ने कांग्रेस के भैया माने जाने वाले सुबोधकांत सहाय की बेटी यशस्विनी सहाय को उम्मीदवार बनाकर मैदान में उतारा है। इनके पक्ष में कांग्रेस के स्टार प्रचारक बंधु तिर्की, राजेश ठाकुर, बसंत सोरेन और कल्पना सोरेन सहित अन्य विपक्षी नेता ताकत लगा रहे हैं। इनके अलावा यहां से 27 उम्मीदवार भी किस्मत आजमा रहे हैं। पिछले चुनाव 2019 के आंकड़ों को देखने पर पता चला है कि यहां भाजपा को 57. 62 प्रतिशत वोट मिले थे जबकि कांग्रेस को 34.43 प्रतिशत वोट मिले थे। कांग्रेस उम्मीदवार को इस बार झामुमो, राजद, आप, भाकपा माले का भी साथ मिल रहा है।

# मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के खिलाफ सोमवार को मांडर बीडीओ मनोरंजन कुमार के आवेदन पर नरकोपी थाने में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की प्राथमिकी दर्ज की गयी। मिली जानकारी के अनुसार शिल्पी नेहा तिर्की ने 12 मई को लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र (जिला-रांची) के मांडर के सरवा पंचायत स्थित भोबरो गांव में एक जनसभा की थी। उन्होंने इस सभा को संबोधित भी किया गया। इसे लेकर विधायक के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। शिल्पी नेहा तिर्की पर आईपीसी की धारा 188 और 126 के तहत एफआईआर दर्ज किया गया है। डीएसपी अखिल नितीश कुजूर ने बताया कि मामले को लेकर बीडीओ के आवेदन पर एफआईआर दर्ज किया गया है। मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि झारखंड में होने वाले चौथे लोकसभा चुनाव का प्रचार 11 मई शाम पांच बजे ही थम गया था। इसके बाद चौथे चरण की चुनाव प्रक्रिया शुरू हो गयी थी। इस दौरान प्रचार-प्रसार करना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। इसका विवरण आदर्श आचार संहिता मैनुअल के अध्याय आठ में दिया गया है। यह लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 126 के तहत अपराध की श्रेणी में आता है। इसमें दो वर्ष तक की सजा, जुर्माना या दोनों का प्रावधान है।

# शरद पवार ने 3 बार भाजपा के साथ आने की कोशिश की : पीयूष गोयल

एजेंसी

**मुंबई :** केंद्रीय मंत्री और राज्यसभा सांसद पीयूष गोयल अपनी 40 साल की राजनीति में पहली बार लोकसभा चुनाव में उतरे हैं. वह मुंबई उत्तर लोकसभा सीट से उम्मीदवार हैं. यहां से कांग्रेस के भूषण पाटिल मैदान में हैं. इस सीट के लिए 20 मई को मतदान होगा. फिलहाल वह क्षेत्र में जोर-शोर से प्रचार कर रहे हैं. लोकसभा चुनाव की पृष्ठभूमि में पीयूष गोयल ने न्यूज 18 लोकमत को इंटरव्यू दिया और कई सवालों के जवाब दिए. इस बार उन्होंने शरद पवार पर निशाना साधा है.गोयल ने कहा कि जनता में पीएम मोदी, और डिप्टी सीएम फडणवीस के प्रति सहानुभूति है. शरद पवार को अहसास हो गया है कि बारामती में सुप्रिया सुले हार रही हैं, इसलिए उन्होंने घुटने टेक दिए. शरद पवार सुप्रिया सुले को बचाने के लिए ही संघर्ष कर रहे हैं. पीयूष गोयल ने





यह भी कहा कि मुस्लिम वोटों के लिए उद्धव ठाकरे की हड़बड़ी देखकर बाला साहेब की आत्मा को परेशानी होगी. पीयूष गोयल ने कहा कि देश के हर राज्य में बीजेपी के सांसद होंगे. हमने स्थायी विकास मॉडल सामने रखा है. कांग्रेस के घोषणापत्र के बाद भाजपा पर लोगों का भरोसा और बढ़ा है. हमने कांग्रेस की भेदभाव की राजनीति को देश के सामने रखा. विपक्ष पांच साल में पांच प्रधानमंत्री चाहता है लेकिन वह एक पर फैसला नहीं कर पा रहा है.गोयल ने कहा कि कांग्रेस की जनता की संपत्ति बांटने और विरासत कर लगाने की योजना है. उसने हमेशा क्षेत्र, भाषा, धर्म और रंग के आधार पर भेदभाव किया. कांग्रेस की कथनी और करनी में बड़ा अंतर है. मुसलमानों को आरक्षण देना असंवैधानिक है, हम एससी, एसटी, ओबीसी का आरक्षण मुसलमानों को नहीं देने देंगे. पीयूष गोयल ने यह भी साफ किया है कि प्रधानमंत्री मोदी मराठा समुदाय के हित में काम करेंगे.ईवीएम को लेकर विपक्ष के आरोपों का भी जवाब दिया और कहा कि कर्नाटक और तेलंगाना राज्यों में ईवीएम के ही जरिए जीत हासिल करने वाली कांग्रेस को सत्ता छोड़ देना चाहिए. विपक्ष ईवीएम का मुद्दा इसलिए उठा रहा है ताकि हार की जिम्मेदारी राहुल गांधी पर न पड़े. जांच एजेंसियों पर भी आरोप लगते रहते हैं. लेकिन, जांच संस्थाएं पूरी तरह स्वतंत्र हैं. कांग्रेस काल में ही चीन ने भारत की जमीन हड़प ली.